3 राजधानी
तीन हथियार तस्कर गिरफ्तार

6 अभिमत
सकारात्मक दृष्टिकोण का महत्व

10 विदेश
पाकिस्तान में आतंकी हमले में 23 सैनिकों की मौत

12 स्पोर्ट्स
नीदरलैंड को हराकर भारत सेमीफाइनल में

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 39
नई दिल्ली, बुधवार, 13 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पीओके ही नहीं सीओके भी हमारा होना चाहिए
राष्ट्रीय-11

# जब कांग्रेस है तो मनी हाइस्ट कथा की जरूरत किसेः प्रधानमंत्री मोदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● भ्रष्टाचार को लेकर पीएम मोदी का कांग्रेस पर तंज, पार्टी सांसद धीरज साहू से जुड़े परिसरों से 350 करोड़ से अधिक की बरामदगी के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसरों से 350 करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी के मुद्दे पर मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और इसके लिए एक लोकप्रिय क्राइम सीरिज का हवाला दिया। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने साहू के घर से मिली करोड़ों की नकदी को लेकर कांग्रेस पर तंज किया था।

प्रधानमंत्री की यह प्रतिक्रिया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से एक्स पर एक पोस्ट किए गए उस वीडियो के जवाब में आई है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ साहू की तस्वीरें और झारखंड के सांसद से जुड़े परिसरों पर आयकर छापे के दौरान बरामद नकदी के ढेर दिखाई दे रहे है। वीडियो में राहुल गांधी को नोटों के ढेर पर लेटे दिखाया गया है। भाजपा ने वीडियो के साथ लिखा कांग्रेस प्रस्तुत करती है मनी हाइस्ट जबकि पृष्ठभूमि में क्राइम सीरिज का लोकप्रिय शीर्षक गीत बज रहा है। मनी हाइस्ट एक स्पेनिश ड्रामा सीरिज है जिसकी कहानी के केंद्र में डकैती है। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, भारत में मनी हाइस्ट कथा की जरूरत किसे है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस की डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और अभी भी जारी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया था कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साहू के परिवार के स्वामित्व वाली ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में 351 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई है और यह देश में किसी भी जांच एजेंसी द्वारा एक कार्रवाई में अब तक की सबसे अधिक बरामदगी है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने साहू के घर से मिली करोड़ों की नकदी को लेकर एक पोस्ट की थी।



उन्होंने एक खबर साझा करते हुए पोस्ट में कहा था, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के भाषणों को सुनें.. जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। हालांकि कांग्रेस ने एक नोटिस जारी कर साहू से स्पष्टीकरण मांगा, पार्टी ने कहा कि यह सांसद का आंतरिक मामला है, पार्टी का नहीं क्योंकि वह चार दशकों से अधिक समय से एक व्यवसायी हैं। इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ नए जोश के साथ कड़ी कार्रवाई जारी रखने का मोदी सरकार का संकल्प ही विपक्षी नेताओं के एकजुट होने और केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अपना हमला तेज करने का एकमात्र कारण है। इंडिया गठबंधन पार्टियों ने अपने साझेदार के सांसद से भारी मात्रा में मुद्रा बरामद होने पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रिजिजू और भाजपा नेता संगीता सिंहदेव, रामेश्वर तेली और निसिथ प्रमाणिक ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसर से 351 करोड़ रुपये की बरामदगी एक बार की नहीं है।

उन्होंने कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और दिल्ली सहित विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ मामले हैं। रिजिजू ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस द्वारा खोली गई बहुत सारी 'भ्रष्टाचार की दुकानें' बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि इंडिया गठबंधन के एक साथ आने का लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह भ्रष्ट लोगों द्वारा भ्रष्ट लोगों की भलाई के लिए भ्रष्ट लोगों का एक संघ है। उन्होंने कहा कि अब तक झारखंड में कांग्रेस के एक सदस्य के पास से 351 करोड़ रुपये से अधिक का खुलासा हुआ है। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार पार्टी कहा जाना चाहिए क्योंकि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जड़ है। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को कई गारंटी दी- 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र ( शेष पेज 9 )

# भारत में सबसे बड़े निवेश वाला जिला बनेगा अयोध्या

● ब्रिटिश समूह ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल ने अयोध्या में अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए 75,000 करोड़ रुपये का किया है वादा

● इसके अलावा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति के तहत चार अन्य प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने गहरी रुचि व्यक्त की है

बिस्वजीत बनर्जी। लखनऊ



प्रतीकात्मक चित्र

**एक** अभूतपूर्व कदम के तहत अयोध्या भारत के किसी एक जिले में अब तक के सबसे बड़े निवेश के साथ बड़े पैमाने पर आर्थिक परिवर्तन का गवाह बनने जा रहा है। ब्रिटिश समूह ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल ने अयोध्या में अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए 75,000 करोड़ रुपये का वादा किया है।

कंपनी और स्थानीय अधिकारियों के बीच पांच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर के माध्यम से इस ऐतिहासिक निर्णय को पुख्ता किया गया। ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति के तहत उत्तर प्रदेश में गहरी रुचि व्यक्त करने वाली पांच प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों में से एक है। प्रतिष्ठित सूची में हांगकांग स्थित टौशन इंटरनेशनल ग्रुप, आरजी ग्रुप, ऑस्टिन कंसल्टिंग ग्रुप, कॉसिस ग्रुप, इंडो यूरोपियन चैंबर ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज, ब्रिटेन का ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल ग्रुप, एबीसी क्लीनटेक और जर्मनी से यूनिकॉर्न एनर्जी शामिल हैं।

ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल की अपने महत्वाकांक्षी उद्यम के लिए अयोध्या की रणनीतिक पसंद का क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य पर गहरा प्रभाव पड़ने वाला है। इस विशाल निवेश से रोजगार में पर्याप्त वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे कम से कम 26,000 नई नौकरियाँ पैदा होंगी। एक ही जिले में 75,000 करोड़ रुपये का निवेश देश में अभूतपूर्व है, जो औद्योगिक क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अयोध्या के उद्भव को उजागर करता है। जर्मनी की यूनिकॉर्न एनर्जी भी उत्तर प्रदेश में पर्याप्त निवेश करने के लिए तैयार है, जो लगभग 42,000 करोड़ रुपये की दो सौर ऊर्जा परियोजनाओं के साथ लखनऊ और जौनपुर में प्रवेश करेगी। इन पहलों से लगभग 2,200 व्यक्तियों को रोजगार मिलने का अनुमान है, जो राज्य की आर्थिक वृद्धि में और योगदान देगा। सौर ऊर्जा प्रवाह में वृद्धि करते हुए, जीएमआर समूह ने सौर ऊर्जा निवेश के लिए 40,000 करोड़ रुपये के एक समझौता ज्ञापन पर मुहर लगा दी है, जिसका विशिष्ट स्थान अभी निर्धारित नहीं किया गया है।

स्थानीय विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का वादा करते हुए, आदित्य बिड़ला समूह एक बड़ी कपड़ा और रेडीमेड इकाई स्थापित करके राज्य की अर्थव्यवस्था में 25,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है। एक अन्य महत्वपूर्ण विकास में, हिंदुजा समूह ने इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन के लिए अशोक लीलैंड के साथ अपने पहले समझौते को आगे बढ़ाते हुए, फिल्म, मीडिया और सौर ऊर्जा क्षेत्रों में उद्यम के लिए 25,000 करोड़ रुपये का वादा किया ( शेष पेज 9 )

# भजनलाल शर्मा संभालेंगे राजस्थान की कमान

● नए मुख्यमंत्री के साथ, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा होंगे उपमुख्यमंत्री, पार्टी विधायक दल की बैठक में वसुंधरा राजे ने विधायक दल के नेता के रूप में भजनलाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकार कर लिया गया

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर



जयपुर में राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा। साथ में विधानसभा के नए स्पीकर वासुदेव देवनानी और राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी।

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े और पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए मुख्यमंत्री होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल की मंगलवार शाम यहां हुई बैठक में शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया।

इसके साथ ही राज्य में नए मुख्यमंत्री को लेकर कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया। पार्टी द्वारा विधायक प्रेमचंद बैरवा व दीया कुमारी को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। शर्मा से पहले राजस्थान में ब्राह्मण समुदाय से आने वाले आखिरी मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी थे। शर्मा ने विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पहली प्रतिक्रिया में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। शर्मा बाद में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मिले। पार्टी की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश किया गया। पार्टी विधायक दल की बैठक यहां पार्टी मुख्यालय में हुई। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने विधायक दल के नेता के रूप में भजनलाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे विधायक दल ने स्वीकार कर लिया।

भजनलाल भाजपा के प्रदेश महासचिव हैं। उनके पास राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री है। शर्मा (56) ने जयपुर की सांगानेर सीट 48,081 वोटों के अंतर से जीती है। वह भरतपुर जिले का रहने वाले हैं। बैठक में भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दो सह-पर्यवेक्षक विनोद तावड़े और सरोज ( शेष पेज 9 )

# सीईसी की नियुक्ति व सेवा शर्तों से जुड़ा बिल राज्यसभा से पारित

● कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, कानून इस साल मार्च में एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर लाया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राज्यसभा** ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिए एक विधेयक पारित किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023, संसद के उच्च सदन में ध्वनि मत से पारित हो गया। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 को विचार और पारित करने के लिए पेश करते हुए, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह कानून इस साल मार्च में एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर लाया गया है।

उन्होंने कहा कि विधेयक 1991 के अधिनियम को बदलने के लिए 10 अगस्त को उच्च सदन में पेश किया गया था और विचार और पारित होने के लिए लंबित था। 1991 के अधिनियम में सीईसी और अन्य ईसी की नियुक्ति से संबंधित कोई खंड नहीं था। मंत्री ने कहा कि अब तक नियुक्तियों के नाम सरकार तय करती थी लेकिन अब एक खोज और चयन समिति का भी गठन किया गया है और वेतन से संबंधित मामले को भी विधेयक में संशोधन के माध्यम से पेश किया गया है। बहस का जवाब देते हुए मेघवाल ने कहा कि नया कानून जरूरी हो गया है क्योंकि पहले के कानून में कुछ कमजोरियां थीं। उन्होंने विपक्ष के इन आरोपों को भी खारिज कर ( शेष पेज 9 )

# अवैध प्रवासियों का आंकड़ा जुटाना संभव नहींः केंद्र

एजेंसी। नई दिल्ली

● शीर्ष अदालत द्वारा सात दिसंबर को पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने कही ये बात, ऐसे लोग गुप्त तरीके से और चोरी-छिपे प्रवेश कर जाते हैं, इसलिए इनका सटीक आंकड़ा जुटाना संभव नहीं

● सुप्रीम कोर्ट असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर रही

**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे अवैध प्रवासियों संबंधी आंकड़ा जुटना संभव नहीं है, क्योंकि ऐसे लोग देश में चोरी-छिपे प्रवेश करते हैं। शीर्ष अदालत असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर रही है। उच्चतम न्यायालय में दाखिल किए गए हलफनामे में केंद्र ने कहा कि इस प्रावधान के तहत 17,861 लोगों को नागरिकता प्रदान की गई है।

न्यायालय द्वारा सात दिसंबर को पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए केंद्र ने कहा कि 1966-1971 की अवधि के संदर्भ में विदेशी न्यायाधिकरण के आदेशों के तहत 32,381 ऐसे लोगों को पता लगाया गया जो विदेशी थे। अदालत ने यह भी पूछा था कि 25 मार्च 1971 के बाद भारत में अवैध तरीके से घुसे प्रवासियों की अनुमानित संख्या कितनी है, इस पर केंद्र ने जवाब देते हुए कहा कि अवैध प्रवासी बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के गुप्त तरीके से देश में प्रवेश कर लेते हैं। केंद्र ने कहा, अवैध रूप से रह रहे ऐसे विदेशी नागरिकों का पता लगाना, उन्हें हिरासत में लेना और निर्वासित करना एक जटिल प्रक्रिया है। चूंकि देश में ऐसे लोग गुप्त तरीके से और चोरी-छिपे प्रवेश कर जाते हैं, इसलिए देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे ऐसे अवैध प्रवासियों का सटीक आंकड़ा जुटाना संभव नहीं है। सरकार ने कहा कि 2017 से 2022 तक पिछले पांच वर्षों में 14,346 विदेशियों को निर्वासित किया गया है। केंद्र ने कहा कि वर्तमान में असम में 100 विदेशी न्यायाधिकरण काम कर रहे हैं और 31 अक्टूबर 2023 तक 3.34 लाख से अधिक मामले निपटाए जा चुके हैं।

हलफनामे में कहा गया है कि एक दिसंबर 2023 तक विदेशी न्यायाधिकरण के आदेशों से संबद्ध 8,461 मामले गुवाहाटी उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं। सरकार ने असम पुलिस के कामकाज, सीमाओं पर बाड़ लगाने, सीमा पर गश्त और घुसपैठ को रोकने के लिए उठाए गए अन्य कदमों का भी विवरण दिया। शीर्ष अदालत ने सात दिसंबर को अपने निर्देश में कहा था कि केंद्र, असम में एक जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच बांग्लादेशी नागरिकों को दी गई भारतीय नागरिकता के संबंध में आंकड़ा उपलब्ध कराए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं की तिथियां घोषित कीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की तारीख की घोषणा की। दोनो कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। सीबीएसई के मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 13 मार्च को और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं दो अप्रैल को समाप्त होंगी। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, परीक्षा कार्यक्रम तैयार करते समय बोर्ड ने इस बात का ध्यान रखा है कि दो विषयों के बीच समय का पर्याप्त अंतर हो। बारहवीं कक्षा के लिए परीक्षा कार्यक्रम तय करते समय जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि व्यापक संख्या में विषय होने के चलते परीक्षा कार्यक्रम तैयार करते समय इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि दो अलग-अलग विषय चुनने वाले छात्रों की परीक्षा एक ही दिन नही पड़े। पंद्रह फरवरी को 10वीं कक्षा के लिए पांच विषयों - पेंटिंग, राई, गुरुंग, तमांग और शेरपा की परीक्षा होगी। इसी तरह, 12वीं कक्षा के लिए परीक्षा के पहले दिन चार विषयों - उद्यमिता, कोकबोरोक, पूंजी बाजार परिचालन और शारीरिक गतिविधि प्रशिक्षक परीक्षा होगी।

# जयशंकर ने इजराइली विदेशी मंत्री से गाजा पर की चर्चा

● एक्स पर अपने एक पोस्ट में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, इजराइली समकक्ष से गाजा के अलावा लेबनान, क्षेत्र में समुद्री यातायात की सुरक्षा पर चर्चा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**इज़राइल**-हमास संघर्ष जारी है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को इज़राइली विदेश मंत्री एली कोहेन से बात की और बाद में कहा कि गाजा की स्थिति, लेबनान और क्षेत्र में समुद्री यातायात की सुरक्षा पर चर्चा की। हम संपर्क में बने रहेंगे।

जयशंकर द्वारा फलस्तीनी प्रधानझमंत्री मोहम्मद शतायेह से बात करने के दो दिन बाद यह फोन पर बातचीत हुई। जयशंकर ने एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किया, 'आज दोपहर को इज़राइल के एफएम एली कोहेन से बात की। मौजूदा स्थिति के बारे में इजरायली आकलन को साझा करने के लिए उनकी सराहना की। आतंकवाद का मुकाबला करने, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के पालन और दो-राज्य समाधान के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने क्षेत्र में संघर्ष से उत्पन्न बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई है और बार-बार 'संयम और तनाव कम करने' का आह्वान किया है। जयशंकर ने नवंबर में कोहेन से भी बात की थी जब उन्होंने 'आतंकवाद का मुकाबला ( शेष पेज 9 )

# डाटा सेंटर का केंद्र बन रहा उत्तर प्रदेशः योगी आदित्यनाथ

● कहा-फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, इसमें कई प्रस्ताव सेमीकंडक्टर बनाने की इकाई और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण से संबंधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि आज उत्तरप्रदेश डाटा सेंटर का केंद्र (हब) बन रहा है। उन्होंने कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इसमें कई प्रस्ताव सेमीकंडक्टर बनाने की इकाई और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। पिछले साढ़े नौ




लखनऊ में आईआईआईटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

वर्षों में भारत ने अपनी युवा ऊर्जा के लिए संभावनाओं के द्वारा खोले हैं। इसी का नतीजा है कि हर क्षेत्र में देश की तस्वीर बदली है। योगी आदित्यनाथ मंगलवार को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया के अंदर एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रीलियन (5000 अरब) अमेरिकी डॉलर की बनाने का संकल्प देशवासियों के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भी उस लक्ष्य के साथ एक ट्रिलियन (1000 अरब) अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

आज तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब केवल उपासना विधि से नहीं है। भारतीय मनीषा ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने को धर्म माना है। तैत्तिरीय उपनिषद में इस बात का उल्लेख है, सत्यं वद धर्मं चर यानी सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का उपयोग करके डिजिटल अस्पताल की दिशा में हम कदम बढ़ा सकते हैं। इससे ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं। समारोह में 315 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट को मिलेगी रैपिड रेल की सौगात

## राजधानी लखनऊ में 14 दिसंबर को आयोजित बैठक में इस परियोजना को हरी झंडी मिलने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नागरिकों द्वारा पिछले काफी दिनों से ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो संचालित किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। रविवार को इसी मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन भी किया गया था। इसी बीच ग्रेटर नोएडा के नागरिकों के लिए एक खुशखबरी सामने आयी है।


रैपिड रेल ( फाइल फोटो )

खुशखबरी यह है कि ग्रेटर नोएडा के नागरिकों को रैपिड रेल की सौगात मिलेगी। आगामी 14 दिसंबर को यूपी की राजधानी लखनऊ में आयोजित बैठक में इस परियोजना को हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। आपको बता दें कि पिछले दिनों यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा आए थे। ग्रेटर नोएडा की गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में सीएम योगी ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की थी। इसी बैठक में सीएम के समक्ष इंदिरा गांधी गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल चलाए जाने का प्रस्ताव रखा गया था। अब इस प्रस्ताव को लेकर आगामी 14 दिसंबर को लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल के प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से ग्रेटर नोएडा के जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल चलाए जाने की जो परियोजना तैयार की गई है, उसके तहत रैपिड रेल के ठहराव के लिए बीच के स्टेशन भी तय किए गए है। जिनमें सराय काले खांए बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर.142, नॉलेज पार्क. 2, परी चौक, इकोटेक.6, दनकौर, यीडा नॉर्थ सेक्टर.18, यीडा सेंट्रल सेक्टर. 21 व 35 और नोएडा एयरपोर्ट। आपको बता दें कि परी चौक पर गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के बीच चलने वाली रैपिड रेल का भी स्टेशन है। यहां से एयरपोर्ट तक आगे का रूट एक ही होगा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट तक चलने वाली रैपिड रेल का पूरा खर्च उठाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण तैयार है। गाजियाबाद से जेवर का रूट फाइनल हो जाने के बाद अब परी चौक तक ही ट्रैक का निर्माण करना होगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा के सीईओ डॉ अरूणवीर सिंह बताते हैं कि नोएडा एयरपोर्ट को रैपिड रेल के माध्यम से आईजीआई से जोड़ने का पूरा प्रयास है। इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया है। उम्मीद है कि इस रूट को लेकर भी शासन से अनुमति मिल जाएगी। गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट टू नोएडा एयरपोर्ट को सहमति मिल चुकी है। लखनऊ में होने वाली बैठक में इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिलने की उम्मीद है।

### नोएडा सेक्टर-71 होते हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट वेस्ट तक जाएगी एक्वा लाइन

नोएडा के सेक्टर.51 से नॉलेज पार्क.5 तक प्रस्तावित नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के रूट में बदलाव किया गया है। अब यह लाइन नोएडा के सेक्टर.51 से सेक्टर.61, सेक्टर.71 कैलाश अस्पताल के सामने से होते हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक जाएगी। इस बात की जानकारी नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक डा लोकेश एम ने दी है। एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डा लोकेश एम ने बताया कि मेट्रो रूट के एलाइनमेंट में आंशिक बदलाव किया गया है। पहले यह रूट नोएडा के सेक्टर.51 से सीधे सेक्टर.72, बाबा बालकनाथ मंदिर के सामने होते हुए पर्थला से सीधे किसान चौक तक जानी थी, लेकिन अब सेक्टर.51 से सेक्टर.61, सेक्टर.71 कैलाश अस्पताल के सामने होते हुए ग्रेनो वेस्ट तक जाएगी। एनएमआरसी के एमडी डॉ लोकेश एम ने बताया कि मेट्रो रूट के अलाइनमेंट में थोड़ा बदलाव किया जाएगा। इस बदलाव से ब्लू लाइन से दिल्ली आने वाले लोग आसानी से एक्वा लाइन में आ.जा सकेंगे। दोनों लाइनों को जोड़ने के लिए कॉमन प्लेटफार्म बनाया जाएगा।

# एनपीसीएल ने बिजली चोरी पकड़ी, 2 करोड़ का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- कार्रवाई में 43 विला, 3 दुकानों में चोरी के अलावा अवैध ई चार्जिंग स्टेशन का किया भंडाफोड़

एनपीसीएल ने इन दिनों बिजली चोरी रोकने के लिए कमर कस ली है और बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चला रखा है। नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड की टीम ने पिछले चार दिनों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी है। एनपीसीएल की टीम ने ग्रेटर नोएडा में दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई की जिसमें 43 विला और 3 दुकानों में बिजली चोरी का भंडाफोड़ करते हुए अवैध ई चार्जिंग स्टेशन का भी भंडाफोड़ किया गया जहां भी चोरी की बिजली से ही इसे चलाया जा रहा था।

एनपीसीएल की टीम ने ग्रेटर नोएडा के इन दोनों जगहों पर हुई कार्रवाई में बिजली चोरी पकड़ने पर उनपर जुर्माना लगाया गया। केवल दो जगहों पर बिजली चोरी पर जो जुर्माना लगाया उसकी कुल राशि 1 करोड़ 73 लाख रुपये का है। एनपीसीएल की टीम ने ग्रेटर नोएडा के वैदपुरा गांव स्थित विहान विला फेस.1 में संचालित मेरेडियन बिल्डटेक की ओर से निर्मित कॉलोनी में 43 विला और 3 दुकानों में बिजली की चोरी पकड़ी है । बिजली चोरी करने के लिए यहां पर एक अस्थाई बिजली कनेक्शन लिया गया था। बिल्डर ने बिजली चोरी के लिए ट्रांसफ ॉर्मर से अवैध केबल डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। बिल्डर ने बड़ी चालाकी से कॉलोनी के सभी घरों में सब मीटर लगाकर यहां रहने वालों से अवैध रकम वसूल कर अपने फायदे के रूप में उसका उपभोग किया जा रही था।

# नोएडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा छठवें दिन छिजरसी और ममूरा पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- यात्रा में जिले के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह और सांसद डॉ. महेश शर्मा हुए थे शामिल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के छठे दिन महिला क्रीड़ा स्थल छिजरसी सेक्टर.63 और ममूरा बारात घर सेक्टर.66 में राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, सांसद डॉ महेश शर्मा और जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता शामिल हुए।

महिला क्रीड़ा स्थल छिजरसी सेक्टर.63 और ममूरा बारात घर सेक्टर.66 में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की सभी योजनाओं की प्रदर्शनी के साथ ही स्टॉल लगाए गए थे, जहां पर स्थानीय लोगों ने जानकारी प्राप्त की। जिसमें जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उज्जवल, आयुष, कृषि विभाग, हस्तशिल्प विभाग, हथकरघा विभाग शामिल थे। प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने नवजात शिशुओं का अन्नाप्राशन और महिलाओं की गोद भराई कर उनको आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास पहुंचने के उद्देश्य से काम कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजन महामंत्री उमेश त्यागी, मण्डल अध्यक्ष बबलू यादव, अशोक मिश्रा, देवेंद्र शर्मा, जुगराज चौहान, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह, युद्धवीर चौहान, महेश अवाना, गिरीश कोटनाला, चंदगीराम यादव, तन्मय शंकर, विनोद शर्मा, उमेश यादव, सुचित्रा, रवि यादव आदि मौजूद थे।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना जेवर क्षेत्र के ग्राम जफ रगढ़ में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फ ांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

ग्रेटर नोएडा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अलीगढ़ के खैर निवासी 23 वर्षीय राधा का 2 वर्ष पूर्व जफरगढ़ गांव निवासी पवन के साथ विवाह हुआ था। सोमवार को राधा के परिजन उसकी ससुराल आए थे। राधा से मिलने के पश्चात वह वापस लौट गए। शाम के समय राधा अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली।

# धोखा : पार्टी करने के बाद दोस्त को मौत के घाट उतारा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- मोबाइल की किस्त के पैसे मांगने पर सेल्समैन के दुश्मन बन गए उसके दोस्त

ग्रेटर नोएडा में एक सेल्समैन के साथ उसके दोस्तों ने ही दगाबाजी कर दी। मोबाइल की किस्त के पैसे मांगने पर दोस्त ही दोस्त का दुश्मन बन गया। दुश्मन बने दोस्त ने ग्रेटर नोएडा में पार्टी का आयोजन किया और सेल्समैन को बुलाया। तीनों चारों दोस्तों ने पहले पार्टी की और बाद में सेल्समैन की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया।

बता दें कि 24 वर्षीय सुमंजय एक रिटेल स्टोर पर सेल्समैन था। सुमंजय मूल रुप से यूपी के एटा जनपद के गांव कंसूरी गांव का रहने वाला था और वर्तमान में अपने भाई धनंजय के साथ ग्रेटर नोएडा के गांव हैबतपुर में किराये के मकान पर रहता था। वह रविवार की रात अचानक से लापता हो गया था।

सुमंजय के लापता होने पर बिसरख कोतवाली पुलिस से शिकायत की गई थी। जिसके बाद बिसरख पुलिस ने शक के आधार पर सुमंजय के दो दोस्तों को हिरासत में लिया गया तो दोस्तों ने सुमंजय की हत्या का सारा राज उगल दिया। सोमवार को दिनभर के सर्च आपरेशन के बाद गौर सिटी के नजदीक 17 फुट गहरे नाले से सुमंजय का शव बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, सुमंजय ने अपने क्रेडिट कार्ड से दोस्त पुनीत को किस्त पर मोबाइल खरीदकर दिया था। जिसकी किस्त प्रतिमाह पुनीत ने देने का वादा किया था।

तीन महीने से पुनीत सुमंजय को किस्त नहीं दे रहा था। सुमंजय बार.बार पेनल्टी व ब्याज लगने का हवाला देकर रुपयों की मांग करता था। आरोप है कि रविवार की रात किस्त मांगने पर पुनीत ने दो दोस्तों विवेक और अमन के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर पुनीत और विवेक को गिरफ्तार कर लियाए जबकि अमन फ रार है। ग्रेटर नोएडा के एसीपी रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह धनंजय ने भाई सुमंजय के लापता होने की सूचना दी। रात को सुमंजय के घर नहीं लौटने से परिजन परेशान थे। आरोपी सुमंजय को साथ लेकर गए थे। पुलिस ने सीडीआर आदि की मदद से आरोपियों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सुमंजय के साथ पार्टी की। गौड़ सिटी सोसाइटी के पास नाले की पुलिया पर खड़े होकर रूमाल से गला दबाकर सुमंजय की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसका शव नाले में फेंक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर बीते दिनों सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी देवेंद्र शंकर पांडे ने बताया कि करीब 5 दिन पूर्व ईस्टर्न पेरिफेरल पर एक व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस ने उक्त व्यक्ति को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान बीती शाम उक्त व्यक्ति की मौत हो गई।

### पीएम पर अशोभनीय पोस्ट, चार्जशीट दाखिल

**गाजियाबाद।** सन 2020 जब कोविड का दौर चल रहा था तो उसी समय कुछ शरारती तत्वों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह को लक्ष्य बनाते हुए उन पर अश्लील एवं अशोभनीय पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। उक्त पोस्ट को संज्ञान में लेकर अधिवक्ता एवं समाजसेवी आकाश वशिष्ठ ने पोस्ट डालने वाले दो लोगों के खिलाफ कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसके बाद कविनगर पुलिस व साइबर सैल की टीम ने उक्त सनसनीखेज मामले की जांच शुरू कर दी थी। एक लंबे अंतराल के बाद उक्त मुकदमे की चार्जशीट कविनगर थाना पुलिस ने अदालत को प्रेषित कर दी।

### युवती हुई लापता, अपहरण की आशंका

**गाजियाबाद।** लोनी बोर्डर थाना क्षेत्र अंतर्गत डी.37/4 बलरामनगर एक्सटेंशन में रहने वाली एक कामकाजी युवती रहस्यमय हालात में लापता हो गई। उक्त वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 20 वर्षीय युवती की बरामदगी के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं। इस संदर्भ में एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह का कहना है कि युवती की बरामदगी के लिए पुलिस की कई टीम निरंतर प्रयास कर रही है।

### मुठभेड़ के बाद एक बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार रात में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस बदमाश ने अपने अन्य साथियों के साथ 5 तारीख में कविनगर थाना क्षेत्र में व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इसके कब्जे से 19 लाख 50 हजार रुपएए एक चोरी की मोटरसाइकिल और एक कंट्री मेड पिस्टल बरामद की है। इसके दो साथी सोमवार सुबह पकड़े गए थे। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली के 5 तारीख में व्यापारी नितिन से लूट करने वाला मुख्य आरोपी कविनगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर क्षेत्र में है। गाजियाबाद की स्वाट और क्राइम ब्रांच की टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने पर मोटरसाइकिल सवार भागने लगा साथ ही उसने पुलिस पर गोली चलाई। अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक पुलिस ने अपना बचाव करते हुए आरोपी को धर दबोचा।

### नगर निगम में संभव दिवस पर दर्ज हुई कई शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में आज संभव दिवस का आयोजन किया गया। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित संभव दिवस में आज नगर निगम के कई अधिकारियों ने शिकरत की है। संभव दिवस में अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, हेल्थ अफसर डॉ0 मिथिलेश आदि अधिकारियों ने संभव में हिस्सा लिया। संभव में 16 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी है। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें हेल्थ विभाग की आई है।

### महागुन की 21वीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर.126 स्थित निर्माणाधीन महागुन सोसायटी की 21वीं मंजिल से गिरकर महिला मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। निर्माणाधीन स्थल पर ठेकेदार की तरफसे सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था जिसको लेकर मजदूर में खासा रोष व्याप्त है। मूल रूप से ग्राम इमलिया कलां थाना नाराहट जनपद ललितपुर निवासी अजुद्दीन पत्नी बबीता के साथ मजदूरी करता था। सोमवार को अजुद्दीन अपनी पत्नी बबीता के साथ नोएडा के सेक्टर.126 स्थित निर्माणाधीन महागुन सोसायटी की 21वीं मंजिल पर काम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने की वजह से 32 वर्षीय बबीता 21वीं मंजिल से नीचे आ गिरी।

# झुग्गी में भीषण आग, 6 पशुओं की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में मंगलवार की दोपहर एक बड़ा अग्निकांड हो गया। नोएडा के सेक्टर 123 स्थित पर्थला चौक के पास झुग्गी बस्ती में मंगलवार दोपहर अचानक लगी आग की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत हो गई।

इस अग्निकांड की वजह से झुग्गीवासियों में हड़कंप मच गया। नोएडा के चीफ फ ायर ऑफि सर प्रदीप चौबे ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को सूचना मिली की पर्थला चौक के पास स्थित झुग्गी बस्ती में आग लग गई है। सूचना के आधार पर तुरंत मौके पर दो गाड़ियों को रवाना किया गया।


नोएडा के पर्थला इलाके में आग लगने के बाद बिखरा मलबा।

आग की भयावता को देखते हुए चार और गाड़ियां मौके पर भेजी गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड में झुग्गी बस्ती में बंधी 6 बकरियों की जलने से मौत हो गई। इसके अलावा मौके पर कोई बड़ी जान माल की हानि नहीं हुई है।

# कलह-तंगी के चलते तीन युवकों ने दी जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पारिवारिक कलह व आर्थिक परेशानी से हताश होकर तीन युवकों ने आत्महत्या का रास्ता चुन लिया। युवकों ने अलग.अलग स्थान पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। तीनों के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं।

नोएडा के थाना फेस.2 क्षेत्र के सेक्टर-93 स्थित सिटी पार्क में सोमवार की शाम एक पेड़ पर युवक का शव लटका देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। मृतक की पहचान 30 वर्षीय रामविलास निवासी हरदोई के रूप में हुई। रामविलास सेक्टर.119 में अपने परिवार के साथ रह रहा था और ग्रीन बेल्ट में माली का काम करता था। रामविलास सोमवार की सुबह से ही घर से निकल आया था देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो पता चला कि उसने सिटी पार्क में फांसी लगा ली है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह का मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र के निराला स्टेट सोसाइटी में किराये पर रहने वाले एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी लव कुश अपने कुछ साथियों के साथ निराला स्टेट सोसाइटी में किराए पर रह रहा था। सोमवार की शाम को जब उसके साथी कमरे पर पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि लवकुश एक मार्ट में बुक काउंटर पर काम करता था और पिछले कुछ महीनो से परेशान चल रहा था। प्रारंभिक जांच में आर्थिक परेशानी की बात सामने आई है। नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र के सेक्टर.10 जेजे कॉलोनी में रहने वाले दिलीप हलदर ने अपनी झुग्गी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय दिलीप हालदर के परिजन बाहर गए हुए थे।

# लोन माफिया की 15 करोड़ की संपत्ति पुलिस ने की जब्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने लोन माफिया लक्ष्य तंवर की तीन आवासीय संपत्ति को मंगलवार को सीज कर दिया। यह संपत्ति गाजियाबाद के आर्य नगर में थी। पुलिस के मुताबिक इनकी कीमत 15 करोड़ रुपए है।

ढोल के साथ पहुंची पुलिस ने मुनादी करके संपत्ति सीज की। पुलिस के मुताबिक अब तक 70 करोड़ की संपत्ति पहले जब्त की जा चुकी है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गाजियाबाद में लोन माफिया लक्ष्य तंवर का एक बड़ा सिंडिकेट था। यहां गाजियाबाद में लक्ष्य तंवर ने लोन के रूप में फ्रॉड करके कई सौ करोड़ का घोटाला किया था। लक्ष्य के खिलाफ तीन दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। लक्ष्य 30 अगस्त 2021 से जेल में बंद है। मंगलवार को गाजियाबाद पुलिस आर्य नगर में लक्ष्य तंवर की तीन आवासीय संपत्तियों को सीज किया। मंगलवार को सीज हुई संपत्ति कल 606 वर्ग मीटर थी। डीसीपी सिटी ज्ञानंजय सिंह के मुताबिक अबतक 70 करोड़ की संपत्ति कुर्की जा चुकी है। मंगलवार को सीज की गई है। इसकी कीमत 15 करोड़ रुपए है। आगे भी अगर लक्ष्य तंवर की संपत्ति मिलने पर सीज किया जाएगा।

# पांच वाहनों के साथ लाखों का माल बरामद

**गाजियाबाद।** यूपी, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली.एनसीआर में अबतक सैकड़ों वाहनों पर हाथ साफ कर चुके गैंग को क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम ने एसओ मुकेश सोलंकी की टीम के साथ मुरादनगर थाना क्षेत्र से मुखबिर की सूचना के बाद दबोच लिया।

सूत्रों के अनुसार, इस गैंग के चार शातिर वाहन चोरों के पास से चार लग्जरी कार एवं उपकरणों के अलावा वाहन चुराने वाले औजार एवं मास्टर की बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान पकड़े गये वाहन चोरों ने अपने नाम आलम निवासी बुलंदशहर, फजहर निवासी सरधना, साजिद खान एवं समीर खान निवासी जोधपुर राजस्थान हैं।

# नोएडा पहुंचे वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर वॉल्स

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कर्टनी वॉल्स और पूर्ण क्रिकेटर आरपी सिंह सीनियर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व एसीईओ मेधा रूपम से मुलाकात की।

ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के क्रिकेट ग्राउंड में बडे स्तर के मैच के आयोजनों पर चर्चा की। आने वाले दिनों में बड़े स्तर के मैच कराने की योजना है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इन आयोजनों के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्राधिकरण के सीईओ ने क्रिकेट ग्राउंड और उपलब्ध सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सीईओ से मीटिंग के दौरान आरपी सिंह के बेटे और अंडर.19 क्रिकेट टीम के सदस्य हैरी सिंह, बिग क्रिकेट लीग के सीएमओ अनिरुद्ध सिंह, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के प्रबंधक हरिकृष्णा भी शामिल रहे।


सीईओ एनजी रवि कुमार से मिलते वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श व अन्य।

# प्राधिकरण ने बातचीत के लिए किसानों को बुलाया

- प्रशासनिक कार्यालय पर बड़ी संख्या में किसानों ने किया हवन

पायनियर समाचार। नोएडा

भारतीय किसान परिषद के बैनर तले ग्रामीणों का धरना नोएडा के सेक्टर.6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पर मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों के उग्र रूप को देखते हुए उन्हें आज वार्ता के लिए बुलाया गया है।

भारतीय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि सोमवार की सुबह एक बार फिर किसान सेक्टर.6 स्थित नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। किसानों ने हवन पूजन कर धरने की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि एसीपी रजनीश वर्मा द्वारा उन्हें नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से वार्ता करने के लिए बुलाया गया है। दोपहर बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल की बैठक नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के साथ होगी। सुखबीर खलीफा ने कहा कि किसान पिछले काफी समय से 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने सहित कई मांगों को पूरा करने की आवाज उठा रहे हैं। इन मांगों को लेकर किसान पूर्व में भी कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन देकर धरना खत्म कर दिया जाता था। नोएडा प्राधिकरण के अलावा जनप्रतिनिधियों ने भी किसानों से लगातार झूठे वादे कर उन्हें गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांगे जब तक पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। सुखबीर खलीफा ने कहा कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो नोएडा प्राधिकरण पर स्थाई रूप से तालाबंदी कर विरोध जताया जाएगा। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बुजुर्ग मौजूद थे।


नोएडा प्राधिकरण के बाहर धरनारत किसान।

### सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर पंचायत कर ज्ञापन सौंपा

भाकियू राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह को अवैध हिरासत में रखने के विरोध में जिला अध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-19 स्थित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय पर पंचायत कर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान चौधरी विनोद अधाना, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी, एनसीआर अध्यक्ष परविंदर अवाना आदि मौजूद थे।

# 7 माह की बच्ची से बलात्कार के आरोपी को आजीवन कारावास

पायनियर समाचर। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर न्यायालय ने 7 महीने की एक बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी पर 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 1 साल का अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता जेपी भाटी ने बताया कि बीते 6 जुलाई 2022 को 7 महीने की बच्ची के परिजनों ने दनकौर थाने पर शिकायत दी थी कि उनके ही गांव के रहने वाले मनोज ने बच्ची के साथ रेप किया है।

उन्होंने बताया था कि जिस समय बच्ची के साथ मनोज ने दुष्कर्म किया वह अपने दादा के पास सो रही थी। मनोज ने बच्ची को गोद में ले लिया और दादा को माचिस और पानी खरीदने के लिए दुकान पर भेज दिया। मनोज ने मौका पाकर बच्ची से रेप किया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा इस मामले में मजबूती के साथ कोर्ट में चार्टशीट जमा की गई। उसके बाद सुनवाई चली और गवाहों के बयान और जिरह के बाद इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष जज पॉक्सो एक्ट प्रथम विकास नागर ने मनोज को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। बता दें कि ऑपरेशन कनविक्शन के तहत लगातार न्यायालय में पुलिस के द्वारा गहन पैरवी की जा रही है

# आईटी मेले में स्कूली बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**स्कूली बच्चों ने बिना छुए कूड़ेदान के प्रयोग का बताया तरीका**

**ब्रह्म दत्त ब्लू बैल्स स्कूल में लगा अन्तर्विद्यालयी आईटी मेला**

**ब्रह्म** दत्त ब्लू बैल्स पब्लिक स्कूल गुरुग्राम ने कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए साइबर स्पेज का आयोजन किया। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षित टंडन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस आयोजन उद्देश्य छात्रों में सूचना व प्रौद्योगिकी की क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना तथा तकनीकी कौशल को निखारना रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर त्रिलोक सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को तकनीकी के क्षेत्र में सतर्कता पूर्वक आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में ब्लू बेल्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निदेशिका डॉ. सरोज सुमन गुलाटी भी उपस्थित रहीं। ब्लू बैल्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स की आईटी उपनिदेशिका अंशुका अनेजा के निर्देशन में तीन दिवसीय साइबर स्पेज का आयोजन किया गया।



गुरुग्राम के ब्रह्म दत्त ब्लू बैल्स पब्लिक स्कूल में साइबर स्पेज कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

रक्षित टंडन ने बच्चों को साइबर ठगों के ठगने के तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि साइबर ठग नए-नए संसाधनों से स्वांग रचते हैं। सूचना के संसाधनों का प्रयोग करते समय हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए। हमें कभी भी अपनी निजी जानकारी को किसी से सांझा नहीं करनी चाहिए। सूचना के संसाधनों का प्रयोग करते समय यदि कोई किसी को अपशब्द कहता है या मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है तो उसके लिए न्यायालय द्वारा सजा का भी प्रावधान किया गया है। साइबर संबंधी समस्या के समाधान के लिए आप 1903 पर फोन कर सकते हैं। ब्रह्म दत्त ब्लू बेल्स के विद्यार्थियों द्वारा सूचना व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया गया। विद्यार्थियों को यंत्रों को समायोजित करके रोबोट का निर्माण करना था, इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों के द्वारा साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के अद्भुत तरीकों नुक्कड़ नाटक व नृत्य अभिनय बेहतरीन रहा। विद्यार्थियों ने एआई का प्रयोग करते हुए ऐसा कूड़ेदान बनाया, जिसको बिना छुए प्रयोग में लाया जा सकता है। यह नवाचार का अनूठा उदाहरण है।

# हर पीड़ित का दर्द बांटना ही कैनविन का उद्देश्य : नवीन गोयल

**दिव्यांग आदर्श कुमार की पेंशन बनवाने का दिया आश्वासन**

**शॉल ओढ़ाकर आदर्श कुमार का किया सम्मान**

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कैनविन** फाउंडेशन की ओर से बीमारों, शारीरिक दिव्यांगों को हर संभव सहायता देने के साथ उनका दर्द बांटने का काम किया जाता है। समाज के हर व्यक्ति को सम्मानित बताते हुए कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कैनविन आरोगय धाम में आदर्श कुमार नामक दिव्यांग का शॉल ओढ़ाकर सम्मान करते हुए उसकी पेंशन बनवाने का आश्वासन दिया गया। इसके लिए जो भी सहयोग होगी, उनकी तरफ से की जाएगी।



अपने कार्यालय में दिव्यांग आदर्श कुमार का सम्मान करते नवीन गोयल।

नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में हर वर्ग को विशेष महत्व दिया जाता है। चाहे विकास की बात हो या फिर जनहित में योजनाओं की बात, हर स्तर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। नवीन गोयल ने दिव्यांग आदर्श कुमार के साथ आईं उनकी बहन राजलक्ष्मी को आश्वस्त किया कि आदर्श कुमार का दिव्यांगता का प्रमाण पत्र पहले बनवाया जाएगा। उसके बाद उसकी पेंशन बनवाने का प्रयास करेंगे। आदर्श कुमार का आधार कार्ड बनवा दिया गया है।

नवीन गोयल ने शॉल ओढ़ाकर आदर्श कुमार का सम्मान करते हुए कहा कि देश में बहुत से ऐसे दिव्यांग हैं, जिन्होंने अपनी शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद अपना लोहा मनवाया है। खेलों व अन्य क्षेत्रों में देश का नाम रोशन किया है। वे भी किसी एक क्षेत्र में खुद को निपुण बनाएं, ताकि दुनिया उनकी भी ताकत देखे।

उन्होंने आदर्श से कहा कि पढ़ना सीखें। मोबाइल से ज्ञान लें और भगवान का भजन करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं, सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए कैनविन फाउंडेशन सक्रियता से काम कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर भी कैनविन स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, नया आधार कार्ड, वोट आईडी के अलावा कन्यादा योजना समेत अनेक योजनाओं के लिए आवेदन करने की सुविधा कैनविन आयोगय धाम कैंपस में बने कार्यालय में उपलब्ध हैं।

# विद्यार्थी जीवन के कठिन परिश्रम से सुखद होगा भविष्य: जेपी दलाल



गुरुग्राम के एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव में एक छात्र को सम्मानित करते कृषि मंत्री जेपी दलाल।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि मानव जीवन में परिश्रम से बड़ा कोई धन नहीं है। विद्यार्थी जीवन में जो युवा अपने गुरुजनों व अभिभावकों का सम्मान करते हुए विद्या रूपी धन के लिए निरन्तर मेहनत करेगा, आने वाले समय में वह निश्चित रूप से देश का नाम रोशन करेगा। यह बात उन्होंने यहां एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में आप अपनी प्रतिभा को जितना निखारेंगे, आने वाले समय में आपका जीवन उतना ही सुगम होगा। जेपी दलाल ने कहा कि वर्तमान में देश की युवा पीढ़ी निरंतर वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देश का नाम रोशन कर रही है। आज दुनिया के जितने भी बहुप्रतिष्ठित संस्थान हैं, उनकी कमान युवा भारतीयों के हाथों में है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज वैश्विक स्तर पर भारत एक ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। आज जब दुनिया प्रदूषण, खाद्यान्नों की कमी सहित कई स्थानों पर युद्ध जैसे विषयों से जूझ रही है, ऐसे समय में समूचा विश्व हमारी ओर एक उम्मीद की नजर से देख रहा है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हम हमारे देश के कुशल नेतृत्व व हमारी युवा शक्ति की बदौलत पुन: विश्व गुरु कहलाएंगे। कृषि मंत्री ने स्कूल के वार्षिकोत्सव का जिक्र करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में इस दिन का बड़ा महत्व होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइकर्स ने पुलिस बैरिकेट से किया स्टंट, रडार पर आए




गुरुग्राम में पुलिस के बैरिकेट के साथ स्टंट करते दो युवा।

**गुरुग्राम।** स्टंट के शौकीन युवाओं को सार्वजनिक रूप से सड़कों पर कभी गाड़ियों से तो कभी बाइक से किया जा रहा स्टंट भारी पड़ रहा है। भले ही एक बार वे स्टंट करके खुश हो लेते हों, लेकिन वे पुलिस के रडार पर आज ही जाते हैं। हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें एक बाइक पर दो युवा जा रहे हैं। इसी दौरान वे शहर के एक स्थान से पुलिस के बैरिकेट को घसीटते हुए दूर तक ले जाते हैं। इस तरह से स्टंट करके ना केवल यातायात के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि पुलिस को भी चुनौती देते हैं कि उनका कुछ नहीं बिगड़ सकते। ऐसे बिगड़ैलों को सुधारने के लिए गुरुग्राम पुलिस भी उनकी तलाश में जुट जाती है। ऐसे ही इन स्टंटबाज युवकों की पुलिस वीडियो वायरल होने के बाद तलाश कर रही है। पुलिस ने इनकी बाइक का नंबर व इनके चेहरों से पहचान करने की कोशिश कर रही है। देखा जा रहा है कि ये युवा बाइक लेकर किन-किन जगहों से कहां-कहां गए और कहां पर पुलिस का बैरिकेट इन्होंने घसीटा है। सीसीटीवी कैमरों से लैस गुरुग्राम में इन स्टंटबाजों का पुलिस की नजर से बचना मुश्किल है।

### विवाद सुलझवाने के बाद किया नवीन गोयल का अभिनंदन



नवीन गोयल का स्वागत व सम्मान करते वाल्मीकि समाज के लोग।

**गुरुग्राम।** गुड़गांव गांव में वाल्मीकि चौपाल को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का पटाक्षेप हो गया है। इस विवाद के संबंध में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने वाल्मीकि समाज के मौजिज लोगों के साथ जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मुलाकात की थी। पूरा विवाद उन्होंने सांझा किया था। इस विवाद का पटाक्षेप होने के बाद वाल्मीकि समाज से मौजिज व्यक्ति कैप्टन जगदीश, प्रदीप वाल्मीकि, आजाद वाल्मीकि, सीताराम, पूरन समेत अनेक लोगों ने पगड़ी पहनाकर नवीन गोयल का स्वागत व सम्मान किया। अपने सम्मान से अभिभूत होकर नवीन गोयल ने कहा कि वाल्मीकि समाज द्वारा किए गए स्वागत व सम्मान और समाज की पगड़ी का वे हमेशा मान रखेंगे। उन्होंने समाज के लोागों से आग्रह किया कि भगवान वाल्मीकि जी के मंदिर को मॉडल मंदिर बनाकर समाज की एकता को मजबूत करें। मंदिर के आसपास स्वच्छता रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज में किसी भी मुद्दे पर विवाद होना सही नहीं हो सकता। समाज को हमें एकता के सूत्र में पिरोने का काम करना चाहिए। एकजुट होकर हम समाज के विकास के लिए काम करें। प्रयास करें। नवीन गोयल ने कहा कि वाल्मीकि समाज का हमारे देश में अहम योगदान है।

# कंपनी का सुपरवाइजर दो लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने की कार्रवाई**




**गुरुग्राम।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की गुरुग्राम टीम द्वारा गेल कंपनी के सुपरवाइजर नरेंद्र को 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की।

आरोपी सुपरवाइजर नरेंद्र ने भूमि के जिस हिस्से से गैस पाइपलाइन पहले से ही गुजर रही थी वहां से बिजली की लाइन बिछाने की एवज में शिकायतकर्ता से 5 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी, जिसमें से 2 लाख रुपये की राशि लेते हुए आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। यह पूरी कार्रवाई पूरी पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष रूप से की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम के एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है।

# गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक वंदे भारत ट्रेन का नोटिफिकेशन जारी: डॉ. डीपी गोयल



**गुरुग्राम।** रेलवे के लिए अहम सुझाव देने और रेल यात्रियों की सुविधा के लिए तत्पर रहने वाले रेलवे सलाहकार समिति के दूसरी बार सदस्य बने डा. डीपी गोयल के प्रयासों से गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक वंदे भारत रेल सेवा पर मुहर लगने के बाद अब इसके संचालन का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसके लिए डा. डीपी गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, गुरुग्राम से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डा. सुधा यादव का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि रेलवे अपने यात्रियों के सफर को सुगम व बेहतर बनाने के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रहा है। कोरोना काल के बाद रेल सेवाओं में अभूतपूर्व परिवर्तन करके, बंद रेल सेवाओं को शुरू करने, नई रेल सेवाएं शुरू करके देश की जनता को बेहतर परिवहन सुविधा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम से चंडीगढ़ जाने के लिए यहां के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। रेल सेवा के माध्यम से आर्थिक राजधानी गुरुग्राम से प्रशासनिक राजधानी का सीधा जुड़ाव होना जरूरी थी।

# फ्री आई कैंप के 32वें चरण की हुई शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**अंधा** रहे न कोई देश में, हो सबके हित में रौशनी के तहत सर्वधर्म संगम डेरा सच्चा सौदा द्वारा पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा से हर साल लगाए जा रहे याद-ए- मुर्शिद परम पिता शाह सतनाम जी महाराज फ्री आई कैंप के 32वें चरण की मंगलवार को शुरूआत हो गई।

कैंप में मरीजों की पर्चियां व जांच शाह सतनाम-शाह मस्तान जी धाम व मानवता भलाई केंद्र सिरसा में शेड के नीचे की जा रही है। जिसमें महिला व पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग केबिन बनाए गए है। कैंप में मरीजों की जांच देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से पहुंचे प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जा रही है।

चार दिवसीय कैंप का लाभ उठाने के लिए हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित देश के अनेक राज्यों से मरीज पहुंच रहे है और यह कार्य 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। कैंप में मरीजों के आंखों की जांच कर उनके ऑपरेशन 13 दिसंबर बुधवार से शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में स्थित आधुनिक ऑपरेशन थिएटरों में निन्शुल्क किए जाएंगे। इसके अलावा कैंप में मरीजों को दवाइयां व चश्में भी निन्शुल्क दिए जाएंगे। कैंप में अब तक 1100 से अधिक मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराने के लिए पंजीकरण करवा चुके है। जबकि जांच के पहले दिन 200 मरीजों की जांच की गई है।



शिविर में बुजुर्ग के नेत्रों की जांच करती चिकित्सक।

**यह चिकित्सक दे रहे है सेवाएं :** कैंप में दिल्ली से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. प्रदीप शर्मा, डा. अनुराधा शर्मा, पटियाला से डा. इकबाल, डा. कुलभूषण, शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल से नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. मोनिका गर्ग इन्सां, श्रीगुरुसर मोडिया से डा. गीतिका गुलाटी के अलावा रामा मेडिकल कॉलेज हापुड़, सरदार पटेल इंस्टीट्यूट लखनऊ, अमृता होस्पिटल फरीदाबाद, शिरडी साई बाबा मेडिकल कॉलेज जयपुर, वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज, सुभारती मेडिकल कॉलेज, एसआरएस मेडिकल कॉलेज आगरा, एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल, तीर्थकर मेडिकल कॉलेज से चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# 'बजाज आलियांज लाइफ ऐस-इन्क्रीजिंग इनकम' के साथ बढ़ते खर्चों को मात देने के लिए आमदनी को अपने अनुकूल बनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

**प्रमुख** निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी प्रमुख भागीदारी बचत योजना 'बजाज आलियांज लाइफ ऐस - इन्क्रीजिंग इनकम' लॉन्च की है। इंडस्ट्री में अपनी किस्म का यह पहला प्लान एक नॉन-लिंक्ड और पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत प्लान है, जो ग्राहकों को बढ़ती आय के निरंतर प्रवाह के साथ सशक्त बनाता है, और बढ़ती लागतों से उन्हें सुरक्षा प्रदान करता है।

यह योजना बड़े पैमाने पर ऐसे ग्राहकों के लिए डिजाइन की गई है जो वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य के लिए अपनी आवश्यकताओं और सामर्थ्य के अनुसार बचत कर सकते हैं। 'बजाज आलियांज लाइफ ऐस - इन्क्रीजिंग इनकम' को न केवल व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्यों के साथ जोड़ा गया है, बल्कि इसके तहत हर साल बढ़ती आय प्रदान की जाती है और इस तरह उभरते आर्थिक परिदृश्य में आमदनी को अपने अनुकूल बनाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। यह ग्राहकों को एक विश्वसनीय तंत्र और बढ़ती आय विकल्प के माध्यम से दैनिक जीवन की बढ़ती मांगों के खिलाफ ढाल प्रदान करता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, स्वास्थ्य देखभाल, दीर्घकालिक देखभाल और सेवानिवृत्ति के बाद के फंड के लिए योजना बनाना एक आवश्यकता बन जाती है और यह योजना इसके लिए पसंदीदा समाधानों में से एक हो सकती है। इस नई स्कीम की लॉन्चिंग के अवसर पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तरूण चुघ ने कहा, बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ तेजी से बदलते आर्थिक माहौल में हम समझते हैं कि ग्राहक मदद के लिए दीर्घकालिक संपत्ति बनाने के अवसर तलाशते हैं, ताकि वे अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकें। इसके अनुरूप ही हमने 'बजाज आलियांज लाइफ ऐस इन्क्रीजिंग इनकम' लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को यह निर्णय लेने के लिए अद्वितीय नियंत्रण प्रदान करता है कि वे अपनी आय और परिपक्वता लाभ कब प्राप्त करना चाहते हैं। बीमा उद्योग में इससे पहले इस तरह का कोई प्लान उपलब्ध नहीं था और अब इसे लॉन्च करते हुए हम खुशी का अनुभव कर रहे हैं। उल्लेखनीय बढ़ती आय, लचीलापन, कंपनी द्वारा लगातार बोनस देने की सुविधा के कारण हमारा यह नवीनतम प्रॉडक्ट ग्राहकों के विभिन्न जीवन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक शक्तिशाली निवेश उपकरण साबित होता है।" इसके अलावा, युवा पेशेवरों, नवविवाहितों, बच्चों वाले माता-पिता और स्व-रोज़गार व्यक्तियों जैसे ग्राहकों के एक विविध वर्ग की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, बजाज आलियांज लाइफ ऐस विकल्पों का एक स्पेक्ट्रम प्रस्तुत करता है।

पॉलिसीधारक प्रारंभिक आय विकल्प चुन सकते हैं, जो तत्काल खर्चों को पूरा करता है, आपकी भविष्य की पीढ़ियों के लिए विरासत छोड़ने के लिए धन विकल्प या सेवानिवृत्ति योजना के लिए रणनीतिक रूप से तैयार की गई बढ़ती आय विकल्प भी चुन सकते हैं। आय प्रवाह बनाने और नियंत्रित करने के विकल्प के साथ-साथ, बजाज आलियांज लाइफ ऐस यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों के पास अपने सभी विविध वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक ही योजना हो।

# भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर गतिविधियां हुई तेज

**सोहना।** भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा संगठन की विचारधारा को मजबूत करते हुए क्षेत्र के सभी प्रमुख जन को इस कार्यक्रम से जोड़ना है। कार्यकर्ता को पूरी जिम्मेदारी से अपना फर्ज निभाना होता है।



मंगलवार का सोहना में हुई भाजपा की पन्ना प्रमुख बनाने को लेकर कार्यक्रम में पहुंची जिला अध्यक्षा गार्गी कक्कड़।

मंगलवार को स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गौरव चुग ने की। इस अवसर पर कुंवर राजीव सिंह , जिला महामंत्री मनीष गाडौली एवं महेश यादव, उपाध्यक्ष हरवीर अधाणा , जिला सचिव निधि राघव, राधेश्याम सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता डॉ सतीश तंवर, तावडू मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा , भोंडसी मंडल अध्यक्ष रामकिशन, अन्य, संगठन के दायित्व एवं पदाधिकारी गण इस बैठक में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अनेकों नए सदस्यों ने पार्टी के सदस्य ग्रहण की, जिन्हें पटका पहनकर अध्यक्ष जी ने सम्मानित किया। अग्रवाल धर्मशाला में गुरुग्राम भाजपा गार्गी कक्कड़ ने कहा आगामी विधानसभा स्तर के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। गार्गी कक्कड़ ने बताया कि संगठन की विचारधारा को मजबूत करते हुए क्षेत्र के सभी प्रमुख जन को इस कार्यक्रम से जोड़ना है। विशेष रूप से संगठन से पूर्व में किसी भी दायित्व पर जुड़े हुए लोग जो आज वर्तमान में दायित्ववान है। उनसे भी संपर्क कर उन्हें पन्ना प्रमुख बनना है। क्षेत्र के मोजिज लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने ऐसी चिंता भी सभी दायित्वन कार्यकर्ताओं ने करनी है!

# सब्जी आढ़तियों ने वार्षिक फीस का कड़ा विरोध जताते हुए सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सब्जी** आढ़तियों ने मार्केट कमेटी द्वारा टैक्स की वार्षिक किस्त लेने का कड़ा विरोध किया। आढ़तियों ने इस संबंध में मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए सचिव को ज्ञापन सौंपा।

मार्केट कमेटी सरकार के आदेश पर सब्जी आढ़तियों से अब टैक्स की वसूली एक साल की एक किस्त में लेगी। जिसको लेकर स्थानीय सब्जी आढ़तियों को 15 दिसम्बर तक का वार्षिक फीस जमा करने के निर्देश जारी कर दिए गए थे। 15 दिसम्बर के बाद से मार्केट कमेटी सब्जी आढ़तियों से वार्षिक फीस की वसूली करेगी। मार्केट कमेटी के इस फरमान से निराश सब्जी आढ़तियों ने मंगलवार को नये नियम का कड़ा विरोध किया। विरोध करते हुए मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचे। जहा पर नये कानून का विरोध करते हुए अपना मांग पत्र कमेटी सचिव सुनीता शर्मा को सौंपा।

**दो प्रकार से होगी फीस की वसूली :** मार्केट कमेटी 15 दिसम्बर के बाद से स्थानीय मंडी में बैठे सब्जी कारोबारियों से दो अलग-अलग नियम के तहत वार्षिक फीस की वसूली करेगी। सब्जी के होलसैल बिक्रेता से 70 हजार रुपये की वार्षिक फीस लेगी। जबकि सब्जी के कमिशन एजेंट से बनाएं गए बिक्री के आधार पर फीस वसूली की जाएगी। जिसकी शुरुआत एक साल में 20 हजार की सब्जी बेचने वाले से साढ़े बाहर हजार रुपये वार्षिक फीस के आधार पर ली जाएगी। 60 से 80 हजार की सब्जी बिक्रेता से वार्षिक फीस एक लाख साढ़े 12 हजार रुपये। एक लाख से एक लाख से सवा लाख वाले से एक लाख 40 हजार रुपये। 5 लाख या इससे अधिक रुपये का कारोबार करने वाले आढ़ती से 6 लाख 87 हजार रुपये वार्षिक फीस जमा करानी होगी।



मंगलवार को सोहना की सब्जी मंडी आढ़ती अपनी मांगों को लेकर मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए।

> "सरकार के आदेशों की पालना करते हुए 15 दिसम्बर के बाद से आढ़तियों से पूरे साल की अग्रीम फीस वसूली जाएगी। फीस जमा न कराने वाले आढ़ती को नोटिस दिया जाएगा। आढ़तियों की मांग को उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दिया है।
>
> **( सुनीता शर्मा-सचिव मार्केट कमेटी सोहना )**

**सब्जी आढ़तियों की मांग :** सब्जी आढ़तियों द्वारा सौंपा गया ज्ञापन में मांग करते हुए पूरे साल एक मौसम न होने की बात कही है। पूरे साल आढ़तियों का कारोबार एक जैसा नहीं रहता है। फसल खराब होने पर आढ़ती को हाथ पर हाथ रखकर बैठना होता है। आढ़तियों की मांग है कि पूरे साल में मौसम एक जैसा न होने पर उसकी आय एक जैसी नहीं होती है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 13 दिसंबर, 2023



# अनुच्छेद 370 निरस्त

## सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**अनुच्छेद 370 निरस्त** करने पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी मुहर लगाते हुए कहा कि यह केन्द्र सरकार के विधिक अधिकारों के दायरे में आता है। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने एक विवाद का अंत कर दिया है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 निरस्त करने का केन्द्र सरकार का निर्णय सही ठहराते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि वहां 30 सितंबर, 2024 से पहले चुनाव करा लिए जांए। इस प्रकार जम्मू कश्मीर के भावी दर्जे पर भी किसी भ्रम को समाप्त करते हुए अदालत ने कहा है कि उसका राज्य का दर्जा जल्दी से जल्दी बहाल कर दिया जाए। घाटी की पार्टियों तथा विपक्षी दलों व खासकर कांग्रेस द्वारा लंबे समय से जारी आक्रामक प्रचार के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय ने 5 अगस्त, 2019 को लिए केन्द्र सरकार के निर्णय पर सहमति की मुहर लगा दी जिसके माध्यम से जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। इस निर्णय में राष्ट्रीय सुरक्षा सरोकारों को सर्वोच्च स्थान दिया गया था। विशेष दर्जा विवादास्पद मुद्दा था और अक्सर अलगाववादी तत्व इसका लाभ उठाते थे। नरेन्द्र मोदी नीत राजग सरकार के कदम का उद्देश्य इस क्षेत्र को बाकी भारत के साथ ज्यादा मजबूती से जोड़ना और राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन करना था। अब इस क्षेत्र को वही संवैधानिक व विधिक प्राविधान प्राप्त है जो भारत के अन्य राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को मिले हैं। इससे नागरिकों में समानता की भावना पैदा होती है। आर्थिक रूप से इस निर्णय ने जम्मू कश्मीर के विकास में उत्प्रेरक का काम किया है। केन्द्र की नीतियों से जुड़ने के बाद इस क्षेत्र में ज्यादा निवेश आकर्षित होगा, आर्थिक वृद्धि तेज होगी तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



लेकिन अनुच्छेद 370 निरस्त करने से राजनीतिक अशांति पैदा हुई थी। कुछ नेताओं का मानना था कि इससे जम्मू कश्मीर की विशेष पहचान बाधित हुई है। यह अशांति विरोध प्रदर्शनों में दिखी थी जिससे इस क्षेत्र की जटिल क्षेत्रीय गत्यात्मकताओं का पता चलता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस निरस्तीकरण से लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ था और कुछ देशों ने स्थिति पर चिन्ता प्रकट की थी। इस कदम से वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के परस्पर संबंधों पर विचार-विमर्श हुआ था। हालांकि, ऐसे निर्णय कम ही होते हैं जिनसे इतिहास का रास्ता बदलता या सही होता है। अनुच्छेद 370 निरस्त करना भी ऐसा ही एक निर्णय था, हालांकि यह भाजपा का चुनावी वादा भी था। लेकिन यदि स्थानीय लोगों के सरोकारों का ध्यान रखते हुए यह कदम ज्यादा लोकतांत्रिक तरीके से उठाया गया होता तो इतना विवाद न पैदा होता। मोदी सरकार को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि इस कारण कोई हिंसा नहीं हुई, हालांकि लोगों को कुछ कष्ट जरूर उठाने पड़े। अनुच्छेद 370 लागू करने के बाद से भू-राजनीति और जमीनी यथार्थ में व्यापक परिवर्तन आए हैं। अब किसी राज्य द्वारा अलग झंडा या अलग संविधान रखना प्रासांगिक नहीं माना जाता है। आखिरकार अनुच्छेद 370 निरस्त करने का यह कदम जम्मू कश्मीर की बेहतरी के लिए है। इससे उसकी अनेक सरकारी नीतियों तक पहुंच सुनिश्चित होगी जिनका क्रियान्वयन पहले उसके विशेष दर्जे के कारण संभव नहीं था। इस निर्णय का जम्मू कश्मीर तथा व्यापक रूप से पूरी भारतीय राजनीति पर गहरा असर पड़ेगा। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने अनुच्छेद 370 निरस्त करने तथा जम्मू कश्मीर का भविष्य निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

# सांस्कृतिक स्पष्टता व औपनिवेशिक सोच

सांस्कृतिक स्पष्टता बनाने में बड़ी बाधा औपनिवेशिक सोच बना रहना तथा आंतरिक मतभेद हैं। भारतीय राजनय वर्तमान समय में इनसे निपटने के प्रयास कर रही है।



**नीलांत इलंगामुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत के विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने हाल ही में भाषण देते हुए 'भारत' की पहचान पुन: स्थापित करने तथा मुख्यभूमि की प्रतिबद्धता परिभाषित करने पर अपने विचार प्रकट किए। एक प्रतिबद्ध राजनयिक के रूप में उन्होंने लगातार रणनीतिक संस्कृति की अवधारणा का महत्व रेखांकित किया है। उन्होंने दक्षिण एशिया को प्रभावित करने वाली समस्या पर गौर किया है जहां स्वतंत्रता तथा उत्पीड़क विधियों, जैसे जाति व्यवस्था का सहअस्तित्व बना हुआ है। औपनिवेशिक शक्तियों ने इसका रणनीतिक लाभ उठाते हुए जीवन के सभी आयामों को जोड़ने वाली हमारी जड़ों पर प्रहार किया था।

दु:ख की बात है कि अनेक देशों ने छद्म-देशभक्ति की अवधारणा अपनाई, उसे गलत राष्ट्रवादी विमर्शों से जोड़ा तथा तथाकथित स्वतंत्रता की पहचान में पहचान के आधारभूत सिद्धान्तों की अनदेखी की। इस संदर्भ में जयशंकर ने समाज में 'सिकंदर महान' जैसे व्यक्तियों की प्रशंसा की खतरनाक प्रवृत्तियों तथा अशोक महान जैसे महान व्यक्तियों की अनदेखी की ओर संकेत किया, जबकि इस अंतिम दक्षिण एशियाई शासक ने रणनीतिक संस्कृति का महत्व समझा था। अशोक ने जीवन्त हिंदू परंपरा के समक्ष बौद्ध धर्म को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने राष्ट्र के सांस्कृतिक ढांचे में अंतर्निहित गतिशीलताओं को समझा था। भारत के विदेश मंत्री ने रणनीतिक संस्कृति के मूल तत्व को परिभाषित करते हुए इसे विश्वासों, मूल्यों और व्यवहारों के ऐसे मिश्रण के रूप में परिभाषित किया जिनका प्रयोग शासन सत्ता करती है।

भू-राजनीतिक स्थितियों, इतिहास व राजनीतिक संस्कृति में जड़ें जमाए रणनीतिक संस्कृति राष्ट्र के रणनीतिक विचारों और कार्यों को मूलरूप से स्वरूप देती है। यह एक समन्वित व्यवस्था के रूप में काम करती है जिसमें तार्किक संरचनायें, भाषायें, विश्लेषण और कहावतें व्यापक तथा स्थायी रणनीतिक पसंदें निर्धारित करती हैं। जयशंकर ने जोर दिया कि वास्तविक रणनीतिक संस्कृति लंबे समय तक बनी रहती है तथा ऐतिहासिक युगों और समकालीन विश्लेषणों में भी लगातार उसकी वरीयता बनी रहती है। इसके लिए इन पसंदों को आधिकारिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है जिसमें जटिल अंतर-राज्य राजनीति में उनका विशिष्ट यथार्थ और प्रभावशीलता सामने आती है। इस प्रकार मूल रूप से रणनीतिक संस्कृति किसी राष्ट्र की रणनीतिक पसंद को निर्धारित करने वाली शक्ति बन जाती है और यह आधिकारिक राष्ट्रीय पहचान निर्धारित करने में महत्वपूर्ण दृढ़ तत्व का काम करती है।

लेकिन सांस्कृतिक रणनीति बाहरी लोगों के समक्ष इतिहास के गरिमापूर्ण विमर्श के प्रस्तुतीकरण से आगे जाती है। इसका मूल राष्ट्र के भीतर ढांचागत संकटों से निपटने का काम करते हुए अपने सामान्य नागरिकों की समृद्धि को अभूतपूर्व स्तरों तक ले जाना है। जब जनसंख्या का बड़ा हिस्सा राज्य द्वारा प्रदत्त मुफ्त राशन पर निर्भर होता है या उसे अपराध दरों में वृद्धि का सामना करना पड़ता है तो एक महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आता है। इससे न केवल देश का आंतरिक स्थायित्व प्रभावित होता है, बल्कि सावधानी से बनाई गई अंतरराष्ट्रीय छवि भी प्रभावित होती है। हाल ही में राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट द्वारा किए खुलासे चिन्ताजनक हैं। वर्ष 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,45,256 मामले दर्ज हुए जो पिछले साल की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक थे। समान रूप से चिन्ताजनक है कि बच्चों के खिलाफ अपराधों में भी 8.7 प्रतिशत वृद्धि हुई और ये 1,62,449 तक पहुंच गए। वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों में 9.3 प्रतिशत वृद्धि होकर ये 28,545 तक पहुंच गए। अनुसूचित जातियों-एससी व अनुसूचित जनजातियों-एसटी के खिलाफ अपराध दरों में 13.1 प्रतिशत तथा 14.3 प्रतिशत वृद्धि हुई। समग्र रूप से अपराध दर 2021 में 25.3 प्रतिशत व 2022 में 28.6 प्रतिशत बढ़ी। उल्लेखनीय है कि विदेशियों के खिलाफ अपराधों में 28 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई जिसमें चोरी व बलात्कार का बड़ा हिस्सा है। चिन्ताजनक रूप से एशियाई महाद्वीप के पीड़ित 56.8 प्रतिशत तथा अफ्रीकी देशों के 18 प्रतिशत थे।

मानव व्यापार मामलों में 2.8 प्रतिशत वृद्धि हुई जिसमें 6,036 पीड़ितों में 2,878 बच्चे तथा 3,158 वयस्क थे। रिपोर्ट में गायब लोगों की संख्या में 13.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ ये मामले 2022 में कुल 4,42,572 हो गए। हालांकि, विगत वर्षो में देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा आतंकवादी व विघटनवादी अपराधों की संख्या नगण्य रह गई है, पर इस गंभीर स्थिति पर फौरन ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही देश की अखंडता व अंतरराष्ट्रीय छवि बनाए रखने के लिए इन सामाजिक बुराइयों से निपटने की जीवन्त सांस्कृतिक रणनीति बनाई जानी चाहिए। भले ही यह पूरी तरह इतिहास या सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्र में न आती हो, पर जवाहरलाल नेहरू ने दक्षिण एशिया में स्थाई सांस्कृतिक निरंतरता की शानदार समझ प्रदर्शित की थी।

भारत के इतिहास व प्राचीन साहित्य पर विचार करते हुए उन्होंने विचार की जीवन्तता, भाषा की स्पष्टता तथा सोच की समृद्धि रेखांकित की थी जो इस क्षेत्र में पांच हजार साल तक चली। उन्होंने सांस्कृतिक परंपराओं के स्तरों की पहचान करते हुए हमलावरों और विद्रोहों का प्रभाव रेखांकित किया, लेकिन इसके बावजूद उस स्थाई तंतु को भी महत्व दिया जो विभिन्न पीढ़ियों को आपस में जोड़ता था। पूर्व विदेश सचिव व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जे.एन. दीक्षित ने भारत की विदेश नीति को प्रभावित करने वाले दो तत्वों-चाणक्य के रणनीतिक विवेक तथा अशोक की सद्भावनापूर्ण सोच को रेखांकित किया है। जहां चाणक्य के यथार्थवाद ने एक धारा को निर्देशित किया, वहीं भगवान बुद्ध से प्रभावित अशोक के आदर्शों ने एक और अंतर्निहित धारा को जन्म दिया जिसमें सामूहिक चेतना का मुख्य स्थान था।

समकालीन युग में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की विदेश नीति के मुख्य आयामों पर जोर देते हुए कहा कि इसमें स्वयं को पश्चिमी पैराडाइमों और विमर्शों से मुक्त करने की खोज विद्यमान है। उन्होंने जोरदार ढंग से तर्क दिया कि भारत पहली ऐसी गैर-पश्चिमी शक्ति है जिसका 1945 के बाद महत्वपूर्ण उभार हुआ है। उसे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हुए विश्व स्तर पर अपना विशिष्ट व्यक्तित्व व विमर्श अवश्य प्रस्तुत करना चाहिए। पश्चिम में भारत की परस्पर संबंद्ध विचार प्रक्रियाओं के बारे में व्याप्त अज्ञान की गहन आलोचना करते हुए जयशंकर ने उचित समझदारी विकसित करने का आह्वान किया।

उन्होंने इस बात पर दु:ख प्रकट किया कि भारतीय रणनीतिक सोच में महाभारत जैसे महाकाव्यों को उचित स्थान नहीं दिया गया जो एक प्रकार से तत्कालीन संकुचित दृष्टिकोण का प्रमाण है। जयशंकर ने इस विकृति को दूर करने की भावनात्मक अपील करते हुए बहु-सांस्कृतिक समझदारी पैदा करने का महत्व रेखांकित किया। यह समझदारी वर्तमान सचमुच बहु-ध्रुवीय दुनिया की जटिलताओं को समझने के लिए जरूरी है। हालांकि, रणनीतिक संस्कृति बनाने में बड़ी बाधा औपनिवेशिक सोच के बचे-खुचे अवशेष तथा इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाले आंतरिक मतभेद हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण सवाल पैदा होते हैं कि कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश को उनकी संकुचित सीमाओं से बाहर करने का नेतृत्व कौन करेगा। इसके साथ ही वर्तमान ध्रुवीकरण को समाप्त कर परस्पर सम्मान के आधार पर एकता स्थापित करने की आवश्यकता है जिसमें एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं का ध्यान रखा जाए। रणनीतिक संस्कृति का यही मूलाधार है।

यह केवल राजनीतिक उपकरण न होकर एक मूलभूत अवधारणा है जिसमें राष्ट्रों के बीच व उनके भीतर समन्वय स्थापित करना शामिल है। असाधारण वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए रणनीतिक संस्कृति का आहुवान एकता को पोषित करने, राजनीतिक गतिविधियों को समुचित स्थान देने तथा सामूहिक भविष्य की ओर रास्ता तय करने की प्रेरणा देता है।

# सकारात्मक दृष्टिकोण का महत्व

"मानसिक रूप से मजबूत व सकारात्मक दृष्टिकोण वाला व्यक्ति हमेशा वर्तमान समय में जीवित रहता है। यह सफलता का प्रमुख मार्ग है।"

**रवि वल्लूरी**
(लेखक, रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)



मानसिक रूप से मजबूत व सकारात्मक दृष्टिकोण वाला व्यक्ति हमेशा वर्तमान समय में जीवित रहता है। पाठकों को 'लार्डस' में उस उल्लेखनीय रविवार शाम की याद होगी। 1983 में उस समय भारत 183 रन का बचाव कर रहा था तथा महिंदर अमरनाथ माइकेल होल्डिंग के एलबीडब्लू का शिकार हो गए थे। हमने विश्व कप जीत लिया था जिसे उस समय प्रूडेंशियल कप कहा जाता था। ऐसा पहली बार हुआ था जब भारतीय झंडे पूरे स्टेडियम में फहराये गये थे और भारतीयों ने एकजुटता के साथ उस विजय का उत्सव मनाया था। यह भारतीय क्रिकेट टीम की सकारात्मक सोच का नतीजा था जिसका नतीजा सकारात्मक परिणाम के रूप में सामने आया था। बर्था कैलोवे ने लिखा था, 'हम हवा को दिशा नहीं दे सकते हैं, पर अपने मस्तूल उसे देख कर व्यवस्थित कर सकते हैं।'

सवाल है कि कुछ लोग मानसिक रूप से मजबूत क्यों होते हैं और दूसरे नहीं? निर्णायक व्यक्ति तथा ऐसे व्यक्ति में क्या अंतर होता है जो केवल गुस्सा करते हुए अतीत में जीवित रहता है? मानसिक शक्ति और दृष्टिकोण मुख्यत: दो महत्वपूर्ण तत्वों पर निर्भर करते हैं। ये बहिर्मुखी और अंतर्मुखी हैं। बहिर्मुखी और अंतर्मुखी कौन हैं? बहिर्मुखी व्यक्ति सामान्य रूप से खुले, सामाजिक तथा सामाजिक रूप से आक्रामक होते हैं और उनका दृष्टिकोण बाहरी दुनिया से निर्धारित होता है। इसके उलट अंतर्मुखी आत्मकेन्द्रित तथा दूसरों की तुलना में आमतौर से प्राकृतिक रूप से ज्यादा संकोची होते हैं। वे आमतौर से केवल अपने पर, अपने विचारों और अपनी भावनाओं पर ध्यान देते हैं। कार्ल जंग जैसे प्रख्यात मनोवैज्ञानिक गहराई से विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि मनुष्यों में दोनों प्रकार के दृष्टिकोण होते हैं, यानी वे बहिर्मुखी व अंतर्मुखी दोनों होते हैं।



अपरिहार्य रूप से बहिर्मुखी सोच का नतीजा तार्किक व वस्तुनिष्ठ सोच होती है जो कभी-कभी अंधविश्वासी हो सकती है। ऐसे व्यक्ति प्रकृति से रचनात्मक होते हैं तथा अवसरों का लाभ उठाते हैं। दूसरी ओर अंतर्मुखी व्यक्ति संकोची व आत्मकेन्द्रित होते हैं तथा अपनी सोच का प्रदर्शन नहीं करते हैं। ऐसे में देखें कि उस महत्वपूर्ण रविवार को 'क्रिकेट का मक्का' कहे जाने वाले लार्डस में क्या हुआ था। मैदान में धूप खिली थी, भारतीय टीम बहिर्मुखी हो गई थी और वेस्ट इंडियन क्रिकेट टीम अंतर्मुखी हो गई थी। शायद हम अपने दिमाग में इस सोच को एक गणितीय समीकरण से समझ सकते हैं। मानसिक शक्ति कुल मिला कर सकारात्मक दृष्टिकोण व बहिर्मुखी दृष्टिकोण का योग होता है, बशर्ते कि उसमें से अंतर्मुखी व्यक्तित्व को निकाल दिया जाए। अलग परिवेश से आए लोग वर्तमान में जीवित रह कर जीवन में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले तथा समस्याओं पर पार कर सकते हैं। एक युगल की बेटी दु:खद दुर्घटना में काल कवलित हो गई थी, पर इसके बावजूद 'आर्ट आफ लिविंग' द्वारा प्रदत्त शक्तिशाली तकनीकों के माध्यम से वे इस समस्या से निपटने और अपना जीवन पुन: व्यवस्थित करने में सफल हुए। इनमें सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, योग, ध्यान तथा सेवा शामिल हैं।

एक अन्य साथी की पत्नी का देहांत हो गया था, पर आर्ट आफ लिविंग के विभिन्न कोर्सों में शामिल होने के बाद वे अपना जीवन व्यवस्थित कर सके। वे न केवल कोर्सों में भाग लेते हैं, बल्कि लगातार कोर्स कराते तथा प्रसन्नता की लहरों का प्रसार करते हैं। रेलवे के एक अन्य मित्र को पता लगा कि उनकी बेटी जीवन को संकट में डालने वाले कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने ईश्वर के समक्ष समर्पण करते हुए आर्ट आफ लिविंग की तकनीकों का अनुसरण करते हुए अपना जीवन बदलने में सफलता प्राप्त की। अब उन्होंने रेलवे छोड़ कर एक साफ्टवेयर कंपनी शुरू की है तथा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

ये सभी सामान्य लोग हैं। लेकिन उनका गुरुदेव श्री श्री रविशंकर में अगाध विश्वास है और वे साधना, सत्संग, सुदर्शन क्रिया, ज्ञान और सेवा के मूल मार्ग पर चल रहे हैं। इससे उनके जीवन में संतुलन आया है। ऐसे असंख्य उदाहरण हैं जहां गुरुदेव ने आवश्यक दिशा दी है और भक्तों ने उनका अनुसरण किया है। वे सभी वर्तमान जीवन में प्रसन्न हैं।

मानसिक रूप से सशक्त व्यक्ति निरर्थक विचारों का दास नहीं बनता है। ऐसा व्यक्ति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है, भावनाओं पर नियंत्रण रखता है तथा इनसे व्यथित नहीं होता है। ऐसे व्यक्ति आसानी से तनाव का शिकार नहीं बनते हैं, अपने जीवन की गुणवतता सुधारते हैं तथा अपना प्रदर्शन बेहतर बनाते हैं। लेकिन इसके लिए किसी व्यक्ति को नियमित अभ्यास करना चाहिए। वे अपने प्रति दया का शिकार नहीं बनते हैं। कहा जाता है कि 'अपने प्रति दया सर्वाधिक विनाशकारी, गैर-औषधीय नशा, तथा एक प्रकार का नशा है जिससे क्षणिक आनन्द की अनुभूति होती है, पर इससे पीड़ित व्यक्ति यथार्थ से कट जाता है।'

## आप की बात

### जम्मू कश्मीर की प्रगति

**जम्मू-कश्मीर** भारत का अभिन्न अंग रहा है और रहेगा किन्तु कुछ क़ानूनी अड़चनें जैसे 370 और 35 ए के साथ ही आतंकी गतिविधियों ने वहां अशांति पैदा कर रखी थी जिसके कारण वहां बाकी भारत के लोगों को पूरे संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले ने जम्मू कश्मीर की निरंतर प्रगति सुनिश्चित की है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने इस फैसले से मोदी सरकार के साहस, संवैधानिक कार्य तथा देश की प्रगति के लिए बाधायें हटाने के दृष्टिकोण पर न्यायिक मुहर लगा दी है। दशकों पहले पुराने प्राविधानों के कारण वहां से हजारों स्थाई लोगों को पलायन को मजबूर होना पड़ा था। कुछ संकुचित सोच वाले राजनीतिक स्वार्थी तत्व भले ही सुप्रीम कोर्ट के 370 व 35 ए को हटाने के सरकार द्वारा पूर्व में लिए निर्णय को बरक़रार रखने के फैसले से असंतुष्ट हों, किन्तु पूरा देश इस फैसले से बहुत खुश है। देश की 140 करोड़ जनता की मेहनत और आशीर्वाद से जम्मू-कश्मीर के लिए उन्नति के नए रास्ते खुले हैं। उम्मीद है कि मोदी सरकार न्यायालय द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर जम्मू कश्मीर में चुनाव करा कर आलोचकों का मुंह हमेशा के लिए बंद कर देगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### अमानवीय फैसला

**ऋषि सुनक** सरकार के इस अमानवीय फैसले की जितनी निंदा की जाए वो कम है। ब्रिटेन द्वारा प्रशिक्षित व वित्तपोषित अफ़ग़ान विशेष बलों के लगभग 200 सदस्यों को पाकिस्तान सरकार द्वारा उनकी तालिबान.नियंत्रित मातृभूमि में शीघ्र वापस भेजने का कार्य जोरशोर से चल रहा है। पाकिस्तान को ऐसा नहीं करना चाहिए। उसे यह मालूम है कि इन पूर्व सैनिकों ने ब्रिटेन के मातहत तालिबान आतंकियों से संघर्ष किया था। ऐसे में इन्हे वहां भेजने से इनकी जान को खतरा है। जिनेवा समझौते के तहत पाकिस्तान ऐसा नहीं कर सकता है। इस मामले में सबसे बड़ा विश्वासघात तो ब्रिटिश सरकार कर रही है। उसे इन 200 पूर्व लड़ाकू सैनिकों को अपने देश में शरण देनी चाहिए। यह उसका दयित्व भी है। 2021 में पूर्व प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन ने संसद को बताया था कि इन अफ़ग़ान विशेष बलों की सेवा अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा था कि ब्रिटेन उनके लिए सुरक्षित मार्ग प्राप्त करने के लिए जो संभव हो वह करेगा। ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली वर्तमान ब्रिटिश सरकार को अपने पूर्व प्रधानमंत्री के वादे पर अमल करते हुए उनको अपने देश में शरण देनी चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### आकाश की चुनौतियां

**मायावती** ने पार्टी उत्तराधिकारी के रूप में आकाश आनंद को घोषित कर अपनी राजनीति को नए सिरे से धार देने का प्रयास किया है। आकाश आनंद और पार्टी की आने वाले समय में अग्नि परीक्षा होगी? सवाल है कि क्या बसपा नए सिरे से दलितों-बहुजनों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप साहसी निर्णय लेते हुए उनको सत्ता तक पहुंचाने में सफल होगी? यदि आकाश आनंद आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए बुद्धिजीवियों, दलित-समर्थक संस्थानों, मीडिया, पत्रकारों, साहित्यकारों, आदि को अपने साथ लाने में सफल हुए तो वे बसपा को पुनर्जीवित करने में योगदान कर सकेंगे। सवाल यह भी है कि ब्रिटेन में पढ़े-लिखे आकाश आनन्द भारत में जमीनी स्तर पर सबसे गरीब दलितों की स्थिति कहां तक समझते हैं और उनसे कहां तक जुड़ सकते हैं। विडंबना है कि कांशीराम के अधिकांश साथी व बसपा के संस्थापक आज मायावती से अलग हो चुके हैं। ऐसे में जल्दी से विश्वसनीय दलित-बहुजन नेतृत्व खड़ा करने की चुनौती भी उनके समक्ष है। उनके पास 2024 व 2027 में परीक्षाओं के लिए समय भी बहुत कम है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### सूर्य को प्रणाम

**सर्दियों** के दिनों में गुनगुनी धूप सुखद अनुभव प्रदान करती है। यदि आप धूप में बैठकर मालिश और योगा कर सकें तो एक घंटा रोज प्रात:कालीन धूप में यह सब करने से शरीर के सभी अंग, हड्डियां आदि मजबूत होती हैं। वैसे भी सूर्य के बिना मानव जीवन ही नहीं संपूर्ण वनस्पतियों व जीव जंतुओं का जीवन असंभव है। मगर अपने-अपने फ्लैटों में दुबके हुए लोग खुली धूप का मजा चाह कर भी नहीं ले पाते हैं। सूर्योदय के समय सूर्य नमस्कार व सूर्य को जल आदि चढ़ाना बड़ी संख्या में हिंदुओं की परंपरा रही है। यह सूर्य के प्रति आभार है जो हमें ऊष्मा के साथ-साथ भोजन भी उपलब्ध कराता है सूर्य की रोशनी में ही प्रकाश संश्लेषण करके पौधे न सिर्फ खुद को जीवित रखते हैं बल्कि मानव जाति को फल-फूल, ताजी हवा और ठंडी छांव देते हैं। अब तो सौर ऊर्जा द्वारा मानव की ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा किया जाने लगा है। भविष्य में सूर्य की ऊर्जा और अधिक कारगर सिद्ध होगी। भारत का सूर्ययान उसे प्रणाम करने पहुंचा है और हम धरती से भी सूर्य को प्रणाम करते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# नागरिकों के जीवन में सुरक्षा व समृद्धि की वाहक है 'मोदी जी की गारंटी वैन'

## मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत एक साथ 4 लाख से अधिक लोगों से किया वर्चुअल संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत गांव-गांव, नगर-नगर पहुंच रही 'मोदी जी की गारंटी वैन' को हर एक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का वाहक कहा है। मंगलवार को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत एक साथ 4 लाख से अधिक लोगों से वर्चुअल संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जिस भी गांव में,नगर में मोदी जी की गारंटी वैन पहुंचे, वहां स्थानीय लोग गाजे-बाजे के साथ स्वागत इसका करें। जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वह मोदी जी की गारंटी वैन के पास आएं। 'अपनी जुबानी अपनी कहानी' सुनाएं। लोगों को अपने अनुभव बताएं, यह औरों के लिए प्रेरणास्पद होगा। जो लोग गांव में आवास, शौचालय, रसोई गैस सिलिंडर, निशुल्क राशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान बीमा जैसी किसी भी योजना से अब तक किन्हीं कारणों से वंचित रह गए हों, उन्हें वैन के पास लाएं और तत्काल योजना से लाभान्वित कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर प्रदेशवासी मोदी जी की गारन्टी वैन पर प्रधानमंत्री का संदेश सुनें, सरकार की योजनाओं से परिचित होकर लाभान्वित हों। उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार का लक्ष्य डबल इंजन सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से पूरे प्रदेश को 100 फीसदी संतृप्त करने का है।

490 ग्रामीण क्षेत्रों और 18 नगरीय क्षेत्रों में संचालित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में सहभागी 04 लाख से अधिक लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'सबका साथ-सबका विकास' एक नारा भर नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प है, एक कार्यसंस्कृति है। बीते



### कहा, सबका साथ-सबका विकास, नारा ही नहीं एक संकल्प

साढ़े 09 वर्षों में पूरे देश ने इस संकल्प को देखा जाना और स्वीकार किया है और यथार्थ में बदलते देखा है। वर्ष 2014 से पहले सरकारी योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर दिया जाता था लेकिन मोदी जी के शासनकाल में गरीब, महिला और वंचित तबके तक बिना भेदभाव हर योजना का लाभ मिल रहा है।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के महत्व की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लोककल्याण के लिए योजनाएं संचालित करना भर पर्याप्त नहीं होता, आवश्यक है कि योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक आसानी से और समय पर मिले। तमाम प्रयासों के बाद भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो लोककल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं हो सके हैं। ऐसे लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय दिवस (15 नवंबर) को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रारंभ की गई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी वर्ग सहित हर जागरूक नागरिक का आह्वान करते हुए कहा कि यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है कि सरकार की योजनाओं से वंचित अपने आस-पास के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ जरूर दिलाएं। विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विशेष यात्रा में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' थीम पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आप लोगों के लिए ही है। मोदी जी की गारंटी वैन के पास एकत्रित लोगों को अपने अनुभव बताएं, यह औरों के लिए प्रेरणास्पद होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं से जुड़ने का अर्थ है जीवन में खुशहाली लाना। पूर्ववर्ती सरकारों के समय की स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सेक सूची जब बनी थी तब केंद्र व राज्य में भाजपा सरकारें नहीं थीं। ऐसे में आवास आदि योजनाओं से बड़ी संख्या में लोग वंचित रह गए। मोदी सरकार में नए सिरे से लाभार्थियों का चयन हुआ और परिणामस्वरूप बीते साढ़े 09 वर्षों में देश मे 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय बने हैं, जिसमें साढ़े 03 करोड़ अकेले उत्तर प्रदेश में हैं। गरीब के घर शौचालय बने यह कोई सोचता नहीं था। किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने का सपना मोदी सरकार में पूरा हो रहा है। 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मिल रही है। अकेले यूपी के 2.63 करोड़ किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। देश में 4 करोड़ और प्रदेश में 55 लाख लोगों को आवास की सुविधा मिली है।

देश में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सालाना 05 लाख रुपए के स्वास्थ्य बीमा की गारंटी मिली है। प्रदेश में 10 करोड़ लोग इस योजना से जुड़ हैं। 80 करोड़ लोग निशुल्क राशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' का संकल्प साकार होने की परिकल्पना की है। यह स्वप्न सभी के सहयोग से सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री के 'पंच प्रण' विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में हम सभी पथ प्रदर्शित कर रहे हैं।

## बांदा में 29.46 करोड़ रुपए खर्च कर 46 परियोजनाओं को दी जाएगी गति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार विशेषतौर पर बुंदेलखंड के समेकित विकास का वृहद खाका खींच रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार बुंदेलखंड के तमाम क्षेत्रों में विकास के नए सोपान जोड़ने के लिए विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण किया गया था और अब इस कार्ययोजना के एक अहम पड़ाव के तौर पर बांदा में 29 करोड़ रुपए की लागत से कुल 46 परियोजनाओं को गति देने की हरी झंडी मिल गई है। इस क्रम में बुंदेलखंड विकास निधि (राज्यांश अनुदान) के रूप में धनराशि आवंटन के लिए प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति भी शासन द्वारा दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस धनराशि आवंटन के जरिए क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के संपर्क मार्गों के निर्माण व दुरुस्तीकरण प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी तथा विशेष तौर पर जिला मुख्यालय से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों की मरम्मत से गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश में विशेषतर पर बुंदेलखंड क्षेत्र के औद्योगिक, नागरिक, परिवहन व औद्योगिक उन्नति के लिए बड़े स्तर पर परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा चुका है। साथ हीए जल्द ही कई अन्य परियोजनाओं को भी लागू करने की दिशा में कार्य हो रहे हैं। ऐसे में काफी समय से उपेक्षित रहे बुंदेलखंड के ग्रामीण इलाकों को तहसील, ब्लॉक व जिला मुख्यालयों से जोड़ने के कार्य में तेजी लाई जा रही है। ऐसे में संपर्क मार्गों समेत तमाम अवसंरचनाओं के निर्माण व रखरखाव की गतिविधियों को तेजी देने की दिशा में वर्तमान धनावंटन का उपयोग किया जाएगा। इनमें कुल मिलाकर 46 कार्य योजनाओं को गति दी जाएगी जिसमें बिनवट-परसौली, बुढौली से पाली ग्राम, अतर्रा रोड से वंशीपुरवा (कोरम), भभुआ से बम्हरौला, कायल से रेयान, महुआ से सेमरिया, गोविंदपुर से रागौल, मुरादपुर से क्योटरा, बांदा-प्रयागराज मार्ग से बनसखा तथा सहेवा से जखनी के बीच संपर्क मार्गों की मरम्मत, निर्माण व दुरुस्तीकरण प्रक्रिया को मुख्य रूप से पूर्ण किया जाएगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राजभवन में मंगलवार को शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## यात्री 16 से एसी बसों में 10 प्रतिशत कम किराया देकर कर सकेंगे यात्रा

### ● 28 फरवरी 2024 तक किराये में छूट का प्राविधान वातानुकूलित सेवाओं को लाभप्रद बनाने में करेगा मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सर्दियों** में बस यात्रियों को वातानुकित बसों में सफर का लाभ देने के लिए योगी सरकार ने किराए में 10 प्रतिशत छूट का निर्णय किया है। यात्री 16 दिसंबर 2023 से वातानुकूलित बसों में इस छूट का लाभ ले सकेंगे। 16 दिसम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक किराए में स्पेशल विंटर डिस्काउंट के रूप में छूट प्रदान की गई है।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि यात्रियों को परिवहन निगम द्वारा संचालित वातानुकूलित बसों में भी शीतकाल के दौरान 10 प्रतिशत कम किराया देकर यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शीतकाल प्रारम्भ होने पर वातानुकूलित सेवाओं में यात्रियों के कम आवागमन को देखते हुए वातानुकूलित बसों का किराया कम किया जा रहा है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि वातानुकूलित 3म2 बसों का किराया अब 1.47 प्रति किमी प्रति सीट होगा। इसी प्रकार वातानुकूलित 2म2 बसों का किराया 1.74 रुपया वातानुकूलित शयनयान बसों का किराया 2.33 रुपए एवं वाल्बो (हाई एण्ड) का किराया 2.58 रुपए प्रति किमी प्रति सीट होगा। उन्होंने कहा कि वातानुकूलित सेवाओं को लाभप्रद बनाए जाने के उद्देश्य से सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है। शीतकाल में ईंधन खपत में कमी आती है। साथ ही साथ लोड फैक्टर भी अधिक किराया होने की वजह से कम हो जाता है।

'राजधानी बसों में दिव्यांगों को मिलेगी यात्रा सुविधा' परिवहन मंत्री ने कहा कि संज्ञान में आया है कि दिव्यांगजनों को नई संचालित राजधानी सेवा में यात्रा सुविधा अनुमन्य नहीं है। उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजधानी सेवा की बसों में भी यात्रा सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि राजधानी सेवा की बसों का किराया अब सामान्य बसों के समतुल्य कर दिया गया है। इसलिए राजधानी सेवा की बसों में भी साधारण बसों की भांति दिव्यांगजनों को परिवहन सुविधा दी जाए।

## यूपी में थम नहीं रहे अपराधः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अपराध थम नहीं रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा अपराध नियंत्रण के दावे अब जुमला भर रह गये हैं। जनता आतंक तथा भय के माहौल में जीने को विवश है। जीरो टॉलरेंस अब जीरो हो गया है। महिलाओं, बच्चियों के अलावा अब बच्चे भी यौन उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। यह शासन और प्रशासन के लिए शर्म की बात है।

उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में ही महिलाएं.बच्चियां सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री का रोमियो स्क्वाड और गश्ती पुलिस दल वारदातों के समय कहीं दिखाई नहीं देता है। सोमवार को एक अधिकारी की बेटी के साथ लखनऊ से बाराबंकी के 20 किलोमीटर रास्ते में दुष्कर्म की कलंकपूर्ण घटना घटती रही जबकि इस बीच छह थाना क्षेत्र भी पड़ते हैं आरोपित खुलेआम नशा करते दिखेए उन्होंने युवती को भी जबरन नशीला



पदार्थ पिलाया पर कहीं कोई हलचल नहीं हुई। मडियांव थाना क्षेत्र में 15 साल की किशोरी से पड़ोसी दुकानदार ने दुष्कर्म किया। गत दिवस अलीगंज के गल्लामंडी इलाके में बीच सड़क एक छात्रा से छेड़छाड़ हुई। उसकी रिपोर्ट थाने में डीसीपी की फ्टकार के बाद ही लिखी गई। अखिलेश ने कहा कि हद तो यह है कि अब अधिकारी स्तर की महिलाएं भी अपनी आबरू नहीं बचा पा रही हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत महिला खंड शिक्षा अधिकारी ने बीएसए के स्टेनो पर परेशान करने की शिकायत की है। लेह में तैनात आजमगढ़ निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल महिला अफसर ने अपने एक समकक्ष अफ्सर पर जबरन अप्राकृतिक सम्बंध बनाने का आरोप लगाया है। अखिलेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में हर चार दिन में एक बच्चा यौन शोषण का शिकार हो रहा है। आंकड़ों से यह सच्चाई स्पष्ट है। अपराध की ये घटनाएं विचलित करने वाली हैं। वाराणसी में वर्ष 2022 में 18 साल से कम उम्र के 46 बच्चे.बच्चियां दुष्कर्म की शिकार हुई। 41 के साथ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज हुई। वाराणसी कमिश्नरेट के थानों में वर्ष 2022 में बच्चे, बच्चियों से सम्बन्धित 241 मुकदमें दर्ज किए गए। अखिलेश ने कहा कि वाराणसी में विवाहित महिलाएं घरेलू हिंसा की रोज ही शिकार हो रही हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में 485 महिलाओं ने अपने उत्पीड़न के मुकदमें दर्ज कराए। दहेज हत्या के 25 केस दर्ज हुए। 208 महिलाओं का अपहरण हुआ। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा सरकार के पास सिर्फ जुमले हैं और बहकाने के लिए झूठे आश्वासन हैं।

## विपक्षी दलों की सरकारों में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती थीं योजनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा जनता के बीच में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना विकसित, आत्मनिर्भर तथा विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा-बसपा सहित तमाम विपक्षी दलों की सरकारों के समय गरीबों के लिए बनने वाली योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। विपक्षी दलों ने अपनी सरकार के समय गरीबी हटाओ का नारा दिया और गरीबों के हक मारकर खुद अमीर बनते रहे।

उन्होने कहा कि आज भी कांग्रेसियों के घरों से नोटों के अम्बार निकल रहे हैं। लेकिन मोदी जी की भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूलने की गारन्टी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने राजधानी लखनऊ के फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा सरकारों की




जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थिओं का सम्मान करते हुए स्थानीय नागरिकों को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, महापौर सुषमा खर्कवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी तथा भाजपा नेता श्री नीरज सिंह उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा के अन्त्योदय दर्शन में गरीब, वंचित, शोषित वर्ग के आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक उत्थान से समृद्ध भारत का संकल्प निहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गारंटी के साथ आवासए शुद्ध पेयजल, नि:शुल्क राशन, शौचालय, चिकित्सा के साथ शिक्षा व सुरक्षा से गरीबों की समृद्धि व खुशहाली के लिए काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आत्मनिर्भर भारत का संदेश है जिसमें सभी देशवासियों की आत्मनिर्भरता समाहित है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हैए जिसके लिए समाज के सभी वर्गों को साथ चलना है। भारतीय जनता पार्टी की सरकारें अपने काम काज का लेखा.जोखा लेकर आपके दरवाजे पर आई है और अब तक विभिन्न योजनाओं से छुटे हुए पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने का संकल्प लेकर आई है।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर 15 दिसम्बर 2023 से प्रारम्भ होने वाली 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' की तैयारियों को लेकर पूर्व सांसदों एवं विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पांडेय ने बताया कि उपस्थित पूर्व सांसदों एवं विधायकों ने एक-एक कर यात्रा को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उपस्थित सांसदों एवं विधायकों एवं यात्रा के साथ-साथ संगठन को गतिशीलता प्रदान किए जाने के विषय पर अपने सुझाव नेतृत्व के समक्ष रखे जिस पर गंभीरता पूर्वक विचार किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक के उपरान्त प्रदेश कांग्रेस अजय राय ने मीडिया से 15 दिसम्बर 2023 से प्रारम्भ होने वाली 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि हम इस यात्रा के माध्यम से जिलों में गांव-गांव पांव-पांव एवं शहरों में नगर-नगर डगर-डगर चलकर प्रदेश की जनता तक पहुंचकर केन्द्र एवं प्रदेश की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराएंगे। इस यात्रा में जनपद के



पदाधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ कांग्रेसजन भी शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अभी हाल में हुए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों पर बात करते हुए कहा कि जनता लोकतंत्र की मालिक है। हम अपने संगठन को और भी अधिक मजबूत बनाने के लिए मेहनत करेंगे साथ जहां कहीं भी हमसे चूक हुई है उसकी जानकारी कर उसे सुधारने का प्रयास कर जनता की बीच जाकर अपनी बात रखेंगे। प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर, प्रदीप नरवाल, नीलांशु चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद निर्मल खत्री, राजेश मिश्रा, प्रदीप जैन आदित्य, पीएल पुनिया, कमल किशोर कमाण्डो, रवि प्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए प्रदेश के 13 डायट बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**लखनऊ।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 13 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। इस पहल के अंतर्गत डायट का विकास किया जाएगा और शिक्षकों को उनकी सेवा से पहले और उसके दौरान दिए गए प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम और पद्धति को बेहतर किया जाएगा। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख डॉ जकारी ऐडम ने कहा कि शिक्षण एक बहुत ही महत्वपूर्ण। जिसमें शिक्षक बच्चों के लिए प्रशिक्षक, मार्गदर्शक और परामर्शदाता की कई भूमिकाएं निभाते हैं। विभिन्न पृष्ठभूमि के बच्चों की अलग-अलग आवयशकताएं होती हैं किन्तु सभी बच्चों के पास असीमित क्षमताएं और समान अधिकार होते हैं। शिक्षकों को पर्याप्त कौशल, दक्षता और संवेदनशीलता से सुसज्जित होना चाहिए ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो और प्रत्येक बच्चा अपने और समाज के विकास में योगदान देने की पूरी क्षमता विकसित कर सके।

## पीएम विश्वकर्मा योजना

# लाभार्थियों के सत्यापन में तेजी ला रही सरकार

### ● सभी नगरीय निकायों में अधिशासी अधिकारियों को त्वरित गति से प्रथम स्तरीय सत्यापन करने के दिए गए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** के कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना पर उत्तर प्रदेश में तेज गति से काम किया जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों का पोर्टल पर पंजीकरण और उसके सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर प्रत्येक नगरीय निकाय में जल्द से जल्द लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रथम



चरण का सत्यापन कराने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों का त्रिस्तरीय सत्यापन कराने का प्राविधान है। इसका प्रथम स्तरीय सत्यापन नगरीय निकायों द्वारा किया जाना है। सत्यापन पूर्ण होने के बाद सभी चयनित विश्वकर्मा की ट्रेनिंग शुरू होगी और उन्हें ई वाउचर के रूप में टूलकिट की खरीद के लिए 15 हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बैंक के माध्यम से उन्हें लोन दिलाने के लिए कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा।

नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल ने बताया कि ग्रामीण और शहरी निकायों के सत्यापन की अलग-अलग व्यवस्था है। ग्रामीण में ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग को सत्यापन का जिम्मा मिला है तो शहरी क्षेत्रों में प्रथम स्तरीय सत्यापन अधिशासी अधिकारी (ईओ) कर रहे हैं। इसी क्रम में सभी जिलाधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वह सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक करके सभी नगरीय निकायों में प्रथम स्तरीय सत्यापन को त्वरित गति से संपन्न कराने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर सभी सत्यापन का कार्य जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाना है। वहीं राज्य स्तर पर एमएसएमई के तहत गठित कमेटी पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कर रही है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ लेने की जो प्रक्रिया निर्धारित की गई है, उसके अनुसार सबसे पहले लाभार्थी को आवेदन करना होगा जिसके बाद तीन स्तर पर (पंचायत या यूएलबी, जिला और राज्य) सत्यापन की कार्यवाही होगी। लाभार्थी को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड मिलेगा। साथ ही लाभार्थी की डिटेल को एमएसडीई को भी भेजा जाएगा। इसके बाद 5 दिन की बेसिक स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जाएगा। चुनिंदा लोगों को 15 दिन या इससे अधिक की एडवांस स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। लाभार्थी को इसके बाद 15 हजार रुपए टूलकिट इंसेंटिव्स या टूलकिट के लिए प्रदान किए जाएंगे। साथ ही एक लाख रुपए के प्रारंभिक वित्त अंश के लिए आवेदन की जानकारी को बैंक से साझा किया जाएगा। क्रेडिट रिपोर्ट देखने के बाद बैंक लाभार्थी को एक लाख रुपए का लोन प्रदान करेंगे। डिजिटल ट्रांजेक्शन के जरिए लोन चुकाने वाले और 15 दिन की एडवांस ट्रेनिंग लेने वाले लाभार्थी 2 लाख रुपए के दूसरे लोन के लिए आवेदन करने के योग्य होंगे।

पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना है, जिसकी शुरुआत 17 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 व्यवसायों का चिन्हीकरण किया गया है। योजना के क्रियान्वयन के लिए सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग नोडल विभाग है एवं नगर विकास विभाग सहयोगी है। योजना के तहत समस्त जनपदों हेतु प्रथम वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। लाभार्थियों का पंजीकरण जन सुविधा केंद्र द्वारा किया जाना है।

## 'डाटा इनक्रिप्शन' समेत तमाम खूबियों से लैस होगी पर्यटन विभाग की वेबसाइट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार औद्योगिक निवेश की बढ़ती संभावनाओं के बीच प्रदेश में पर्यटन के परिदृश्य को भी नया आयाम प्रदान कर रही है।

प्रदेश में पर्यटन के लिहाज से बढ़ती संभावनाओं के बीच महाकुंभ 2025 को लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में सीएम योगी के विजन के अनुसार उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने तमाम तरह की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के एनुअल मेंटिनेंस, अपडेशन व नई खूबियों से लैस करने की प्रक्रिया को शुरू करते हुए रिक्वेस्ट फ ॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे हैं। इस आवेदन प्रक्रिया से एजेंसी का निर्धारण होगा जो विभाग की वेबसाइट को डाटा इनक्रिप्शन सर्च इंजन ऑप्टोमाइजेशन (एसईओ), एरर फ्री यूजर एक्सपीरिएंस व रेगुलर सॉफ्टवेयर अपडेट्स समेत तमाम तकनीकी खूबियों से लैस करेगी। इसके अतिरिक्त, प्रयागराज महाकुंभ में लगने वाली टेंट सिटी के विभिन्न सेक्टर्स के आवेदन की प्रक्रिया को पर्यटन विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है।

# डीआरआई व सेवा यूके द्वारा किया गया प्रवासी भारतीय विशेष ऑटो रिक्शा रन का आयोजन

- ग्रामीण जीवन शैली की समझ के लिए दो हजार किमी की दूरी होगी तय
- प्रवासी भारतीय ऑटो रिक्शा रन का 25 दिसम्बर को गुजरात में समापन




**संवाददाता।** चित्रकूट

**चित्रकूट** में सर्व सुलभ उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं की व्यापकता के लिए दीनदयाल शोध संस्थान एवं सेवा इंटरनेशनल यूके के द्वारा 'ऑटो रिक्शा रन' का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को आरोग्यधाम से 125 प्रवासी भारतीयों की 'ऑटो रिक्शा रन' को हरी झंडी दिखाकर रवानगी दी गई। यह आटो रन सतना होते हुए चार राज्यों से गुजरकर 25 दिसम्बर को धौलावीरा (गुजरात) पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा।

दीनदयाल शोध संस्थान के महा प्रबंधक डॉ अमिताभ वशिष्ठ ने बताया कि 'ऑटो रिक्शा रन' में प्रवासी भारतीयों का उद्देश्य ऑटो रिक्शा चलाकर पूरे भारत की यात्रा करना है। प्रत्येक रिक्शा में 3 प्रतिभागी है और उन्हें बारी-बारी से रिक्शा चलाना है। यात्रा के दौरान प्रवासी भारतीय मुख्य रूप से भारतीय ग्रामीण जीवन शैली की झलक पा सकें व सेवा के प्रकल्पों को देखते समझते हुए आगे बढ़ेंगे। 12 दिनों में 2000 किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए, 36 ऑटो रिक्शा में चित्रकूट से कच्छ तक यात्रा करेंगे। आरोग्यधाम में उद्घाटन अवसर पर डॉ मिलिंद देवगांवकर निदेशक आरोग्य धाम ने बताया कि आधुनिक एवं परंपरागत चिकित्सा पद्धति के बीच समन्वय बिठाकर चिकित्सा सेवा को उच्चीकृत कर स्थानीय जनमानस को सस्ती एवं बेहतर स्वास्थ सुविधाएं प्रदान करना संस्थान का लक्ष्य है। इसके लिए सेवा यू के द्वारा इसे और बेहतर किया जा है।

दीनदयाल शोध संस्थान के उपाध्यक्ष एवं लंदन में सेवाएं दे रहे दंतरोग विशेषज्ञ डॉ नरेश शर्मा ने 25 वर्षों से चिकित्सा सेवा में सेवा यू0के0 द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा 500 ग्राम आबादियों में चलाये जा रहे स्वास्थ शिविरों को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक संसाधनों हेतु सहयोग प्रदान करने पर भी जानकारी प्रदान की। सेवा यूके से भरत बटकुल ने बताया कि चित्रकूट से प्रारम्भ होकर धौलावीरा (गुजरात) में सम्पन्न होने वाली इस 14 दिवसीय यात्रा में 4 देशों (यू के, कनाडा, केन्या एवं ऑस्ट्रेलिया) के सहयोगी अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## जिला कारागार में कैम्प 250 कैदियों की हुई जांच



**चित्रकूट।** जिला कारागार में आईएसएचटीएच अभियान के अंतर्गत मंगलवार को हेपेटाइटिस बी, सी, टीबी, एचआईवी,एसटीआई कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 250 कैदियों की जांच की गई। कैम्प का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने किया। कैदियों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि जिस कारण से भी जेल आए हो यहां पर आप लोग समय का सदुपयोग करके पढ़ाई-लिखाई भी कर सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि कैम्प में लगभग 250 कैदियों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि अग्रिम चार दिनों में लगभग 1028 कैदियों की जांच कराई जाएगी।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों, दूध और पनीर विक्रेताओं पर कसा प्रशासन ने शिकंजा

- नगर में हुई ताबड़तोड़ छापामारी अभियान में आधा दर्जन से अधिक के नमूने भरे

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**मिलावटी** खाद्य पदार्थों को बेचने वालों पर शिकंजा कसने में अब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपना लिया है मंगलवार को इसी क्रम में विशेष अभियान के तहत आला अधिकारियों ने नगर क्षेत्र में जगह-जगह ताबड़तोड़ छापेमारी कर आधा दर्जन से अधिक दूध और पनीर विक्रेताओं के यहां से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए भेजा।

दीपावली के समय से ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मुख्यालय सहित जनपद के विभिन्न नगर क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर शिकंजा बनाए हुए हैं। इसी क्रम में युक्त खाद्य एवं सुरक्षा विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी जनपद जालौन के निर्देश पर मंगलवार को सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. जतिन कुमार सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल की टीम ने अलग-अलग स्थान पर पहुंचकर पहले तो वहां से गुजरने वाले दो पहिया वाहन दूधियों को रास्ते में ही रोक कर उनके दूध को नमूने के तौर पर लिया तो वहीं कुछ प्रतिष्ठानों में पहुंचकर पनीर और मिश्रित दूध के नमूने भरे और उन्हें जांच के लिए भेज दिए गए।

विभागीय सूत्रों की माने तो मंगलवार को जिन दूध विक्रेताओं और प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए उनमें शिवम यादव रामनगर उरई, साबिर अली उमरार खेड़ा उरई, लाल बहादुर चुरखी रोड, कामता प्रसाद चुर्खी रोड, दयाशंकर रेलवे क्रॉसिंग उरई व अन्य कई विक्रेता शामिल हैं।

# भेड़ी खुर्द गौशाला में स्थितियां देख एसडीएम का पारा चढ़ा



**कदौरा, जालौन।** अनेकों प्रयासों के बाद भी ग्रामीणांचल में संचालित गौशालाओं को दुर्दशा से छुटकारा मिलता नजर नहीं आ रही है। जिला मुख्यालय तक गौशाला में बंद गौवंशों को लेकर लगातार शिकायतें आती रहती है। जब जिलाधिकारी भेड़ी खुर्द गौशाला का एसडीएम को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिये तो वह गांव पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं का पिटारा देखा तो उनका माथा ठनक गया और पारा चढ़ गया तो उन्होंने जिम्मेदारों को कड़ी फ्टकार लगाते हुये अंतिम चेतावनी देते हुये अपनी आख्या जिलाधिकारी कार्यालय भेजने की बात कही। खास बात यह है कि गौशालाओं की दुर्दशा से संबंधित शिकायत शासन से की गयी थी इसके बाद डीएम ने तत्परता दिखाते हुये एसडीएम को गौशालाओं के निरीक्षण करने के निर्देश दिये थे।

ब्लॉक क्षेत्र की गोशालाओं में व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। इसकी बानगी मंगलवार को भेड़ी खुर्द गोशाला में देखने को मिली। जब ग्रामीणों ने गोशाला की दयनीय स्थिति देख डीएम को सूचना दी। डीएम के आदेश पर एसडीएम हेमंत पटेल ने गोशाला पहुंच कर निरीक्षण किया। गौशाला के अंदर भीषण गंदगी, खराब पानी, ठंड से बचाव के कोई इंतजाम न होना, भूसा की जगह सड़ी कर्वी जगह जगह बिखरी नजर आई।

## दबंग कर रहे प्लाट पर जबरन कब्जा, एसडीएम से लगाई गुहार

**माधौगढ़, जालौन।** प्रदेश की योगी सरकार के आदेश हैं कि किसी भी व्यक्ति को दबंगों द्वारा परेशान न किया जाए परंतु ग्राम ईंटों के आसपास ग्रामो के कुछ लोगों के हौसले बुलंद हैं। वह योगी सरकार के आदेशों को धता बताकर दबंगई दिखाकर जबरदस्ती एक महिला के प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे महिला पति ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर मदद व न्याय की गुहार लगाई है। एसडीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र में पीड़िता रश्मि पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने ग्राम ईटों के गाटा नंबर 556 में जितेंद्र दुबे से प्लाट खरीदा था। जिसका बैनामा 18 दिसंबर 2018 को कराया था व बैनामा के बाद प्लॉट के पिलर भरवा लिए थे। गाटा संख्या 556 में एक हिस्सा में बिहारी दुबे द्वारा प्लाटिंग की गई एक हिस्से में अतुल दुबे द्वारा विभिन्न लोगों को प्लॉट बेचे गए और एक हिस्से में जितेंद्र दुबे द्वारा प्लांट बेचे गए हैं। जहां पर पूरी आराजी में लोग अपने मकान बनवाकर व पिलर भरवाकर काबिज है। महिला ने बताया कि उसने जितेंद्र दुबे से प्लॉट खरीदा था। प्रार्थी के बगल में ही लल्लेश, संजय, नसीम आदि ने भी प्लाट खरीदा था। सभी के पिलर भरे व कुछ के मकान बने हुए हैं। इन सभी लोगों को जितेंद्र दुबे द्वारा ही अपने हिस्से में प्लांट बेचे गए हैं। 11 दिसंबर को महेश पुत्र नाथूराम निवासी पृथ्वीपुर दिनेश पुत्र नाथूराम निवासी पृथ्वीपुर थाना गोहन अन्य लोगों के साथ आए और कहने लगे मैंने 3 महीने पहले यह पूरा खेत खरीद लिया है।

# मंडलायुक्त ने विधान सभा निर्वाचन नामावलियों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**मंगलवार** को रोल प्रेक्षक/मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी आदर्श सिंह ने विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में तहसील उरई का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने ईआरओ नेट पर प्राप्त रोल आब्जर्वर के लॉगिन पर सुपर चेकिंग फार्म का भौतिक सत्यापन किया गया एवं विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न विभिन्न भाग संख्याओं के फर्मों का परीक्षण कर सबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दावे और आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर को किया जाएगा जिसमें फार्म 6 में नाम जोड़े जाएंगे, फार्म 7 में आपत्तियां (नाम काटे जाएंगे) प्रारूप 8 में नाम संशोधन किया जाएगा और निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा और जिन छात्र-छात्राओं या अन्य की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वह भी वोटर लिस्ट में अपना नाम सम्मिलित अवश्य कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में युवा वोटर, थर्ड जेंडर व दिव्यांग वोटरों का विशेष रूप में प्राथमिकता पर अभियान में सभी का वोटर लिस्ट में नाम हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार विभिन्न भाग संख्याओं से फार्म 6, 7 व 8 प्राप्त हुए हैं, जिस फार्म में आपत्तियां हैं उसका निस्तारण आवेदन पर उल्लेख स्पष्ट होना चाहिए।

रोल प्रेक्षक ने वोटर रजिस्ट्रेशन केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत प्राप्त फार्मों यथा फार्म 6, 7 व 8 की फीडिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने नवजात शिशु को खीर खिला अन्नप्राशन कराया



**फर्रुखाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडरी सारंगपुर विकास खण्ड राजेपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम, एसडीएम अमृतपुर, बीएसए, डीएसओ, बीडीओ व अन्य विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित रह। उपस्थित अधिकारियो द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को बताया गया तथा योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों के आवेदन प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी का उदबोधन को ग्रामवासियों द्वारा सुना गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने भारत को विकसित बनाने के लिए मिलकर संकल्प लिया गया तथा सभी को शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला की गोद भराई की एवं नवजात शिशु को खीर खिलाअन्न प्रशासन कराया। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### पीएम आवास की दीवार गिरने से तीन बच्चे दबकर घायल



**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में आज पीएम आवास के आवंटित आवास की अचानक पक्की दीवार गिरने से मलबे में तीन बच्चे दबकर घायल हो गए। सूत्रों से मिली खबर के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुइया का निवासी मिथुन कुमार को वर्ष 2014 में पीएम आवास योजना में पक्का मकान आवंटित हुआ। इस पीएम आवास योजना के आवंटित पक्के मकान की दीवार के किनारे गृह स्वामी की 12 वर्षीय पुत्री रागिनी अपनी सहेली 7 वर्षीय आरोही पुत्री राहुल तथा 8 वर्षीय पुत्री रविंद्र कुमार के साथ खेल खेल रहे थे।इसी दौरान इस आवास की पक्की दीवार अचानक भरभरा कर गिर पड़ी। जिसके मलवे में तीनों बच्चे दब गए, इसके बाद ग्रामीणों ने मलबे को आनंन-फानन हटाकर दवे हुए बच्चों को बाहर निकाल और समीपवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया ,जहां से दो बच्चों को चिकित्सा उपचार के लिए रेफर कर डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया।

### स्वामी विज्ञानानंद के प्रयास से ओम घाट में मेडिकल कैंप

**फतेहपुर।** फतेहपुर फोरम के तत्वाधान में स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती के प्रयास से अमावस्या के अवसर पर ओम घाट में वृहद मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र परीक्षण के साथ-साथ अन्य रोगों के मरीजों की जांच-पड़ताल करके दवा वितरित की गई। सभी ने इस कैंप की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी व जागृति तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि नेत्र चिकित्सक डा. अनिरूद्ध कुशवाहा, आशुतोष पाल, मयंक सिंह, अजीत कुमार ने 428 लोगों का नेत्र परीक्षण करके दवा वितरित की जबकि 122 लोगों की विशेष जांच भी की गई। इसी प्रकार कानपुर के कुशल चिकित्सक डा. गोविंद कुमार, डा. देवेंद्र सिंह, डा. पुष्पेंद्र सिंह, डा. वैभव तिवारी ने विभिन्न रोगों के चार सौ नब्बे लोगों की जांच करके 324 लोगों को दवा वितरित की।

### मोदी की गारंटी गाड़ी का गाजेबाजे से हुआ स्वागत

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लॉक के गढ़चपा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने केंद्र व राज्य सरकार मोदी-योगी की गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बाबत ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व जिला महामंत्री तीरथ तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री उमेश पांडे, प्रधान ननकी देवी, भाजपा मंडल महामंत्री शंकर दयाल गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रधान प्रतिनिधि समेत स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग, ब्लॉक के नोडल अधिकारी, एएनएम, आशा बहु, आंगनबाड़ी, कोटेदार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### 17 को पेंशनर दिवस पर पेंशनरों की होगी सुनवाई

**उरई, जालौन।** वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई व निराकरण हेतु प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस का आयोजन जनपद स्तर पर करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। इसी क्रम में जनपद में 17 दिसम्बर 2023 को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद कोषागार उरई के प्रांगण में अपरान्ह 12 बजे से पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जायेगा। आयोजन का समन्वय वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

# स्मार्टफोन पाकर खिल उठे छात्राओं के चेहरे

**संवाददाता।** फतेहपुर



स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चौथे फेज़ में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरिता गुप्ता के संरक्षण व नोडल अधिकारी डीजीशक्ति डॉ. प्रशांत द्विवेदी एवं प्रो. शकुंतला के निर्देशन में स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल व प्राचार्य सरिता गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत गायन विभाग की छात्राओं ने डॉ चंदभूषण के निर्देशन में सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी ने दो सैकड़ा छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण हेतु चयनित किया। उन्हें स्मार्टफोन वितरित किया। प्राचार्य सरिता गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट सोच के साथ स्मार्टफोन का उपयोग करना है। पढ़ाई में फोन साधक बने, बाधक न बने। इस बात का ख्याल छात्राएं रखें। तभी सरकार की इस मुहिम को उद्देश्य की प्राप्ति हो पाएगी।

### जनपद को मिलीं 13 नई एंबुलेंस

**फतेहपुर।** जिले में सरकारी एंबुलेंस की समस्या को देखते हुए प्रयास से अब 13 नई एंबुलेंस जिले को मिल गई हैं। जो मरीजों को अस्पताल पहुंचाने का काम करेंगी। सीएमओ डा. अशोक कुमार ने मंगलवार को सीएमओ कार्यालय परिसर से सभी 13 नई एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमओ ने बताया कि जिले के सीएचसी, पीएचसी व जिला अस्पताल में काफी समय से एंबुलेंसों की मांग की जा रही थी।

## जांच के घेरे में आए श्रम विभाग के सामूहिक विवाह

**फतेहपुर।** श्रम विभाग में निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के फंड से सामूहिक विवाह में सवाल खड़े हुए हैं? पूरे प्रदेश में सामूहिक विवाह में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बड़ा घोटाला करने की शिकायत विधान परिषद में भाजपा एमएलसी के उठाने के बाद फतेहपुर जिला भी रडार में है। हालांकि सामूहिक विवाह के मामले यहां बहुत अधिक नहीं है लेकिन जो भी 67 विवाह हुए हैं उनके आयोजन प्रयागराज में होने की बात कह विभागीय जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। जांच एसआईटी से कराए जाने की मांग हुई है। अगर जांच आगे बढ़ी तो खेल यहां भी सामने आ सकता है। चाहे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हो या फिर श्रम विभाग के सामूहिक विवाह। आयोजनों में सवाल खड़े होते रहे हैं। जिले में पहले भी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में गड़बड़ झाले पकड़े गए हैं। अधिकारियों कर्मचारियों की मनमानी के चलते उन लोगों के नाम भी शामिल हुए थे जिनकी शादियां नहीं हुईं थीं या पहले हो गईं थीं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिलाधिकारी ने लिया हिस्सा



**कानपुर देहात।** शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन जनपद के विभिन्न ग्रामों में जा रही है।

इसी क्रम में आज विकासखंड अकबरपुर क्षेत्र के ग्राम दुर्गापूर्वा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा हिस्सा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणजनों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के माध्यम से किए जा रहे संबोधन के सजीव प्रसारण को भी देखा एवं सुना। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम का संचालन किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को न केवल प्रमाण पत्र आदि वितरित किया जाए, बल्कि योजनाओं में छूटे हुए लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# पेज एक का शेष

## जब कांग्रेस...

बनाना, इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना और यह सुनिश्चित करना कि सरकारी लाभ जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दूसरी गारंटी हर भ्रष्ट व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की थी। यही कारण है कि आपने देखा होगा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके दोस्त मोदी से बहुत नफरत करते हैं। गुस्सा भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के कारण है।' रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान भ्रष्टाचार बढ़ा क्योंकि पार्टी भ्रष्ट आचरण को कायम रखने के सिद्धांत में विश्वास करती है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उनकी नीति है... लूटो और दूसरों को लूटने दो। रिजिजू ने कहा कि कई घोटाले सामने आने के बाद मतदाताओं ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को खारिज कर दिया।

## भारत में...

है। इन निवेशों के लिए स्थानों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) ने भी छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें झांसी, सोनभद्र और प्रयागराज में सौर ऊर्जा और ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 74,000 करोड़ रुपये का निर्देश दिया गया है। यह राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। जैसे-जैसे उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश के लिए एक चुंबक के रूप में उभर रहा है, ये परिवर्तनकारी पहल क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य को फिर से आकार देने का वादा करती हैं, जिससे अयोध्या अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के पथ पर स्थापित हो जाएगी।

## भजनलाल शर्मा...

पांडे मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने मीडिया को बताया कि विधायक दीया कुमारी व प्रेम चंद बैरवा उपमुख्यमंत्री होंगे। वहीं वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष होंगे। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं आश्वस्त है कि भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। राज्य में विधानसभा की 200 में 199 सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा को 115 सीटों पर जीत मिली। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद शर्मा ने मीडिया से कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं इतना विश्वास दिलाना चाहता हूं कि राजस्थान की यह जो टीम है... राजस्थान के जो हमारे सभी विधायक हैं... निश्चित रूप हमसे, भारतीय जनता पार्टी से जो राजस्थान की अपेक्षा है, हम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम राजस्थान का पूरी तरह से सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेंगे। यह मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं। शर्मा व अन्य नेता बाद में राजभवन में राज्यपाल मिश्र से मिले। शर्मा के साथ पार्टी के केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व प्रहलाद जोशी तथा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी थीं। नामित उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व दीया कुमारी भी राज्यपाल से मिले। राजभवन के बयान के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी. पी. जोशी ने राज्यपाल को राजस्थान में मुखयमंत्री के रूप में भजन लाल शर्मा के नाम का पत्र प्रस्तुत किया। उन्हें विधायक दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र भी सौंपा। उल्लेखनीय है कि बीते दो दशक में पहली बार भाजपा की ओर से राजस्थान में कोई नया चेहरा मुख्यमंत्री होगा। इससे पहले वसुंधरा राजे 2003 से 2008 और 2013 से 2018 तक दो बार मुख्यमंत्री पद पर रह चुकी हैं। इस बार भी उन्हें मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल माना जा रहा था। पार्टी की द्वारा राज्य की कमान जिन तीन नेताओं को दी गई है वे जयपुर से हैं। भावी मुख्यमंत्री जयपुर की सांगानेर सीट से विधायक हैं तो भावी उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी जयपुर की विद्याधरनगर से और भावी उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा जयपुर के पास दुदू सीट से विधायक हैं। शर्मा ब्राह्मण समुदाय से आते हैं जबकि दीया कुमारी राजपूत समुदाय से और बैरवा दलित समुदाय से आते हैं। वहीं भावी विधानसभा अध्यक्ष देवनानी सिंधी समुदाय से आते हैं। वे अजमेर उत्तर सीट से विधायक हैं। प्रेम चंद बैरवा (54) दूदू को पार्टी की राजस्थान इकाई के दलित चेहरे के रूप में देखा जाता है। वहीं, जयपुर के पूर्व राजपरिवार की सदस्य दीया कुमारी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुकी हैं। दीया कुमारी राजसमंद से भाजपा की सांसद थीं और उन्हें जयपुर के विद्याधरनगर सीट से विधानसभा चुनाव में टिकट दिया गया था। वह 2013 में सवाई माधोपुर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुनी गईं। 2019 के लोकसभा चुनाव में वह राजसमंद से सांसद चुनी गईं। दीया (51) जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सवाई भवानी सिंह की बेटी हैं। भवानी सिंह ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में 10वीं पैराशूट रेजिमेंट के पैरा कमांडो के लेफ्टिनेंट कर्नल और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में गौरव हासिल किया था। घोषणा के तुरंत बाद, शर्मा और अन्य लोगों के आवासों पर जश्न शुरू हो गया। भजन लाल शर्मा की पत्नी ने जयपुर स्थित आवास पर मीडिया से कहा, मैं लोगों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं। शर्मा ने अपनी स्कूली शिक्षा नदबई शहर, भरतपुर से पूरी की और राजकीय महाविद्यालय भरतपुर से कला में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने जयपुर में राजस्थान विश्वविद्यालय से एमए (राजनीति विज्ञान) की उपाधि प्राप्त की।

## सीईसी की...

दिया कि यह विधेयक सीईसी और ईसी की नियुक्तियों से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दरकिनार करने के लिए लाया गया है। बल्कि, उन्होंने कहा, यह शीर्ष अदालत के फैसले के निर्देशों के अनुरूप है और संविधान में निहित शक्ति के पृथक्करण को सुनिश्चित करने के लिए भी है। विधेयक पर कांग्रेस ने आरोप लगाया गया कि प्रस्तावित कानून चुनाव प्राधिकार को कार्यपालिका के अधीन कर देता है और संविधान का उल्लंघन करता है। कानून मंत्री ने कहा कि सीईसी और ईसी के खिलाफ अपने कर्तव्यों का पालन करते समय की गई कार्रवाइयों के लिए कानूनी कार्यवाही शुरू करने से सुरक्षा से संबंधित एक खंड भी विधेयक के माध्यम से पेश किया गया है। राज्यसभा में कई विपक्षी दलों ने आशंका व्यक्त की कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को विनियमित करने वाला नया विधेयक सत्तारूढ़ दल को 'हाँ में हाँ मिलाने वालों' को नियुक्त करने और उनके आचरण को प्रभावित करने की अनुमति देगा जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाएगा। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दावा किया, 'यह चुनाव आयोग को कार्यपालिका के अधिकार के अधीन और नकार देता है और यह जानबूझकर, दुर्भावनापूर्ण तरीके से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को खत्म कर देता है और यही कारण है कि यह कानून मृत बच्चे की तरह है। सुरजेवाला ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक 2023 पर बहस शुरू की, जिसे बाद में उच्च सदन में ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि एक समय था जब 'ईसी' शब्द का मतलब 'चुनावी विश्वसनीयता' होता था। उन्होंने आरोप लगाया, 'दुर्भाग्य से, आपने इसे 'चुनावी समझौता' बनाने का फैसला किया है। आप सदस्य राघव चड्ढा ने दावा किया कि कुछ महीनों के भीतर दूसरी बार, सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का प्रयास किया है जो शीर्ष अदालत का 'अपमान' है। चड्ढा ने कहा, 'यह बिल अवैध है। आप फैसले का आधार बदले बिना सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट नहीं सकते। यह बिल संविधान की मूल संरचना के खिलाफ है। संविधान की मूल संरचना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधेयक के माध्यम से सरकार एक ऐसी प्रणाली स्थापित करना चाहती है ताकि वे अपने 'हाँ में हाँ मिलाने वालों' को नियुक्त कर सकें। चड्ढा ने कहा, 'वे संबित पात्रा को सीईसी बना सकते हैं। अगर वह मुख्य चुनाव आयुक्त बन गए तो यह कितना खतरनाक होगा। हालांकि, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने जवाब में विपक्ष के आरोपों का खंडन किया कि यह विधेयक सीईसी और ईसी की नियुक्तियों से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दरकिनार करने के लिए लाया गया है। बल्कि, उन्होंने कहा, यह शीर्ष अदालत के फैसले के निर्देशों के अनुरूप है और संविधान में निहित शक्ति के पृथक्करण को सुनिश्चित करता है। जबकि तृणमूल कांग्रेस के सदस्य जवाहर सरकार ने आरोप लगाया कि सीईसी और अन्य चुनाव आयुक्तों का दर्जा जानबूझकर कैबिनेट सचिव से कम किया जा रहा है, डीएमके सदस्य तिरुचि शिवा ने भी विधेयक का विरोध किया और मांग की कि इसे समीक्षा के लिए एक चयन समिति को भेजा जाए।

## अवैध प्रवासियों...

की अध्यक्षता वाली पांच न्यायमूर्ति की संविधान पीठ ने राज्य सरकार से केंद्र को हलफनामा दायर करने के लिए आंकड़ा प्रदान करने के लिए कहा था। यह संविधान पीठ नागरिकता अधिनियम की धारा छह-ए की वैधता को लेकर दायर की गई याचिकाओं की सुनवाई कर रही है।

## जयशंकर ने...

करने, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने और दो-राज्य समाधान' के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी। एस जयशंकर ने पिछले सप्ताह लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि हम बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चिंतित हैं और हमने संयम बरतने, तनाव कम करने का आह्वान किया है और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात में सीओपी28 शिखर सम्मेलन के मौके पर इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात की और 'दो-राज्य समाधान' पर जोर दिया।

# पाक की अदालत से शरीफ को राहत

**● अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामले में नवाज को बरी किया**

**भाषा।** इस्लामाबाद



**इस्लामाबाद** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को अल-अजीजिया स्टील मिल भ्रष्टाचार मामले में बरी कर दिया। अदालत के इस फैसले से आगामी चुनावों में शरीफ के अपनी पार्टी का नेतृत्व करने के रास्ते में एक बड़ी कानूनी अड़चन दूर हो गई है। शरीफ (73) को भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने दिसंबर 2018 में सात साल की जेल की सजा सुनाई थी और उन पर भारी जुर्माना लगाया था। अदालत ने शरीफ की यह दलील स्वीकार नहीं की थी कि 2001 में उनके पिता द्वारा सऊदी अरब में स्थापित स्टील मिल से उनका कोई लेना-देना नहीं था। उन्हें एवेनफील्ड मामले में पहले ही बरी कर दिया गया था, जिसमें उन्हें जुलाई 2018 में दोषी ठहराया गया था और दस साल जेल की सजा सुनाई गई थी। उन्हें भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में भी राहत मिली, जिसमें उन्हें 2018 में अदालत द्वारा निर्दोष करार दिया गया था, लेकिन बरी किए जाने को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की पीठ ने राष्ट्रीय जवाबदेही निगरानी संस्था एनएबी द्वारा दर्ज एक मामले में 2018 में भ्रष्टाचार विरोधी अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के खिलाफ अपील पर सुनवाई की। पीठ ने कहा, अभियोजन पक्ष एक भी सबूत पेश नहीं कर सका। इसलिए, सबूत का बोझ आरोपी पर नहीं डाला जा सकता। मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि एनएबी अभियोजक सबूत पेश करने में क्यों विफल रहे। उन्होंने कहा, आप अभियोजक थे। हमें बताएं कि आपके पास क्या सबूत हैं। हमें बताएं कि आपने किस आधार पर सबूत का बोझ आरोपी पर डाला। एनएबी ने मामले को फिर से सुनवाई के लिए निचली अदालत में वापस भेजने के का अनुरोध किया लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। सुनवाई के समय पूर्व प्रधानमंत्री मौजूद थे। इसी पीठ ने 29 नवंबर को एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में शरीफ को बरी कर दिया था। अदालत के इस फैसले के साथ, शरीफ को सभी तीन मामलों से बरी कर दिया गया है, जिसमें एवेनफिल्ड मामला, फ्लैगशिप मामला और अल-अजीजिया मामला शामिल है। पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ द्वारा 1999 में शरीफ की सरकार को गिराने और उनके परिवार को देश से बाहर भेजने के बाद मिल की स्थापना के समय शरीफ सऊदी अरब में निर्वासन में रह रहे थे। शरीफ के बेटे हुसैन नवाज मिल के प्रशासनिक प्रमुख थे। शरीफ, एकमात्र पाकिस्तानी राजनेता हैं, जो रिकॉर्ड तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। वह फरवरी 2024 में होने वाले आम चुनावों में अपनी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए अक्टूबर में देश लौट आए।

# इजराइल-हमास युद्ध का अंत नहीं दिख रहा

## गाजा पर अलग थलग पड़े इजराइल और अमेरिका

**भाषा।** राफा (गाजा पट्टी)

**इजराइल और** अमेरिका गाजा में युद्ध विराम के वैश्विक आह्वान के बीच अलग-थलग पड़ते दिख रहे हैं। वहीं, मंगलवार को इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में एक गैर-बाध्यकारी वोट पारित होने की उम्मीद है। इजराइल ने गाजा के हमास शासकों के खिलाफ आक्रामकता तेज कर दी है और कहा है कि युद्ध आगामी हफ्तों या महीनों तक जारी रह सकता है। दक्षिणी इजराइल में सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से युद्ध की शुरुआत हुई थी, जिसमें 18,000 फलस्तीनी समेत कई लोगों की मौत हो चुकी है और व्यापक क्षति हुई है तथा 23 लाख की आबादी वाले क्षेत्र की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी अपने अपने घरों को छोड़ कर पलायन कर गए हैं। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के एक रिपोर्टर के अनुसार मंगलवार को दक्षिणी गाजा में देर रात हुए हमले में कम से कम 23 लोग मारे गए। इसी इलाके में नागरिकों को शरण लेने के लिए कहा गया था। मध्य गाजा में दीर अल-बला में अल-अक्सा मार्टियर्स हॉस्पिटल ने रिकॉर्ड के अनुसार देर रात के हमले में मारे गए 33 लोगों के शव अस्पताल लाए गए थे। इनमें 16 महिलाएं और चार बच्चे थे। हमला मगाजी शरणार्थी शिविर के पास एक इमारत पर किया गया था। उत्तरी गाजा में डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स सहायता समूह ने कहा कि सोमवार को अल-अवदा अस्पताल के बाहर से की गई गोलीबारी में अस्पताल का एक सर्जन घायल हो गया। सहायता समूह ने बताया कि एक हफ्ते से इजराइली सुरक्षा बलों ने इस अस्पताल को घेर रखा है। सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस के साथ बातचीत में इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने युद्ध को लेकर कोई निश्चित समयसीमा बताने से इनकार किया, लेकिन संकेत दिया कि जमीनी लड़ाई और हवाई हमले आगामी हफ्तों तक जारी रह सकते हैं और आगे की सैन्य गतिविधि महीनों तक जारी रह सकती है।

# अमेरिका और जापान के साथ संबंध सुधार रहे वियतनाम की यात्रा करेंगे चीनी राष्ट्रपति

**भाषा।** बैंकॉक

**चीन के** राष्ट्रपति शी चिनफिंग अमेरिका और जापान के साथ राजनयिक संबंध गहरे कर रहे वियतनाम के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए मंगलवार को अपने पड़ोसी देश की यात्रा करेंगे। यह 2017 के बाद से वियतनाम की उनकी पहली यात्रा होगी। वियतनाम के विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा के दौरान शी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुएन फु ट्रोंग, राष्ट्रपति वो वान थुओंग और प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात करेंगे। सिंगापुर में आईएसईएएस-यूसोफ इशाक इंस्टीट्यूट में कार्यरत गुएन खाक गियांग ने कहा, यह पश्चिम के साथ हनोई के बढ़ते संबंधों पर बीजिंग की चिंताओं को दर्शाता है। उसे चिंता है कि वियतनाम चीन विरोधी गठबंधन में शामिल हो सकता है। दक्षिण पूर्व एशिया में सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिहाज से वियतनाम की रणनीतिक भूमिका बढ़ती जा रही है।वियतनाम वैचारिक रूप से चीन के करीब है। इस पर चीन से मजबूत संबंध रखने वाली कम्युनिस्ट पार्टी का शासन है लेकिन हाल के महीनों में वियतनाम ने पश्चिमी देशों के साथ निकट संबंधों का संकेत दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका को चीन के समान राजनयिक दर्जा दिए जाने को चिह्नित करने के लिए सितंबर में वियतनाम का दौरा किया था।

## म्यामां दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बना : संरा

**बैंकॉक।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक गृह युद्ध से प्रभावित म्यामां अफगानिस्तान को पीछे छोड़कर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बन गया।मादक पदार्थ और अपराध संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने अपने 'दक्षिण-पूर्व एशिया अफीम सर्वेक्षण 2023' में कहा कि म्यामां का अफीम उत्पादन अफगानिस्तान से भी अधिक है।तालिबान के शासन में आने के बाद अफगानिस्तान में अफीम के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यूएनओडीसी ने पिछले महीने कहा था कि तालिबान के प्रतिबंध के कारण अफीम पोस्ता की खेती में 95 प्रतिशत की गिरावट आई है।यूएनओडीसी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 से 2023 के बीच म्यामां में अफीम की खेती का क्षेत्रफल 18 प्रतिशत बढ़कर 47,100 हेक्टेयर (1,16,400 एकड़) हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, अफीम की अनुमानित उपज 16 फीसदी बढ़कर 22.9 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है, जो 2022 के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

## अमेरिका: रामास्वामी को जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**कॉनकॉर्ड (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के दावेदार एवं भारतीय-अमेरिकी नेता विवेक रामास्वामी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में न्यू हैम्पशायर के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। संघीय अभियोजकों ने बताया कि आरोपी पर राष्ट्रपति पद के एक उम्मीदवार को सोमवार को एक निर्धारित एक चुनाव प्रचार कार्यक्रम से पहले धमकी भरा संदेश भेजने का आरोप है। इस संदेश में आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी।अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने उम्मीदवार का नाम उजागर नही किया है, लेकिन रामास्वामी के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि इस संदेश में उनके चुनाव प्रचार अभियान पर निशाना साधा गया था। उप संचार निदेशक स्टीफन मायचाज्लिव ने एक बयान में कहा, कानून प्रवर्तन अधिकारी जिस तत्परता से इस मामले से निपटे, उसके लिए हम उनके आभारी है और सभी अमेरिकियो की सुरक्षा की कामना करते है। डोवर के 30 वर्षीय टायलर एंडरसन को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। उस पर धमकी भरा संदेश भेजने का आरोप है।अदालत में सोमवार को शुरुआती सुनवाई के दौरान आरोपी ने न्यायाधीश के समक्ष कुछ नही कहा। अदालत द्वारा नियुक्त उसके अधिवक्ता ने भी किसी भी तरह की टिप्पणी से इनकार कर दिया। अगली सुनवाई बृहस्पतिवार के लिए निर्धारित की गई है।

## बान की मून, तीन राजनयिक संरा में दिवाली पावर ऑफ वन पुरस्कार से सम्मानित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की-मून और तीन अनुभवी राजनयिकों को सभी के लिए एक अधिक परिपूर्ण, शांतिपूर्ण और सुरक्षित दुनिया बनाने में उनके निस्वार्थ प्रयासों के लिए वार्षिक दिवाली पावर ऑफ वन अवार्ड्स से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को कूटनीति का ऑस्कर कहा जाता है।संयुक्त राष्ट्र के पूर्व प्रमुख को दिवाली फाउंडेशन यूएसए द्वारा आयोजित 2023 दिवाली स्टैम्प - द पावर ऑफ वन अवार्ड समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।वर्ष 2023 के लिए अन्य पुरस्कार विजेताओं में संयुक्त राष्ट्र में बोस्निया एवं हर्जेगोविना की पूर्व स्थाई प्रतिनिधि मिरसादा कोलाकोविक, संयुक्त राष्ट्र में दक्षिण कोरिया की पूर्व स्थाई प्रतिनिधि किम सूक और 72वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष और बेलग्रेड-प्रिस्टिना संवाद के लिए यूरोपीय संघ के विशेष प्रतिनिधि मिरोस्लाव लाजकक शामिल हैं।संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सोमवार को आयोजित एक विशेष समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकी हमले में 23 सैनिकों की मौत : सेना

**भाषा।** पेशावर (पाकिस्तान)



**पाकिस्तान** के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में मंगलवार को पाकिस्तानी तालिबान से संबंधित आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों की चौकी को विस्फोटक से लदे वाहन से टक्कर मार देने के कारण कम से कम 23 सैनिक मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से लगे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में प्रवेश करने के उनके मंसूबों को प्रभावी ढंग से विफल कर दिए जाने के बाद आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे वाहन को चौकी की इमारत में टक्कर मार दी। इस हमले के बाद आत्मघाती हमला भी किया गया जिसके कारण इमारत ढह गई और कई लोग हताहत हुए। सेना ने कहा कि 12 दिसंबर की सुबह डेरा इस्माइल खान के दरबान इलाके में छह आतंकवादियों के एक समूह ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 23 सैनिक मारे गए। आधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया जबकि पुलिस की नई टुकड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और बाद में तलाशी अभियान शुरू किया गया। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबंद्ध और नवगठित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। इसके प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इस हमले को आत्मघाती मिशन (फिदाईन हमला) करार दिया। पुलिस ने कहा कि मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि हमले में घायल कई लोगों की हालत गंभीर है। हमले के कारण जिले के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया जबकि सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे इस आतंकी संगठन का हाथ रहा है। चार नवंबर को टीजेपी आतंकवादियों ने लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर पाकिस्तान वायु सेना के मियांवाली प्रशिक्षण वायुसेना अड्डे पर हमला किया था, जिसमें तीन विमान क्षतिग्रस्त हो गए। देश में तीन अलग-अलग आतंकी हमलों में 17 सैनिकों के मारे जाने की घटना के एक दिन बाद हुई सेना की कार्वाई में सभी हमलावर मारे गए। इस साल जुलाई में टीजेपी आतंकवादियों ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत में झोब गैरीसन पर हमला किया जिसमें चार सैनिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान को हिंसा में वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। इस पूरे साल पाकिस्तान में आतंकी और अलगाववादी सुरक्षा बलों को निशाना बनाते रहे हैं। आतंकवादियों ने पाकिस्तान में सुरक्षा और सैन्य प्रतिष्ठानों पर लगातार हमले किए हैं।

## भारत और पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दा संवाद से सुलझाना चाहिए : चीन

**बीजिंग।** अनुच्छेद 370 को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद और मंत्रणा के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल पर चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, कश्मीर के मुद्दे पर, चीन की स्थिति पूर्ववर्त और स्पष्ट है। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच यह बेहद पुराना विवाद है और इसे संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों और प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से हल किया जाना चाहिए।


**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that I Dipesh Bhattacharya S/o late Shri B.C. Bhattacaharjee am filing application in L&DO for substitution of the property no. B-347, Chittaranjan Park, New Delhi-110019 in the name of Dipesh Bhattacharya, on the grounds of Death Certificate / Relinquishment Deed. If there are any objections / claims from the general public on this application, the same shall be communicated to L&DO with supporting documents through registered post or by visiting L&DO at Nirman Bhawan, New Delhi or through an email at ldo@nic.in, within 30 days of publication of this notice.

Name : Dipesh Bhattacharya
Adrress : B-347, Chittaranjan Park, New Delhi-110019
Phone : 9868220806

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client sapna jain is the owner of up shop (L-type) on ground floor part of property no. 271/13 measuring 12 sq. yds. out of khasra no. 962/149 situated in the area of village sikdar pur in the abadi of gali no. 16 balbir nagar extn., shahdara, delhi-110032 (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Ltd) from vijay kumar Sharma through rama goyal, vide sale deed dated 29/11/2023 (doc. No. 9314)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 4 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

My Clients **Dashrath Singh** S/o Late Pancham Singh & his wife **Sita Devi** W/o Dashrath Singh **R/o-96, Arvind Enclave, Nangloi, Delhi-110041** have **debarred & disowned** their Daughter **Rekha** & her husband **Mithun** from their movable & immovable properties. My Clients have also severed all their relations with them. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk and responsibility.
Ramesh Chander (Adv) Ch. 68, Western Wing, Tis Hazari

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client **MR. LALMAN** is in process to purchase the Property Bearing No. RZ-701/314, area measuring 50 Sq. Yds. i.e., 41.805 Sq. Meters, Built on Plot No. 36-A, out of Khasra No. 314, Situated in the Revenue Estate of Village Nasirpur, Delhi State Delhi, colony known as West Sagarpur, New Delhi-46 (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Ltd) from TARKESHWAR PRASAD, who purchased the same from Mukesh Kumar vide Sale Deed dated 31.10.2018 (Doc. No. 10315), whereas Mukesh Kumar acquired the same vide relinquishment deed dated 28.09.2015 executed by Mrs. Radha, Mrs. Sharda, Mrs. Kanta, Mrs. Shanta, Chander Kanta, Mr. Manish& Mr. Amit Kumar (doc. No. 10311)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

Be it known all general public that the following : a) Copy of Notarised GPA, ATS and Will executed by Mrs. Baljit Kaur in favour of Mrs. Gurmeet Kaur in respect to said Plot i.e. Plot No. F-302 area measuring 100 sqyds, dated 05/06/1979. b) Copy of Death Certificate of Mrs. Gurmeet Kaur (died on dated 29/05/1989). c) Copy of Relinquishment deed executed by Mr. Mohan Lal and Mr. Deepak in favour of Mr. Sohan Lal in respect to said Plot i.e. Plot No. F-302 area measuring 100 sqyds vide Document No. 18343, Volume No. 17141, Pages 34 to 36, Book No. 1, dated 27/10/2009. d) Copy of Will (within Family) executed by Mr. Sohan Lal in favour of his son Mr. Mohan Lal in respect to said property i.e. Ground Floor (Southern Side) with roof rights area measuring 40 sqyds vide Document No. 7919, dated 30/10/2009. e) Copy of Death Certificate of Mr. Sohan Lal (died on dated 28/12/2015). f) Thereafter, Mr. Sihan Lal executed Will in favour of his son Mr. Mohan Lal in respect to said property i.e. Ground Floor (Southern Side) with roof rights area measuring 40 sqyds vide Document No. 7919, dated 30/10/2009. g) Thereafter, Unfortunately, Mr. Sohan Lal died on dated 28/12/2015. h) Finally, Mr. Mohan Lal gifted said property i.e. Ground Floor (Southerm Side) with roof rights area measuring 40 sqyds to Mrs. Sheetal through Gift deed dated 07/12/2023. If any other person having any objection kindly contact the undersigned within 7 days. Amrendra Kumar Dubey (Advocate) # 9599801188.


# लाल सागर में यमन के तट के पास नार्वे के पोत पर हमला

**भाषा।** दुबई

**लाल सागर में** यमन के तट के पास संदिग्ध रूप से हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई एक मिसाइल नार्वे के ध्वज वाले एक टैंकर से टकरा गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।तेल और रासायनिक पदार्थ से लदे टैंकर स्ट्रिंडा पर हमला ईरान समर्थित विद्रोहियों द्वारा बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य के पास पोतों को निशाना बनाने के अभियान का विस्तार है। विद्रोही अब उन पोतों को निशाना बना रहे हैं जिनका इजराइल से कोई स्पष्ट संबंध नहीं है।यह हमला स्वेज नहर से आने वाले मालवाहक पोतों और ऊर्जा नौवहन को संभावित रूप से खतरे में डालता है तथा गाजा पट्टी में चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को बढ़ाता है।हूती विद्रोहियों ने अभी तक हमले



की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन विद्रोही सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने कहा कि आने वाले घंटों में उनकी ओर से एक महत्वपूर्ण घोषणा की जाएगी।निजी खुफिया कंपनियों अंब्रे और ड्रायड ग्लोबल ने पुष्टि की कि हमला पूर्वी अफ्रीका को अरब प्रायद्वीप से अलग करने वाले महत्वपूर्ण बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य के पास हुआ।ड्रायड ग्लोबल कंपनी के मुताबिक, जिस पोत पर हमला हुआ है उसकी पहचान स्ट्रिंडा के रूप में हुई है। यह एक नॉर्वे के स्वामित्व वाला और उसी के द्वारा संचालित पोत है।नाम न छापने की शर्त पर एक रक्षा अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस के कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एक मिसाइल ने पोत पर हमला किया। स्ट्रिंडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गीर बेल्स्नेस और संचालक जे. लुडविग मोविनकेल्स रेडेरी ने भी हमले की पुष्टि की।बेल्स्नेस ने कहा कि चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, पोत अब सुरक्षित बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। स्ट्रिंडा पोत मलेशिया से स्वेज नहर की ओर जा रहा था।इससे पहले, ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने यमन के मोखा में एक अज्ञात पोत में आग लगने की सूचना दी थी, जिसमें सवार चालक दल के सभी सदस्यों के सुरक्षित रहने की जानकारी दी गई थी।

# पाकिस्तान : सुप्रीम कोर्ट ने जुल्फिक्कार भुट्टो की मौत की सजा पर सुनवाई फिर से शुरू की

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान के उच्चतम** न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की दी गई मौत की सजा पर फिर से विचार करने के पूर्व राष्ट्रपति के अनुरोध के बाद मंगलवार को मामले की सुनवाई फिर से शुरू कर दी है। पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दो अप्रैल 2011 को उच्चतम न्यायालय से मौत की सजा पर फिर से विचार करने का औपचारिक अनुरोध किया था। मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता में शीर्ष अदालत की नौ सदस्ईय पीठ ने मामले की सुनवाई की। भुट्टो को हत्या के एक मामले में उकसाने का दोषी ठहराए जाने के बाद 1979 में फांसी दे दी गई थी। उच्चतम न्यायालय की सात-सदस्ईय पीठ द्वारा दोषसिद्धि को बरकरार रखने के बाद फांसी की सजा दी गई थी। कई लोगों का मानना है कि तत्कालीन सैन्य तानाशाह जनरल जियाउल हक के दबाव के कारण सात सदस्ईय पीठ ने यह फैसला बरकरार रखा था। हक ने 1977 में भुट्टो की सरकार का तख्तापलट कर दिया था। इस मामले में इससेपहले सुनवाई जनवरी 2012 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश इफ्तिखार मोहम्मद चौधरी की अध्यक्षता वाले 11-न्यायाधीशों की पीठ ने की थी। भुट्टो के नाती बिलावल भुट्टो जरदारी के अनुरोध पर मामले की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। भुट्टो को पाकिस्तान में अलोकतांत्रिक ताकतों के प्रतिरोध के प्रतीक और दलितों के शुभचिंतक के रूप में जाना जाता है।


**पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर**

आंचल AANCHAL

किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944-242552 ई-मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com

पत्रांक : 2066-69/निविदा सूचना/2023-24 दिनांक: 12 दिसम्बर, 2023

**ई-प्रोक्योरमैन्ट नोटिस**

**ई-निविदा सूचना संख्या-31 Raw Material/CFP/2023-24, Date - 13/12/2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा के द्वारा Two Bid System के अर्न्तगत पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक **27.12.2023** के सांय **05.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक **28.12.2023** की प्रातः **11.00** बजे यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पड़ाव हल्द्वानी में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कच्चा माल विवरण | कुल मात्रा | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा शुल्क GST सहित ₹ | आपूर्ति शैड्यूल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डी0ओ0आर0बी0 (स्टॉक हेतु) | 2000 मै0टन | 676400 | 4720 | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| 02 | डी0ओ0आर0बी0 (उत्पादन हेतु) | 2500 मै0टन | 845500 | 4720 | |
| 03 | राईस पालिस | 1200 मै0टन | 669600 | 4720 | |
| 04 | विटामीन AD-3 | 120 कि0ग्रा0 | 10700 | 1180 | |
| 05 | विटामीन E | 850 कि0ग्रा0 | 16000 | 1180 | |

तालिका क्रम संख्या- 01

नोट- निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एंव प्रस्तुतीकरण का तरीका-

निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी.एस.टी. सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online Internet की वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एवं Upload किये जा सकते हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। ई-निविदा वेबसाइट पर दिनांक **13.12.2023** से उपलब्ध रहेगी।

सामान्य प्रबन्धक


# भारत, चीन विकासशील देशों को अधिक जलवायु वित्त प्रदान कर रहे हैं

## अमीर देशों की तुलना में कर रहे अधिक मदद : वेबसाइट का दावा

**भाषा।** दुबई

**भारत, चीन** और ब्राजील सहित कुछ विकासशील देश ग्लोबल नार्थ के कई देशों की तुलना में बहुपक्षीय विकास बैंकों के माध्यम से जलवायु-सबंधित वित्त में अधिक योगदान दे रहे हैं। जलवायु विज्ञान और नीति पर रिपोर्ट करने वाली ब्रिटेन की एक वेबसाइट के विश्लेषण में यह जानकारी दी गई है। यह विश्लेषण चीन और सऊदी अरब जैसे विकासशील देशों को शामिल करने के लिए जलवायु वित्त के लिए दानकर्ताओं का दायरा व्यापक करने के वास्ते विकसित देशों के दबाव के बीच आया है। उदाहरण के तौर पर, सितंबर में आयोजित ग्लोबल स्टॉकटेक से अपनी अपेक्षाओं पर जलवायु परिवर्तन के विषय में संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) में दी गई दलील में न्यूजीलैंड ने कहा है, "विभिन्न देशों के पास योगदान करने की अलग-अलग क्षमताएं हैं, जो समय के साथ बदल गई हैं। न्यूजीलैंड ने कहा कि वर्तमान और ऐतिहासिक उत्सर्जन, राष्ट्रीय संपदा और कई अन्य कारक बदल गए हैं और यह लगातार बदल रहे हैं। तीस साल पुरानी सूचियों के आधार पर विभाजन इस समकालीन वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करता है। विश्लेषण से पता चलता है कि चीन, भारत, ब्राजील और रूस शीर्ष 20 वैश्विक जलवायु वित्त प्रदाताओं में शामिल हैं। विश्लेषण के मुताबिक, चीन ने इस अभियान के तहत।,236 मिलियन अमेरिकी डॉलर तथा भारत ने जलवायु वित्त के लिए अन्य विकासशील देशों के साथ एकजुटता दिखाते हुए 76.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रदान किए। इसमें कहा गया है कि इस वित्त सहायता का अधिकांश भाग बहुपक्षीय विकास बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है।

## जीएसटी मसौदे को लेकर ग्लोबल साउथ बेहद निराश

**दुबई।** ग्लोबल साउथ के वार्ताकारों ने मंगलवार को कहा कि विकासशील देशों ने यहां चल रहे जलवायु सम्मेलन (सीओपी28) के अति महत्वपूर्ण दस्तावेज ग्लोबल स्टॉकटेक के नवीनतम मसौदे की निंदा की है और धरती के तापमान को बढ़ाने वाली हरित गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए विभिन्न विकल्पों समेत कई बदलावों की मांग की है। ग्लोबल स्टॉकटेक मसौदा इस सम्मेलन के आखिरी समझौता दस्तावेज का मुख्य हिस्सा होगा। उसमें जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से खत्म करने का जिक्र नहीं है। हालांकि उसमें कोयले के इस्तेमाल पर सख्त भाषा शामिल की गई है जो काफी हद तक कोयले पर आश्रित भारत एवं चीन जैसे देशों के लिए परेशानी का सबब होगी। ग्लोबल स्टॉकटेक देशों और हितधारकों के लिए यह देखने की एक प्रक्रिया है कि वे पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में कहां प्रगति कर रहे हैं - और कहां नहीं। दुनिया में कार्बन डाइऑक्साइड का 40 फीसद उत्सर्जन कोयले के कारण होता है जबकि शेष के लिए तेल और गैस जिम्मेदार हैं। अपने करीब 70 प्रतिशत विद्युत उत्पादन के लिए कोयले पर निर्भर भारत का लक्ष्य अगले 16 महीने में कोयला आधारित विद्युत उत्पादन में 17 गीगावाट की वृद्धि करना है। ग्लोबल साउथ के एक वार्ताकार ने कहा कि भारत ने खासकर कोयले को निशाना बनाने को लेकर चिंता व्यक्त की है तथा अन्य विकासशील देशों के साथ मिलकर उसने मसौदा दस्तावेज के अनुच्छेद 39 की समीक्षा की मांग की है। उसमें धरती के तापमान को बढ़ाने वाली हरित गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के विभिन्न विकल्पों का उल्लेख है। इन वार्ताकार का कहना था कि मंगलवार को नया मसौदा आने की संभावना है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है।


**PUBLIC NOTICE**

My Client (1) Sh. Anand Mohan Jha S/o Sh. Shyam Kishor Jha (2) Smt. Nootan Singh W/o Sh. Praveen Chaudhary is the owner of part of Residential Vacant Plot No.229, 230 (Old) & Property No.-149, Municipal No.- 217 (New), Total Area Measuring 110 Sq. Yds. i.e. 91.97 Sq. Mtrs., out of Khasra No.1015 Ml., Master Park, Village Makanpur, Pargana Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P. Sale Deed Regd. No. 7495 Dated- 16.07.2021 SR-IV Gzbd. Executed by Sh. Pinku Singh S/o Sh. Narpat Singh. This Above-mentioned Property is going to be Mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If Any Person/bank/ financial Institution having any claim/right, Lien, Any Objection Whatsoever in Regard to Above Property, Should notified to the undersigned/adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

**PUBLIC NOTICE**

My Client Sh. Gyanender S/o Sh. Dinesh is the Owner of Residential Freehold House No. 28, in Khasra No. 67, having its Area 220 Sq. Yds, Situated at Village Yakubpur Pargana & Tehsil Dadri Dist. Gautam Budh Nagar U.P Vide Registered Gift Deed Regd. No. 6542 Dated-07.12.2023 SR-II Noida Executed by Sh. Dinesh S/o Sh. Chottey Lal. This Above-mentioned Property is going to be Mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If any person/bank/ financial Institution having any claim/right, Lien, Any objection whatsoever in regard to Above Property, Should Notified to the undersigned/adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD Vs. APS SURGICALS PVT LTD, CS (COMM)1227/23 | Vehicle No. DL11CC1141, Make and Model - MARUTI SUZUKI Ertiga, Manu Year - 2020 |
| ICICI Bank Vs Sandeep Kumar, RC NO. 90/2019, IN OA/ 43/2017 | Vehicle No. - UP16BE5195, Make and Model - RENAULT FLUENCE, Manf. Year - 2015 |
| ICICI Bank Vs Sanjay Kumar, CS (COMM) 2884/19 | Vehicle No.UP14HT5870, Make & Model - Ashok Leyland Partner, Manf. Year - 2019 |
| ICICI Bank Ltd. Vs. Yogender Raj Verma, CS (Comm.) No. 2051/21 | Vehicle No.DL10CM8176, Make & Model - TATA Nexon, Manf. Year - 2019 |

**Auction Date: December 22, 2023 From- 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type: Online Auction**
**Auction Portal Name- BidKaro & URL Link https://www.bidkaro.net**
**Contact Person- Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, ShalTower Plot no. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles

# एआई के नैतिक उपयोग के लिए वैश्विक ढांचा बनाने की जरूरतः मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित उपकरणों के आतंकवादियों के हाथ में पड़ने के खतरे को लेकर आगाह करते हुए कहा कि एआई के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने कृत्रिम मेधा पर वैश्विक साझेदारी (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई 21वीं सदी में विकास का सबसे बड़ा जरिया बन सकती है लेकिन यह 21वीं सदी का विनाश करने की भी समान रूप से ताकत रखती है। उन्होंने कहा, डीपफेक, साइबर सुरक्षा और डेटा चोरी की चुनौती के अलावा एआई उपकरणों का आतंकवादियों के हाथों में पड़ना एक बड़ा खतरा है। अगर एआई से लैस हथियार आतंकवादी संगठनों तक पहुंच गए तो वैश्विक सुरक्षा को एक बड़े खतरे का सामना करना पड़ेगा। हमें इसके बारे में गौर करना होगा और एआई का दुरुपयोग रोकने के लिए एक ठोस योजना बनानी होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने जी20 समूह का अध्यक्ष रहते समय एआई के लिए एक जिम्मेदार, मानव-केंद्रित शासन ढांचा बनाने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा, जिस तरह हमारे पास विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के लिए समझौते और प्रोटोकॉल हैं, उसी तरह हमें एआई के नैतिक उपयोग के लिए भी एक वैश्विक ढांचा बनाना होगा। इसमें अधिक जोखिम और सीमांत एआई उपकरणों के परीक्षण और तैनाती का एक प्रोटोकॉल भी शामिल होगा। उन्होंने भारत को कृत्रिम मेधा के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि यह तकनीक भारत के प्रौद्योगिकी परिदृश्य में आमूलचूल बदलाव की क्षमता रखती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार जल्द ही एआई मिशन शुरू करेगी।

उन्होंने कहा कि एआई में स्वास्थ्य सेवा सहित क्षेत्रों को बदलने की क्षमता है और यह टिकाऊ विकास में बड़ी भूमिका निभा सकती है। हालांकि, इसे लेकर बहुत सावधानी बरतनी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई की दिशा मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर निर्भर होगी। यदि इससे जुड़ी नैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक चिंताओं पर ध्यान दिया जाए तो एआई पर भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि डेटा के सुरक्षित होने पर गोपनीयता संबंधी चिंताएं दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा, हमें वैश्विक ढांचे को एक तय समयसीमा के भीतर पूरा करना होगा। दुनिया और मानवता की सुरक्षा एवं प्रगति के लिए ऐसा होना जरूरी है। एआई को सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि चर्चा एआई से निकलने वाली जानकारी को विश्वसनीय बनाने के तरीके पर होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई को सर्व-समावेशी बनाने पर ही इसके अधिक समावेशी परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा, एआई सिर्फ नई तकनीक नहीं है, बल्कि एक विश्वव्यापी आंदोलन है। उन्होंने कहा कि डेटा और एल्गोरिदम का उपयोग किसी भी पूर्वाग्रह से मुक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़े नकारात्मक पहलू चिंता का विषय हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, एआई परिवर्तनकारी है, इसे पारदर्शी बनाना हमपर निर्भर है। उन्होंने कहा कि एआई के साथ दुनिया एक नए युग में प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा, एआई भविष्य तय करने का सबसे बड़ा आधार बन सकती है। भारत एआई के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आज भारत एआई प्रतिभा और एआई से संबंधित नए विचारों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। युवा भारतीय तकनीकी विशेषज्ञ और शोधकर्ता एआई की सीमाएं तलाश रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार सामाजिक और समावेशी विकास के लिए एआई की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने की कोशिश करेगी।



भोपाल में मप्र के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला को बधाई देते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

# खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढकर तीन माह के उच्चस्तर 5.5% पर

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति में एक बार फिर तेजी आई है। सब्जी, अनाज समेत खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में 4.87 प्रतिशत और पिछले साल यानी 2022 के इसी महीने में 5.88 प्रतिशत के स्तर पर थी। महंगाई दर अगस्त में 6.83 प्रतिशत थी। उस समय से इसमें गिरावट जारी थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर नवंबर महीने में बढ़कर 8.7 प्रतिशत रही जो अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत और पिछले साल नवंबर में 4.67 प्रतिशत थी।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। मसालों की महंगाई में सालाना आधार पर 21.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दाल और उसके उत्पादों में 20.23 प्रतिशत, सब्जियों में 17.7 प्रतिशत और फलों की महंगाई में 10.95 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अनाज और उसके उत्पादों की मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 10.27 प्रतिशत रही।

तेल और वसा के खुदरा दाम में 15 प्रतिशत की गिरावट आई। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति 5.85 प्रतिशत रही, जबकि शहरी केंद्रों में यह 5.26 प्रतिशत रही। इससे महंगाई का राष्ट्रीय औसत 5.55 प्रतिशत रहा। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। उसे दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ इसे चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। आरबीआई ने पिछले सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा में उपभोक्ता मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में 5.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है।

## भारत 2047 तक क्रूज केंद्र होगा : सोनोवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को कहा कि सरकार भारत को क्रूज हब (केन्द्र) के रूप में स्थापित करने और वर्ष 2047 तक वार्षिक क्रूज यात्रियों की संख्या को 50 लाख तक बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने कहा कि सरकार भारत को एशिया प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख क्रूज केंद्र के रूप में स्थापित करने की कल्पना करती है। सोनोवाल ने यहां डेलॉयट-गवर्नमेंट समिट आरोहा: ग्रोथ विद इम्पैक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य वर्ष 2047 तक अमृत काल में भारत में क्रूज यात्रियों की वार्षिक संख्या को 50 लाख तक बढ़ाना है, जो वर्तमान में 4.72 लाख है। यह मौजूदा आंकड़ों से 10 गुना अधिक की बढ़ोतरी होगी। मंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें अत्याधुनिक क्रूज टर्मिनलों का विकास, मानकीकृत प्रक्रियाओं का कार्यान्वयन और ई-वीजा सुविधाओं की शुरूआत समेत अन्य उपाय शामिल हैं।

# औद्योगिक उत्पादन 11.7 प्रतिशत बढ़ा, 16 माह का उच्चस्तर

भाषा। नई दिल्ली

**देश में** औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अक्टूबर में 16 माह के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से यह तेजी आई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर अक्टूबर, 2023 में 16 महीनों के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। आईआईपी वृद्धि का पिछला उच्चस्तर जून, 2022 में 12.6 प्रतिशत रहा था। एक साल पहले के समान माह में औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 10.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि साल भर पहले इसमें 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत रही जो पिछले साल की समान अवधि में 2.6 प्रतिशत थी। वहीं, बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 20.4 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। साल भर पहले की समान अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.9 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले साल की समान अवधि में यह 5.3 प्रतिशत रही थी।

इस बीच, सितंबर, 2023 के आईआईपी वृद्धि के आंकड़े को संशोधित करते हुए 6.2 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसके 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। एनएसओ ने कहा कि पिछले साल की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन की दर का आकलन करते समय कोविड-19 महामारी से उपजे असामान्य हालात को भी ध्यान रखना होगा। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड में इस साल अक्टूबर में 22.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 2.4 प्रतिशत गिर गया था।

आलोच्य अवधि में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 15.9 प्रतिशत बढ़ गया जबकि अक्टूबर, 2022 में यह 18.1 प्रतिशत गिर गया था। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन एक साल पहले की 13 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 8.6 प्रतिशत बढ़ गया। बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं के उत्पादन में 11.3 प्रतिशत की बढ़त हुई जबकि पिछले साल के समान माह में यह 1.7 प्रतिशत बढ़ा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2.1 प्रतिशत थी। अक्टूबर में मध्यवर्ती वस्तुओं का उत्पादन 9.7 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

# दलाई लामा का सहिष्णुता के लिए विविधता धर्मनिरपेक्ष विचारों को अपनाने का आह्वान

**गंगटोक।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने मंगलवार को लगभग 30 हजार अनुयायियों को गंगटोक के पालजोर स्टेडियम में बौद्ध धार्मिक उपदेश दिया और लोगों के बीच सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विविधता और धर्मनिरपेक्ष विचारों को अपनाने का आह्वान किया। दलाई लामा 10 साल के अंतराल के बाद हिमालई राज्य की चार दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं।

दलाई लामा (87) ने अपने उपदेश की शुरुआत आंतरिक शांति तथा खुशी, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद को बढ़ावा देने और सहानुभूतिशील दृष्टिकोण के माध्यम से वैश्विक मुद्दों को सुलझाने पर जोर देकर की। उन्होंने कहा, सभी धर्म एक समान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी धर्म करुणा और अहिंसा का पाठ पढ़ाते हैं। तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने कहा, आइए, हम सभी लोगों के बीच बेहतर समझ, सहिष्णुता और साझा मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए विविधता और धर्मनिरपेक्ष विचारों को अपनाएं। इन आदर्शों को कायम रखते हुए, समाज सभी लोगों को समावेशिता करने, सद्भाव और सामूहिक भलाई के लिए प्रयास कर सकता है।

बोधिसत्व के 37 अभ्यास और बोधिचित्त को लेकर आयोजित समारोह में उपदेश देते हुए 14वें दलाई लामा ने कहा, हमारा धर्म हमें अन्याय करने वालों को भी माफ करना सिखाता है। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने उपदेश देने के बाद राज्य सरकार की दो परियोजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के तहत गंगटोक जिले के रूमटेक में 70 करोड़ रुपए की लागत से 2026 तक करमापा पार्क तथा 16वें करमापा की 52 फुटी उंची प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सिमिक में ग्यालवा ल्हात्सुन चेनपो की तांबे प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा।

अपने संबोधन में, मुख्यमंत्री ने

## हिमाचल प्रदेश कैबिनेट का विस्तार, राजेश धर्माणी और यादवेंदर गोमा मंत्री बना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाले एक साल पुराने मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया है और उसमें राजेश धर्माणी और यादवेंदर गोमा को कैबिनेट मंत्री के तौर पर मंगलवार को शामिल किया गया। ग्यराह महीने बाद राज्य मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार हुआ है। अब कैबिनेट में सदस्यों की संख्या 11 हो गई है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने यहां राजभवन में एक समारोह में मंत्रिमंडल में शामिल किए गए नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। धर्माणी (51) पूर्व मुख्य संसदीय सचिव हैं और घुमारवीं से तीन बार के विधायक हैं, जबकि 37 वर्षीय गोमा जयसिंहपुर से दो बार के विधायक हैं। दोनों नेताओं के पास इंजीनियरिंग एवं एमबीए की डिग्रियां हैं। पिछले साल 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के शपथ ग्रहण के बाद आठ जनवरी को मंत्रिमंडल का विस्तार कर सात कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया था।

# अपने लिए कुछ मांगने के बजाय मर जाना पसंद करूंगा : शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि वह अपनी पार्टी से अपने लिए कुछ मांगने के बजाय मर जाना पसंद करेंगे। चार बार के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उन्हें जो भी काम देगी, वह उसे पूरा करेंगे। पिछले महीने के विधानसभा चुनावों में पार्टी की शानदार जीत के बाद मोहन यादव जल्द ही उनकी जगह लेंगे। चौहान ने यहां संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा, मैं विनम्रतापूर्वक कहना चाहता था कि मैं (दिल्ली) जाकर अपने लिए कुछ मांगने के बजाय मर जाना पसंद करूंगा। पिछले हफ्ते अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी अटकलों के बीच चौहान ने कहा था कि वह दिल्ली नहीं जाएंगे और दावा किया था कि वह कभी भी राज्य में शीर्ष पद की दौड़ में नहीं रहे हैं।



चौहान (64) ने मंगलवार को कहा, जब कोई व्यक्ति आत्मकेंद्रित होता है तो वह अपने बारे में ही सोचता है। लेकिन भाजपा एक मिशन है, हर कार्यकर्ता के लिए कुछ काम है। मुझे जो भी काम सौंपा जाएगा, मैं करूंगा। सत्ता में अपने कार्यकाल पर संतोष व्यक्त करते हुए, चौहान ने आगे कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि मोहन यादव के नेतृत्व में नई भाजपा सरकार चल रहे कार्यों को तीव्र गति से पूरा करेगी। मैं हमेशा उनका समर्थन करूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के साथ-साथ राज्य सरकार और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर लाडली बहना योजना के कारण भाजपा ने मध्य प्रदेश में बहुमत की सरकार बनाई। लाडली बहना योजना चौहान सरकार की एक प्रमुख योजना है जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,250 रुपए दिए जाते हैं। उन्होंने अन्य चीजों के अलावा सड़कों, बिजली आपूर्ति और कृषि विकास की बेहतर स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि राज्य ने भाजपा शासन के दौरान सर्वांगीण विकास किया है। चौहान ने कहा, महिला सशक्तिकरण और किसानों का कल्याण उनके लिए कभी भी वोट पाने का जरिया नहीं रहा। इस बीच, सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में महिलाओं का एक समूह मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री आवास पर जाकर चौहान की उपस्थिति में रोता हुआ दिख रहा है।

## केसरकर ने बाल ठाकरे के बारे में झूठे बयान दिए : अनिल परब

**नागपुर।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता अनिल परब ने मंगलवार को दावा किया कि शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से एक दूसरे के विधायकों के खिलाफ दाखिल की गई अयोग्यता याचिकाओं पर बहस के दौरान महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने पार्टी संस्थापक बाल ठाकरे के बारे में झूठे बयान दिए। शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट से संबद्ध और शिक्षा विभाग का कामकाज संभालने वाले केसरकर ने इन आरोपों से इनकार किया है। यहां विधान भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में परब ने दावा किया कि केसरकर ने बहस के दौरान कहा कि बाल ठाकरे लोकतंत्र का सम्मान नहीं करते थे और उन्होंने पार्टी में किसी भी आंतरिक चुनाव प्रक्रिया की अनुमति नहीं दी थी। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर शिवसेना (यूबीटी) और शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना द्वारा एक दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर की गई अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे हैं।

# इसरो 2040 तक चंद्रमा पर पहला अंतरिक्ष यात्री भेजेगा

**तिरुवनंतपुरम।** चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2040 तक चंद्रमा पर पहली बार भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की अपनी योजना पर जोर-शोर से काम कर रहा है। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी वर्तमान में देश के पहले मानवयुक्त मिशन गगनयान पर काम कर रही है, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने कहा कि मिशन के लिए चुने गए भारतीय वायु सेना के चार पायलट बेंगलुरु में अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सुविधा में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

मनोरमा ईयरबुक 2024 के लिए एक विशेष आलेख में सोमनाथ ने लिखा, इसरो का लक्ष्य गगनयान कार्यक्रम के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण में अगला कदम उठाना है, जिसमें 2 से 3 भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल को तीन दिन तक कम पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में भेजने की योजना है, जिसके बाद उन्हें भारतीय जलक्षेत्र में पूर्वनिर्धारित जगह पर सुरक्षित रूप से उतारा जाएगा।

मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों का विकास शामिल है, जिसमें एक मानव-रेटेड (मानवों को सुरक्षित रूप से परिवहन करने में सक्षम) लॉन्च वाहन (एचएलवीएम 3), एक क्रू मॉड्यूल (सीएम) और सर्विस मॉड्यूल (एसएम), और मानव के रहने के अनुकूल एक ऑर्बिटल मॉड्यूल है। एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट, पैड एबॉर्ट टेस्ट और यान की प्रायोगिक उड़ानों के अलावा दो समान गैर-चालक दल मिशन (जी। और जी2) मानवयुक्त मिशन से पहले होंगे। क्रू मॉड्यूल अंतरिक्ष में चालक दल के लिए पृथ्वी जैसे वातावरण वाला रहने योग्य स्थान है और इसे सुरक्षित पुन: प्रवेश के लिए डिजाइन किया गया है। सुरक्षा उपायों में आपात स्थिति के लिए क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) भी शामिल है।

परीक्षण वाहन (टीवी-डी1) की पहली विकास उड़ान 21 अक्टूबर, 2023 को लॉन्च की गई थी और इसने क्रू एस्केप सिस्टम का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसके बाद क्रू मॉड्यूल को अलग किया गया और बंगाल की खाड़ी से भारतीय नौसेना ने इसे सुरक्षित प्राप्त किया।

सोमनाथ ने कहा, इस परीक्षण उड़ान की सफलता बाद के मानव रहित मिशन और 2025 में लॉन्च होने वाले अंतिम मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन आदित्य एल। भी इसरो का एक महत्वपूर्ण मिशन है। यह लैग्रेंज पॉइंट-। नामक स्थान से सूर्य पर अध्ययन करेगा, जो चंद्र और सौर अनुसंधान दोनों में देश की क्षमता का प्रदर्शन करेगा। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज प्वाइंट-। (एल-1) की ओर अपने इच्छित पथ पर है, जहां इसे जनवरी 2024 में हेलो कक्षा में स्थापित किया जाएगा। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर, उन्होंने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिसके चलते प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त (चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग) को भारत में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया।

# पीओके ही नहीं सीओके भी हमारा होना चाहिएः इंद्रेश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर से जुड़े अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के सरकार के फैसले की वैधता को उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने के एक दिन बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने कहा है कि न सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) बल्कि चीन के कब्जे वाला कश्मीर (सीओके) भी भारत में होना चाहिए। पीटीआई-वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में इंद्रेश कुमार ने दावा किया कि अब वह दिन दूर नहीं जब देश को इसमें भी सफलता मिलेगी। अब तो पीओके ही नहीं सीओके भी आना चाहिए। कैलाश मानसरोवर चीन से मुक्त होना चाहिए। लद्दाख का जो बहुत बड़ा भू-भाग, जम्मू-कश्मीर का जो भू-भाग चीन के कब्जे में है, वह भी आना चाहिए।

उन्होंने कहा, वह दिन दूर नहीं है, जब इसमें सफलता मिलेगी। चीन के कब्जे वाले कश्मीर (सीओके) में 37,555 वर्ग किलोमीटर अक्साई चीन और 5,180 वर्ग किलोमीटर शक्सगाम और छीना हुआ क्षेत्र शामिल है। इस पर चीन का अवैध कब्जा है। भारत का कहना है कि अक्साई चीन सहित पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है जबकि चीन ने हमेशा दावा किया है कि अक्साई चिन शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र (शिनजियांग उइगुर) है।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर के घर-घर और गांव-गांव में आज खुशहाली आई है और वहां एक नए सूर्य का उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जहां पहले भारत माता की जय के नारे तक नहीं लगाए जाते थे आज वहां न सिर्फ यह नारा लगता है बल्कि सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा भी गुनगुनाया जाता है। उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के केंद्र के फैसले को सोमवार को बरकरार रखा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को ही संसद में जम्मू-कश्मीर से संबंधित दो विधेयकों पर चर्चा का जवाब देते हुए था कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है और कोई भी इसे छीन नहीं सकता।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार ने कहा कि आरएसएस की शाखाओं में आने से किसी को मनाही नहीं है लेकिन इसके लिए एक शर्त जरूरी है कि वह भारत को अपना राष्ट्र मानता हो। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमने किसी को रोका नहीं है। किसी पर प्रतिबंध नहीं है। वह किसी जाति धर्म या संप्रदाय के हों, जो भारत को अपना राष्ट्र मानते हैं और जो भारतीयता में आस्था रखते हैं और जो संविधान को मानते हैं। ऐसा विचार रखने वाला कोई भी व्यक्ति शाखा में आ सकता है। उन्होंने कहा कि आज भी संघ की शाखाओं में सैंकड़ों की संख्या में मुस्लिम और ईसाई समुदाय के लोग मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में बौद्ध और जैन तो हैं ही, सिख भी हैं। इसलिए हमने किसी के लिए दरवाजे बंद नहीं किए हैं। धर्मांतरण को असंवैधानिक और मानवता के विरूद्ध करार देते हुए आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक ने कहा कि सब धर्मों का सम्मान ही संवैधानिक और मानवीय है।

## भारत में प्रत्येक 834 व्यक्ति पर एक चिकित्सक : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि 80 प्रतिशत एलोपैथिक डॉक्टरों और 5.56 लाख आयुष डॉक्टरों की उपलब्धता को देखते हुए भारत में प्रति 834 व्यक्तियों पर एक चिकित्सक है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में 36.14 लाख नर्सिंग कर्मी हैं और देश में प्रति 476 लोगों की आबादी पर एक नर्सिंग कर्मी है। पवार ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अनुसार जून 2022 तक राज्य चिकित्सा परिषद एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में पंजीकृत एलोपैथिक चिकित्सकों की संख्या 13,08,009 थी। उन्होंने कहा, पंजीकृत 80 प्रतिशत पंजीकृत एलोपैथिक चिकित्सकों और 5.65 लाख आयुष चिकित्सकों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए देश में चिकित्सक-आबादी अनुपात।: 834 है।

# अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व-मैनेजर दिशा सालियान की मौत की जांच के लिए एसआईटी गठित

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व-मैनेजर दिशा सालियान की मौत की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। अधिकारी ने कहा, मुंबई पुलिस ने दिशा सालियान की मौत के मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है। मलवानी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक चिमाजी अधव मामले की जांच करेंगे। पुलिस उपायुक्त अजय बंसल जांच की निगरानी करेंगे। सालियान (28) ने आठ जून 2020 को एक उंची इमारत से कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। इसके कुछ ही दिन पहले, सुशांत (34) का शव मुंबई के उपनगर बांद्रा में अपने फ्लैट में फंदे से लटका मिला था।


दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने पुलिस को एक पत्र लिखकर कहा था कि उन्हें अपनी बेटी की मौत में किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है। उन्होंने मुंबई पुलिस की जांच पर भी पूरी तरह से संतोष जताया था। एसआईटी के गठन पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि पार्टी दबाव बनाने के इस तरह के हथकंडों के आगे नहीं झुकेगी।

भाजपा की आलोचना करते हुए राउत ने कहा कि वे अमेरिकी या रूसी जासूसी एजेंसियों क्रमशः सीआईए और केजीबी को जांच सौंप सकते हैं। उन्होंने कहा, हम दबाव बनाने के इन हथकंडों के आगे नहीं झुकेंगे। एसआईटी गठित करें या जांच सीआईए या केजीबी को सौंप दें। केंद्र और राज्य सरकार राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने की फैक्टरी है। आरोप लगाया, मौजूद शासन का समय विपक्षी नेताओं के खिलाफ एसआईटी गठित करने पर ही बीता है। सालियान की मौत के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिला था। उस वक्त विपक्ष में रही भाजपा ने पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी सरकार पर मामले को दबाने का आरोप लगाया था।

पिछले साल राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान, उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि सालियान की मौत की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की जाएगी। कुछ नेताओं ने सालियान की हत्या किए जाने का आरोप लगाया था और मामले में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे एवं विधायक आदित्य ठाकरे का नाम घसीटने की कोशिश की थी। भाजपा विधायक प्रवीण दरेकर ने पिछले हफ्ते कहा था कि कई नेता लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि मामले में एसआईटी गठित की जाए।

यह पूछे जाने पर कि क्या सालियान की मौत की एसआईटी जांच का आदेश दिया गया है, इसपर उद्धव ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें इस तरह के किसी आदेश के बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, ...यदि वे हमारे खिलाफ झूठे आरोप लगाते हैं, तो फिर हम सच को सामने लाएंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले साल भी एसआईटी गठित करने की घोषणा की गई थी और पूर्व में भी सालियान की मौत की जांच की गई है। महाराष्ट्र विधानपरिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने विशेष सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) न्यायाधीश बी. एच. लोया की मौत की एसआईटी से जांच कराए जाने की मांग की। दानवे ने नागपुर में विधानभवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, मैं मांग करता हूं कि न्यायाधीश लोया की मौत की भी एसआईटी जांच कराई जाए। अगर आप दिशा सालियान की मौत की जांच करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। राजनीति की जा रही है।

# बारिश से पहले रिंकू के बल्ले से बरसे रन



## भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच में बारिश ने डाला खलल

### भारतीय टीम ने 19.3 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए

**भाषा।** गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)

**दक्षिण अफ्रीका** के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले जा रहे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को बारिश के कारण भारतीय पारी के 20वें ओवर में रोकना पड़ा। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। बारिश के कारण खेल रोके जाते समय भारतीय टीम ने 19.3 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बना लिए हैं। भारतीय पारी का आकर्षण रिंकू सिंह की पहली अर्धशतकीय पारी रही। वह 39 गेंद में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 68 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। सूर्यकुमार ने 35 गेंद की पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाने के साथ तिलक वर्मा (29) के साथ तीसरे विकेट के लिए 24 गेंद में 49 रन की साझेदारी की मैच में भारत की वापसी कराई। रविंद्र जडेजा ने 14 गेंद में 19 रन का योगदान दिया। भारत के दोनों सलामी बल्लेबाज खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने 3.3 ओवर में 32 रन पर तीन विकेट लिए। तबरेज शम्सी ने हालांकि सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने चार ओवर में महज 18 रन देकर सूर्यकुमार का विकेट लिया।

## भारत ए के तेज गेंदबाज जूझते दिखे

### दक्षिण अफ्रीका ए ने बनाए पांच विकेट पर 298 रन

**पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका)।** जीन डुप्लेसिस ने पहले अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन भारत ए की लचर गेंदबाजी के सामने संयमित शतकीय पारी खेली जबकि रूबिन हरमान सैकड़े से महज पांच रन से चूक गए। पहला दिन बारिश के कारण धुल गया था। स्टंप तक डुप्लेसिस 207 गेंद में नाबाद 103 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे और दूसरे छोर पर इवान जोन्स पांच रन बनाकर खेल रहे थे। डुप्लेसिस ने दिन के अंतिम दूसरे ओवर में अपना सातवां प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। भारतीय कप्तान कोना भरत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन धीमी पिच पर इसका कोई फायदा नहीं मिला जिससे उनके तेज गेंदबाजों का आक्रमण जूझता नजर आया। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार (83 रन देकर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने हरमान को उनके शतक से पांच रन पहले पवेलियन भेजा। हरमान ने 146 गेंद में 15 चौकों से 95 रन बनाए। हरमान और डुप्लेसिस ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी बनाई। इस भारतीय ए टीम में केवल एक खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर है जिसके पास बाक्सिंग डे टेस्ट में खेलने का मौका है, उन्होंने 11 ओवर में 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया। मुंबई के इस आल राउंडर ने प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान ब्रायस पार्सन्स (24) को आउट किया। कोई भी भारतीय तेज गेंदबाज प्रभावित नहीं कर सका। विद्वत कवेरप्पा एलीट स्तर पर बल्लेबाजों को अपनी तेज रफ्तार से परेशान नहीं कर सके जबकि तुषार देशपांडे के पास शार्ट गेंद के अलावा ज्यादा वैरिएशन नहीं है।

## कथूनिया ने चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता योगेश कथूनिया ने मंगलवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों में एफ56 वर्ग की चक्का फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कथूरिया ने 40.09 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया। वह जब नौ साल के थे तो उन्हें गुइलेन-बैरी सिंड्रोम नाम की दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी हो गई थी। उत्तर प्रदेश के वीरभद्र सिंह (36.24 मीटर) दूसरे और तमिलनाडु के प्रकाश वी (33.91 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। भारत को पावर-लिफ्टिंग में पहला विश्व चैम्पियनशिप पदक दिलाने वाले परमजीत कुमार 49 किग्रा वर्ग में उम्मीदों पर खरा उतरते हुए 150 किग्रा के भारी वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता। गुजरात के दिलीप शुक्ला (121 किग्रा) और मायाभाई भाम्मर (105 किग्रा) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। जसप्रीत कौर ने पावरलिफ्टिंग में महिलाओं की 45 किग्रा स्पर्धा में 85 किग्रा के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता।

# अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में उदय की कप्तानी बरकरार

● जूनियर चयन समिति ने एशिया कप टीम की घोषित

**भाषा।** मुंबई





**उदय सहारन** अगले साल दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 विश्व कप में भारत का नेतृत्व करेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की जूनियर चयन समिति ने अंडर-19 एशिया कप में भाग ले रही टीम को बरकरार रखने का फैसला किया है। विश्व कप का आगाज 19 जनवरी से होगा। विश्व कप से पहले भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका में तीन देशों की श्रृंखला में भाग लेगी जिसमें तीसरी टीम इंग्लैंड है। विश्व कप और 29 दिसंबर से शुरु होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए के सौम्य कुमार पांडे टीम के उपकप्तान बने रहेंगे। बीसीसीआई ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद अंडर-19 टीम विश्व कप की तैयारी करेगी। पांच बार की चैम्पियन भारत को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए में है। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 20 जनवरी को ब्लोमफोंटेन में बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। टीम इसके बाद 25 और 28 जनवरी को क्रमश: आयरलैंड और अमेरिका के खिलाफ खेलेगी। अंडर-19 विश्व कप का फाइनल 11 फरवरी को बेनोनी में खेला जाएगा। त्रिकोणीय श्रृंखला और अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है: उदय सहारन (कप्तान), सौम्य कुमार पांडे (उप-कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, धनुष गौड़ा, अविनाश राव (विकेटकीपर), एम अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी। ट्रैवलिंग रिजर्व: प्रेम देवकर, अंश गोसाई, मोहम्मद अमान। गैर ट्रैवलिंग रिजर्व: दिग्विजय पाटिल, जयंत गोयत, पी विग्नेश, किरण चोरमले।

## आईसीसी ने मीरपुर पिच को असंतोषजनक माना

**मीरपुर (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच की मेजबानी करने वाले मीरपुर की पिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने असंतोषजनक करार देते हुए एक डिमेरिट अंकदिया है। आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून ने अपने आकलन में कहा कि पिच शायद पूरी तरह से तैयार नही हुई थी और स्पिनरों की गेंद कभी बल्लेबाजों के कंधे के ऊपर से निकली तो कभी गेंद काफी नीचे रही। न्यूजीलैंड की टीम ने ग्लेन फिलिप्स के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत यह मैच चार विकेट से जीतकर दो मैचों की श्रृंखला1-1 से बराबर की थी।

## क्लब के अध्यक्ष ने रैफरी को घूसा मारा, मैच निलंबित

**अंकारा (तुर्की)।** तुर्की फुटबॉल महासंघ ने देश में सभी लीग मुकाबलों को निलंबित कर दिया क्योंकि सोमवार को एक क्लब के अध्यक्ष ने शीर्ष स्तर के मैच के अंत में रैफरी के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया। एमकेई अंकारागुकु क्लब के अध्यक्ष फारूक कोका ने सोमवार को कायकुर रिजेस्पोर के खिलाफ सुपर लीग मैच में सीटी बजने के बाद रैफरी हलील उमुत मेलर पर हमला किया और घूंसा मारा। कोका के मुक्के से रैफरी मैदान पर गिर गया। मैच के बाद हाथापाई हुई जिसमें उन्हें लात भी मारी गई क्योंकि रिजेस्पोर ने अंतिम मिनट में बराबरी गोल दाग दिया था जिसके बाद खेल प्रशंसक पिच पर घुस गए थे।

## भारत के प्रदर्शन से तय हो सकती है कई टेस्ट की श्रृंखला : ब्यूमोंट

**नवी मुंबई।** इंग्लैंड की बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट को लगता है कि भारतीय टीम के घरेलू सरजमी पर होने वाले दो टेस्ट के प्रदर्शन से आगे लाल गेद की श्रृंखला में मैचों की संख्या निर्धारित हो सकती है। भारतीय महिला टीम 14 दिसंबर से शुरु हो रहे एकमात्र टेस्ट मे इंग्लैड से भिड़ेगी जिसके बाद घरेलू टीम 21 से 24 दिसंबर तक आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और टेस्ट मैच खेलेगी। ब्यूमोंट ने मंगलवार को यहां इंग्लैड के ट्रेनिंग सत्र के बाद मीडिया से कहा, ड्रेसिंग रूम मे हर खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट खेलना ज्यादा पसंद करेगी। मुझे यह देखने मे दिलचस्पी है कि भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले टेस्ट की तुलना मे हमारे खिलाफ टेस्ट मे कैसा प्रदर्शन करती है।

## सीईओ पद से हट जाएंगे डब्ल्यूटीए चेयरमैन सिमोन

**वाशिंगटन।** डब्ल्यूटीए ने मंगलवार को घोषणा की कि स्टीव सिमोन महिला टेनिस टूर मे अपनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की जिम्मेदारियां छोड़ देंगे जबकि कार्यकारी चेयरमैन की भूमिका मे बने रहेंगे। डब्ल्यूटीए के शीर्ष पदो मे आगामी बदलाव मे एक नए सीईओ को नियुक्त किया जाएगा जो सिमोन को रिपोर्ट करेगा। वही डब्ल्यूटीए अध्यक्ष मिकी लॉलर भी पद छोड़ देंगी लेकिन उनकी जगह किसी को नही लाया जाएगा। वह 2014 से यह भूमिका निभा रही थी।

## महिला विश्व कप में खिलाड़ी आनलाइन अभद्रता की शिकार

**ज्यूरिख।** महिला विश्व कप फुटबॉल मे पुरूष विश्व कप की तुलना मे आनलाइन अभद्रता के 29 प्रतिशत अधिक मामले सामने आए। यहां सोमवार को जारी एक रिपोर्ट मे यह जानकारी दी गई। फीफा और वैश्विक खिलाड़ियों के संघ फिफप्रो के अनुसार, महिला विश्व कप मे हर पांच मे से एक खिलाड़ी को धमकी भरे, पक्षपातपूर्ण और अभद्र संदेश भेजे गए। उन्होंने फीफा की सोशल मीडिया प्रोटेक्शन सर्विस (एसएमपीएस) के आंकड़े जारी किए। एसएमपीएस का काम खिलाड़ियों, टीमो और अधिकारियो का आनलाइन अभद्रता और नफरत फैलाने वाली सामग्री से बचाव करना है।

## अंडर 19 एशिया कप : नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**भाषा।** दुबई

**तेज गेंदबाज** राज लिम्बानी ने 13 रन देकर सात विकेट लिए जिसकी मदद से भारत ने नेपाल को दस विकेट से हराकर अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नेपाल को 22 . । ओवर में सिर्फ 52 रन पर आउट करने के बाद हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी (नाबाद 43 रन) के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने सिर्फ 7 . । ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।



पिछले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आठ विकेट से हारी भारतीय टीम को नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए आखिरी लीग मैच हर हालत में जीतना था। पहले दोनों मैच हारकर नेपाल पहले ही दौड़ से बाहर हो चुका था। नेपाल का कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका। बड़ौदा के 18 वर्ष के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने किसी भी नेपाली बल्लेबाज को टिकने ही नहीं दिया। लिम्बानी का यह प्रदर्शन हालांकि अंडर 19 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने लाहौर में 2004 में जूनियर एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ 16 रन देकर नौ विकेट लिए थे। नेपाल के लिए सर्वाधिक आठ रन हेमंत धामी ने बनाए। वहीं अर्शिन ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े।

# टेस्ट मानसिकता में ढलने के लिए टीम को कोच अमोल मजूमदार के अनुभव पर भरोसा : मंधाना




**भाषा।** नवी मुंबई

**लंबे समय** के बाद टेस्ट मैच खेलने को तैयार भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को यहां कहा कि उनकी युवा टीम के साथी इंग्लैंड के खिलाफ लाल गेंद प्रारूप के इस मैच की मानसिकता में ढलने के लिए नए मुख्य कोच अमोल मजूमदार से सीखने की कोशिश कर रहे हैं। भारत ने दो साल पहले जून और सितंबर में क्रमश: इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में एक-एक टेस्ट खेला था। यह दोनों चार दिवसीय मुकाबले ड्रा रहे थे। भारत की तुलना में इंग्लैंड को लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का हालिया अनुभव ज्यादा है। टीम ने इस साल जून में महिला एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट खेला था। अपने एक दशक लंबे करियर में सिर्फ चार टेस्ट खेलने वाली मंधाना का मानना है कि गुरुवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय मुकाबले से पहले घरेलू क्रिकेट के पूर्व दिग्गज और कप्तान मजूमदार की उपस्थिति टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है।मंधाना ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा, हमारे पास अमोल सर के रूप में एक अनुभवी कोच है। उन्हें रणजी ट्रॉफी में खेलने का आपार अनुभव है। वह चार दिवसीय मैच खेलने के आदी रहे है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में दो-तीन खिलाड़ियों को मिलाकर जितना अनुभव है उससे ज्यादा अनुभव उन्हें है। मैं देख सकती हूं कि टीम की कई खिलाड़ी उनसे मानसिकता के बारे में पूछ रही थी। भारतीय खिलाड़ी पिछले दो साल से टेस्ट क्रिकेट से दूर हो लेकिन टीम ने मजूमदार की देखरेख में अक्टूबर में चार दिवसीय मैच का अभ्यास किया था। बेंगलुरु में अभ्यास शिविर के दौरान टीम ने आपस में ही चार दिवसीय मैच खेला था।

## महिला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की पैरवी की

**नवी मुंबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने महिला टेस्ट क्रिकेट मे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सुझाव का स्वागत किया लेकिन इंग्लैड की अनुभवी खिलाड़ी टैमी ब्यूमोंट ने कहा कि जब तीन ही देश नियमित टेस्ट खेल रहे है तो ऐसी प्रतिस्पर्धा अनुचित है। पुरूष क्रिकेट मे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2019-21 मे शुरू हुई। फिलहाल इसका तीसरा सत्र चल रहा है। महिला क्रिकेट मे ऐसी कोई स्पर्धा नही है। महिला क्रिकेट में सिर्फ भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैड ही नियमित टेस्ट क्रिकेट खेलते है हालांकि उसमें भी लंबा अंतराल रहता है। मंधाना ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व मीडिया से बातचीत मे कहा , मै विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा बनना चाहूंगी लेकिन यह बोर्ड और आईसीसी को तय करना है। मैने पुरूष टेस्ट क्रिकेट काफी देखा है लेकिन इस तरह की स्पर्धा का हिस्सा बनना रोमांचक होगा। लेकिन यह फैसला प्रशासकों को लेना है। भारत और इंग्लैड यहां बृहस्पतिवार से एक टेस्ट खेलेंगे।

## एमी खिताबी हैट्रिक पूरी करने की दौड़ में



**चेन्नई।** गत चैंपियन एमी कमानी ने मंगलवार को यहां 90वीं सीनियर राष्ट्रीय क्यू स्पोर्ट्स (स्नूकर और बिलियर्ड्स) प्रतियोगिता के 15-रेड महिला स्नूकर के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाकर खुद को इस आयोजन के तीसरे खिताब की दौड़ मे बनाए रखा। महिलाओं की 6-रेड स्नूकर का ताज दोबारा हासिल करने के दो दिन बाद एमी ने 15-रेड प्री-क्वार्टर फाइनल मे तमिलनाडु की स्नेथ्रा बाबू को 2-0 (65-12, 55-44) से हराया। वह इस तरह से एक ही वर्ष मे तीन खिताब (6-रेड स्नूकर, 15-रेड स्नूकर और बिलियर्ड्स) की सफलता को दोहराने के रास्ते पर है। एमी इससे पहले 2017 मे ऐसा करने मे सफल रही है। इस बीच, अनुभवी आर उमादेवी ने क्वार्टर फाइनल मे पहुंचने वाली कर्नाटक की तिकड़ी का नेतृत्व किया जिसमे विद्या पिल्लई और पिछले साल की उपविजेता कीर्तन पांडियन भी शामिल है। तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन और आरटी मोहिता भी अंतिम आठ मे जगह बनाने मे सफल रही। पुरुष स्नूकर राउंड-रोबिन लीग मे अब्दुल खादर (तमिलनाडु) ने शोएब खान (आरएसपीबी) और अनुज उप्पल (दिल्ली) ने शाहबाज आदिल खान (पीएसपीबी) को हराया।

## मिलर, एनगिडी, शम्सी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं बांड

**पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)।** पार्ल रॉयल्स के नव नियुक्त कोच शेन बांड 10 जनवरी से शुरू हो रहे एसए20 लीग के दूसरे सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष स्टार जैसे डेविड मिलर, तबरेज शम्सी और लुंगी एनगिडी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है। एसए20 (दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग) के दूसरे सत्र का शुरूआती मैच सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। मै 10 साल के बाद दक्षिण अफ्रीका वापस आ रहा हूं इसलिए मै काफी उत्साहित हूं क्योंकि यह क्रिकेट खेलने के लिए वास्तव मे काफी अच्छी जगह है। मै मिलर, एनगिडी और शम्सी के साथ काम करने के मौके को लेकर भी काफी उत्साहित हूं। दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट के प्रति जुनून और इसकी लोकप्रियता काफी अधिक है, विशेषकर सफेद गेंद के टूर्नामेंट जैसे एसए20 में।

## सिद्धांत, आयुष, हर्षिल ओडिशा मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कटक।** सिद्धांत गुप्ता, आयुष शेट्टी और हर्षिल सानी ने सोमवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मे ओडिशा मास्टर्स 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के शुरूआती दिन पुरुष एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के शुरूआती दिन ज्यादातर क्वालीफायर दौर के मुकाबले हुए। इस बीच पुरुष एकल वर्ग पहले दौर के चुनिंदा मैच भी खेले गए। सिद्धांत ने हेमंत एम गौड़ा पर सीधे गेमो मे 21-10, 22-20 से जीत हासिल की लेकिन आयुष को थारून मन्नेपल्ली को 21-19 16-21 21-14 से हराने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। हर्षिल ने भी कड़े मुकाबले में आलाप मिश्रा के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद 18-21, 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में रवि ने अभिषेक एलिगर को सीधे गेम मे 21-11, 21-14 से हराया। दिन के अंतिम मुकाबले मे ऋत्विक संजीवी सतीश कुमार ने अरुणेश हरि पर 21-16, 21-11 से आसान जीत दर्ज की। इससे पहले विशाल वासुदेवन इंडोनेशिया के अलवी फरहान से तीन गेम तक चले मुकाबले में 10-21, 21-9, 16-21 से हार गए।

## अश्विनी-तनीषा की जोड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 24वें पर




**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला बैडमिंटन युगल टीम अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग मे चार पायदान चढकर 24वे स्थान पर पहुंच गई। 34 वर्ष की अश्विनी और 20 वर्ष की तनीषा ने इस साल जनवरी मे साथ खेलना शुरू किया था। दोनो ने रविवार को गुवाहाटी मास्टर्स मे चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन और यू चिएन हुइ को सीधे गेम में हराकर दूसरा सुपर 100 खिताब और तीसरा महिला युगल खिताब जीता। भारत की ही गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली 19 टूर्नामेंटो मे 49435 अंक के साथ 19वे स्थान पर है। लक्ष्य सेन पिछले दो सप्ताह से नही खेलने के बावजूद एक पायदान चढकर 17वे स्थान पर है। एशियाई खेलो के चैम्पियन सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी दूसरे नंबर पर हैं।

## यह सही फैसला था, भारत दौरे से बाहर किए जाने पर बोले वोक्स

**ब्रिजटाउन।** तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से उन्हे बाहर रखकर इंग्लैड ने सही फैसला किया है क्योंकि उपमहाद्वीप मे उनका रिकॉर्ड अच्छा नही है। 34 वर्ष के वोक्स को पांच टेस्ट मैचो की श्रृंखला के लिए इंग्लैड की 16 सदस्ईय टीम मे नही चुना गया है। पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। मिले जुले जज्बात हैं। आप हमेशा टेस्ट टीम का हिस्सा बनना चाहते है। लेकिन मेरी उम्र और उपमहाद्वीप मे मेरे रिकॉर्ड को देखते हुए यह सही फैसला था। वोक्स ने इंग्लैड मे 21 . 88 की औसत से गेंदबाजी की है लेकिन विदेश मे उनका औसत 51 . 88 है। भारत में 2016 मे तीन टेस्ट में उन्होंने 81 . 3 की औसत से तीन ही विकेट लिए। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट मे मैने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंग्लैड मे ही किया है। ऐसा नही है कि उपमहाद्वीप के दौरो पर अब मै उपलब्ध नही रहूंगा लेकिन मुझे इस फैसले से भी कोई परेशानी नही है। मुझे पूरी सूचना दी गई थी और मुझे कोई मलाल नही है।

## भारतीय स्पिनर बैजबॉल की धज्जियां उड़ा सकते हैं : वॉन

**लंदन।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले इंग्लैड को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत के खतरनाक स्पिन आक्रमण के सामने बैजबॉल शैली पूरी तरह से नाकाम साबित हो सकती है। इंग्लैड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के उपनाम बैज के आधार पर टीम के आक्रामक तेवरों को बैजबॉल नाम दिया गया है। पिछले डेढ साल में क्रिकेट जगत मे इसके चर्चे है और इंग्लैड ने पिछले 18 मे से 13 टेस्ट जीते है। वॉन ने फॉक्सस्पोर्टस डॉट कॉम डॉट एयू से कहा , दुनिया मे सबसे ज्यादा कठिन भारत में खेलना है। एशेज मे नाथन लियोन ने भी आपको परेशान किया था और आस्ट्रेलिया ने 2 . 0 से बढत बना ली थी। लॉडर्स मे पहली पारी मे कुछ ओवरो मे ही नाथन ने वह कमाल किया था। वह अकेला स्पिनर था और एजबस्टन मे उसने पांच विकेट लिए थे।

## एशियाई चैम्पियनशिप में नही खेल पाएंगे मीराबाई चानू

**नई दिल्ली।** चोटिल मीराबाई चानू की वापसी मे और विलंब होगा क्योंकि ओलंपिक रजत पदक विजेता यह भारोत्तालक अगले साल फरवरी मे होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में नहीं खेल पाएंगी। पूर्व विश्व चैम्पियन चानू अब भी अक्टूबर मे एशियाई खेलो के दौरान लगी हिप टेंडिनाईटिस चोट से उबर रही है। 49 किग्रा वजन वर्ग मे हिस्सा लेने वाली चानू ने आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री दो मे भी कोई वजन नही उठाया। उम्मीद थी कि वह उज्बेकिस्तान के ताशकंद मे तीन से 10 फरवरी तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप तक फिट हो जाएंगी। लेकिन चानू ने मंगलवार को पीटीआई से कहा, मै इस बार एशियाई चैम्पियनशिप में हिस्सा नही लूंगी। बल्कि मै विश्व कप मे शिरकत करूंगी।

# नीदरलैंड को हराकर भारत सेमीफाइनल में

● जूनियर हॉकी विश्व कप : मुकाबला जर्मनी से

**भाषा।** कुआलालंपुर




**दो गोल से** पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी विश्व कप में नीदरलैंड जैसी मजबूत टीम को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से खेलेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज भारत और नीदरलैंड के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। हाफटाइम तक डच टीम 2-0 से आगे थी लेकिन उसके बाद भारत ने वापसी की और दूसरे हाफ में चार गोल दागे। नीदरलैंड के लिए टिमो बोएर्स (पांचवां मिनट), पेपिन वान डेर हेडेन (16वां मिनट) और ओलिवियर होर्टेनसियस (44वां मिनट) ने गोल किए जबकि भारत के लिए आदित्य लालागे (34वां मिनट), अराइजीत सिंह हुंडल (36वां मिनट) ,आनंद कुशवाह (52वां मिनट) और कप्तान उत्तम सिंह (57वां मिनट) ने गोल दागे। नीदरलैंड टीम ने पहले ही क्वार्टर से आक्रामक शुरूआत करते हुए पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे बोएर्स ने गोल में बदला। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में वान डेर हेडेन ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके टीम को 2-0 की बढत दिला दी जो हाफटाइम तक बनी रही। तीसरे क्वार्टर में भारत ने शानदार वापसी की जिसके सूत्रधार रहे अराइजीत सिंह। उन्होंने 34वें मिनट में लालागे के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और दो मिनट बाद पेनल्टी स्ट्रोक को तब्दील करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में ही डच टीम ने फिर बढत बनाई जब ओलिवियर ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया। आखिरी दस मिनटों में भारतीय टीम ने जबर्दस्त हॉकी का प्रदर्शन करते हुए दो गोल कर डाले। कुशवाह ने 52वें मिनट में रिबाउंड पर गोल करके स्कोर बराबर किया। भारत को 57वें मिनट में महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर गोल करने में कप्तान उत्तम सिंह ने चूक नहीं की। आखिरी दो मिनटों में डच टीम ने बराबरी का गोल करने की भरसक कोशिश की लेकिन भारतीय डिफेंस चट्टान की तरह अडिग रहा। आखिरी क्वार्टर में रोहित ने लगातार छह पेनल्टी कॉर्नर बचाए और उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

## अनवर अली एशिया कप संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत को** 12 जनवरी से कतर में शुरू होने वाले एएफसी एशियाई कप में अपने मुख्य सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की कमी खलेगी जो टखने की चोट के कारण इस प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। भारत ने गुरुवार को 50 सदस्ईय संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें से 23 वर्षीय अली को बाहर रखा गया है क्योंकि उनके दाएं टखने में फ्रेक्चर हो गया है। अली की चोट से मुख्य कोच इगोर स्टिमक की योजना प्रभावित होगी जिन्होंने संभावित खिलाड़ियों में मिडफील्डर जैकसन सिंह को शामिल करने का जोखिम लिया है क्योंकि केरला ब्लास्टर का यह खिलाड़ी भी कंधे की चोट से जूझ रहा है।

# एक फरवरी को होगी मेस्सी और रोनाल्डो की टक्कर

●सउदी अरब में दो मैच खेलेगी इंटर मियामी




**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** दुनिया भर के फुटबालप्रेमियों को जिस मुकाबले का इंतजार था , वह एक फरवरी को सउदी अरब में होगा जब लियोनेल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीमें आमने सामने होंगी। मेस्सी की टीम इंटर मियामी ने सोमवार को पुष्टि की कि वह सउदी अरब में रियाद सीजन कप खेलेगी। उसका सामना अल हिलाल से 29 जनवरी को और रोनाल्डो की टीम अल नासर से एक फरवरी को होगा। सउदी प्रो लीग में ए दोनों क्लब शीर्ष पर हैं और रोनाल्डो लीग में सर्वाधिक गोल कर चुके हैं। इंटर मियामी के खेल निदेशक क्रिस हेंडरसन ने कहा , इन मैचों से हमें नए सत्र की तैयारी में मदद मिलेगी। अल हिलाल और अल नासर जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमें खुद को आजमाने का मौका मिलेगा। मेस्सी और रोनाल्डो क्लब और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 35 बार आमने सामने रहे हैं जिनमें से मेस्सी की टीम ने 16 और रोनाल्डो की टीम ने 10 मैच जीते हैं जबकि नौ मैच ड्रॉ रहे। इन मैचों में मेस्सी ने 21 गोल किए और 12 में सहायक रहे जबकि रोनाल्डो ने 20 गोल किए और एक में सहायक रहे। मेस्सी ने मई में सउदी अरब पर्यटन के प्रचार के लिए एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था जिसकी वजह से उनकी पूर्व टीम पेरिस सेंट जर्मेन ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

## पैरालंपिक और पैरा एशियाड में देश के लिए पदक जीतना चाहता हूं: रनर राजेश

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के ब्लेड रनर राजेश ने जीवन की सारी चुनौतियों से पार पाते हुए पहले खेलो इंडिया पैरा खेलों की टी64 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता और लंबी कूद में पांचवें स्थान पर रहे। उनके इस प्रदर्शन को हजारों किलोमीटर दूर तमिलनाडु के तम्बारम में उनके कॉलेज में बड़ी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया क्योंकि कॉलेज प्रशासन चाहता था कि प्रत्एक छात्र राजेश से प्रेरणा ले। राजेश का जन्म बिलकुल सामान्य बच्चे की तरह हुआ था लेकिन एक इंजेक्शन की सुई उनके पैर के अंदर टूटने से उनके पैरों में संक्रमण हो गया और जहर फैलने से बचने के लिए उनके पैरों को काटना पड़ा। वह 10 महीने के थे, तब से प्रोस्थेटिक्स (कृत्रिम अंक) पहन रहे हैं और जब वह सातवीं कक्षा में थे तो उनके माता-पिता अलग हो गए। उन्हें और उनके जुड़वां भाईयों को उनके दादा ने ही पाला जो ऑटोरिक्शा चलाते हैं।

## जयप्रकाश को दूसरा स्थान, मिली बधाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्ट्रारनर जयप्रकाश सिंह ने हाल ही में आयोजित आईएयू 24 हॉवर विश्व रनिंग चैंपियनशिप-2023 में अपने आयु वर्ग में दूसरा स्थान हासिल करते हुए भारत का परचम लहराया। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर एआईयू द्वारा ताइवान की राजधानी ताइपे में चीनी ताइपे अल्ट्रारनर की ओर से गत 1-2 2023 को आयोजित इस चैंपियनशिप में जयप्रकाश ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुष 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि उन्हें ओपन श्रेणी में ओवरऑल 26वां स्थान हासिल हुआ। इस उपलब्धि के साथ भारत वापसी के बाद अयोध्या के रहने वाले जयप्रकाश सिंह ने उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाआनन्देश्वर पाण्डेय से मुलाकात की। पाण्डेय ने इस उपलब्धि के लिए जयप्रकाश सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। उन्होने कहा कि जयप्रकाश ने अपनी इस सफलता से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। मै आपको जो भी बेहतर संभव होगाए वो सुविधा आपको दिलाने के लिए प्रयास करूंगा। बताते चले कि 24 हॉवर विश्व रनिंग चैंपियनशिप में 38 साल के जयप्रकाश सिंह 24 घंटे लगातार दौड़ लगाते हुए 153-800 किमीकी दूरी तय करते हुए अपने आयु वर्ग में दूसरे स्थान पर रहे। इसके साथ ही उन्हें ओपन श्रेणी में ओवरऑल 26वां स्थान हासिल किया।

## गियर ने पैरामाउंट क्लब को 21 रन से हराया

**लखनऊ।** गियर क्रिकेट क्लब ने प्रथम तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में पैरामाउंट क्रिकेट क्लब के खिलाफ21 रन से जीत दर्ज की। पैरामाउंट क्लब से वत्सल सिंह ने उम्दा खेल दिखाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। गियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 246 रन का स्कोर बनाया। अल्तमश खान 32 और अरीब किदवई 47 ने पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। विशाल मोदनवाल ने पांच विकेट हासिल किए। जवाब में पैरामाउंट क्लब 40 ओवर में 7 विकेट पर 225 रन ही बना सका और जीत से मात्र 21 रन दूर रह गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।